आज का मौसम
33.0° अधिकतम तापमान
20.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.29
सूर्यास्त 06.17

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष षष्ठी 11:27 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 9 मार्च 2026, वर्ष 7, अंक 103, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये

# अद्वितीय ... अकल्पनीय




जीत के बाद ट्रॉफी के साथ टीम इंडिया।

# भारत तीसरी बार विश्व विजेता

## मेजबान टीम ने पहली बार जीता टी-20 वर्ल्डकप का खिताब

### भारत की 96 रन की सबसे बड़ी जीत

**संजू सैमसन प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने**

**जसप्रीत बुमराह को प्लेयर ऑफ द मैच**

अहमदाबाद, एजेंसी

सूर्यकुमार यादव की टीम ने भारतीय क्रिकेट का एक और स्वर्णिम अध्याय लिखते हुए रविवार को न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर भारत को तीसरी बार टी-20 विश्व कप दिलाया। मैच में संजू सैमसन की भूमिका अहम रही तो जसप्रीत बुमराह के योगदान को भी याद रखा जाएगा। भारतीय टीम लगातार दूसरी बार टी-20 विश्व कप जीतने वाली पहली पुरुष अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट टीम बनी।

इसके साथ ही तीन साल पहले इसी मैदान पर आस्ट्रेलिया से वनडे विश्व कप फाइनल हारने वाली रोहित शर्मा की टीम के पुराने जख्मों पर भी मरहम लग गया होगा। संजू सैमसन ने 46 गेंद में 89 और अभिषेक शर्मा ने 21 गेंद में 52 रन बनाकर भारत को पावरप्ले में ही 98 रन तक पहुंचाते हुए जीत की नींव रख दी थी । भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर पांच विकेट पर 255 रन बनाए। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनेर को कोल मैकोंची की जगह जैकब डफी को अंतिम एकादश में उतारने का खामियाजा भुगतना पड़ा। करीब 86000 दर्शकों के सामने न्यूजीलैंड की टीम 159 रन पर आउट हो गई। मुंबई के चैंबूर में रहने वाले सूर्यकुमार ने अपना नाम महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा के बाद टी20 विश्व कप जीतने वाले कप्तानों में शामिल कर लिया। वहीं लगातार दो टी-20 विश्व कप जिताने वाले कोच गौतम गंभीर के योगदान को भी भुलाया नहीं जा सकता।

जसप्रीत बुमराह ने एक बार फिर चार ओवर में 15 रन देकर चार विकेट चटकाते हुए साबित कर दिया कि वह दुनिया के नंबर एक तेज गेंदबाज क्यो है। उनका इस विश्व कप में प्रदर्शन क्रिकेट की किवदंतियों में शुमार रहेगा। आईपीएल के बड़े बड़े सितारों से भरी यह भारतीय टीम पहले ही से खिताब की सबसे प्रबल दावेदार मानी जा रही थी । हर मैच में एक नये 'मैच विनर' के साथ यह दावा और पुख्ता होता चला गया। भारतीय क्रिकेट में 2007 में पहले टी20 विश्व कप में मिली खिताबी जीत अगर ऐतिहासिक थी तो इस जीत को भी 2023 के जख्मों पर मरहम के रूप में याद रखा जायेगा। पूरे टूर्नामेंट में खराब फॉर्म से जूझ रहे अभिषेक शर्मा का बल्ला फाइनल में खूब चला । वहीं सैमसन ने अपने कैरियर का सबसे यादगार प्रदर्शन करते हुए पूरे देश का दिल जीता।



विश्व कप में भारत की जीत के बाद बरेली के डीडीपुरम चौराहे पर जश्न मनाते खेल प्रेमी। ● अमृत विचार

### अपार खुशी और गर्व का विषय : राष्ट्रपति मुर्मू



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संदेश साझा कर इस जीत को एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया और कहा कि भारत तीन बार यह कप जीतने वाला एकमात्र देश बन गया है। राष्ट्रपति ने कहा कि लगातार दो बार विश्व कप जीतना क्रिकेट प्रेमी भारतीयों के लिए अपार खुशी और गर्व का विषय है। उन्होंने पूरी टीम, प्रबंधन और सहयोगी स्टाफ की सामूहिक जीत की सराहना की और इसे भारत की समृद्ध युवा प्रतिभा का प्रमाण बताया।

### कौशल, दृढ़ संकल्प और बेहतरीन टीम वर्क : मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टी20 वर्ल्ड कप में भारत की ऐतिहासिक जीत के बाद एक विशेष बधाई संदेश साझा किया। उन्होंने टीम को चैंपियंस कहकर संबोधित किया और आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप जीतने पर पूरी टीम को हार्दिक बधाई दी। पीएम ने कहा कि यह शानदार जीत खिलाड़ियों के असाधारण कौशल, दृढ़ संकल्प और बेहतरीन टीम वर्क का परिणाम है। उन्होंने इस जीत को राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बताया और कहा कि इस प्रदर्शन ने हर भारतीय का दिल गर्व और खुशी से भर दिया है।

### आज फिर आसमान तिरंगा हो गया : योगी



मुख्यमंत्री योगी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, जयतु भारतम्! आज फिर आसमान 'तिरंगा' हो गया, 145 करोड़ भारतवासियों को हार्दिक बधाई। विश्व विजेता भारतीय क्रिकेट टीम का हृदयतल से अभिनंदन। उन्होंने टीम को अजेय भारत बताते हुए कहा कि यह जीत हर भारतीय के लिए गर्व और उल्लास का क्षण है। योगी ने टीम के बेहतरीन अनुशासन की सराहना की। कहा कि टीम इंडिया ने फिर सिद्ध कर दिया है कि जब साहस और संकल्प एक साथ मैदान में उतरते हैं, तो विजय सुनिश्चित होती है।

## भारतीय कप्तान बोले-बुमराह एक राष्ट्रीय धरोहर हैं



**अहमदाबाद।** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने रविवार को तीसरा आईसीसी टी20 विश्व कप खिताब जीतने के बाद जसप्रीत बुमराह को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए 'राष्ट्रीय धरोहर' करार दिया। सूर्यकुमार ने मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में कहा, बुमराह एक पीढ़ी में एक बार आने वाले गेंदबाज हैं। मैं उन्हें राष्ट्रीय धरोहर कह सकता हूं। उन्हें पता है कि विकेट कैसे झटके जा सकते हैं, वह इस खेल के सबसे बेहतरीन खिलाड़ी हैं। बुमराह ने फाइनल में चार ओवर में 15 रन देकर चार विकेट झटककर शानदार गेंदबाजी की और न्यूजीलैंड को 159 रन पर आउट करने में अहम भूमिका निभाई।



जीत के बाद मैदान में ही खिलाड़ियों ने मनाया जश्न।

| भारत | न्यूजीलैंड |
|---|---|
| 255/5 | 159/10 |

### कब और किसने, कितनी बार जीता टी20 वर्ल्ड कप

- 2007 – भारत
- 2009 – पाकिस्तान
- 2010 – इंग्लैंड
- 2012 – वेस्टइंडीज
- 2014 – श्रीलंका
- 2016 – वेस्टइंडीज
- 2021 – ऑस्ट्रेलिया
- 2022 – इंग्लैंड
- 2024 – भारत
- 2026– भारत

### इन रन वीरों ने किया कमाल

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| संजू सैमसन | 89 रन | 46 गेंद | 8 छक्के | 5 चौके |
| ईशान किशन | 54 रन | 25 गेंद | 4 छक्के | 4 चौके |
| अभिषेक शर्मा | 52 रन | 21 गेंद | 3 छक्के | 6 चौके |

### इन गेंदबाजों ने पलटी बाजी

| | | | |
|---|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह | 4 ओवर | 15 रन | 4 विकेट |
| अक्षर पटेल | 3 ओवर | 27 रन | 3 विकेट |

### बादशाहत कायम

भारत पहला ऐसा देश बन गया है जिसने तीन बार (2007, 2024 और 2026) टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता है। इससे पहले इंग्लैंड और वेस्टइंडीज ने 2-2 बार यह खिताब जीता था।

टीम इंडिया ने आईसीसी के इतिहास में पहली बार 'बैक-टू-बैक' यानी लगातार दो बार (2024 और 2026) टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर कीर्तिमान स्थापित किया है।

भारतीय टीम अब आईसीसी टूर्नामेंट के इतिहास में रिकॉर्ड 15वीं बार फाइनल में पहुंचने वाली टीम बन गई है।

भारत ने फाइनल में 255/5 का स्कोर बनाया, जो किसी भी टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है।

टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास में अपनी ही धरती पर खिताब जीतने वाली पहली टीम बन गई है। 2007 में टूर्नामेंट की शुरुआत से अब तक मेजबान देश ने अपने घर में यह ट्रॉफी नहीं जीती थी।



सोने में बना रह सकता है उतार चढ़ाव - 10




कच्चे तेल की आपूर्ति के लिए भारत ने खोजे वैकल्पिक स्रोत - 10



राष्ट्रीय मुर्मू ने कहा कि अवसर मिलने पर हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं महिलाएं - 11



पॉप स्टार रिकी मार्टिन ने विश्व कप से पहले धूम मचाई - 12



आज का मौसम
33.0° अधिकतम तापमान
20.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.29
सूर्यास्त 06.17

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष षष्ठी 11:27 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 9 मार्च 2026, वर्ष 7, अंक 103, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये


# पश्चिम एशिया में जंग तेज, ईरानी ड्रोन ने बहरीन में जल संयंत्र को पहुंचाया नुकसान

## ईरान के नए सुप्रीम लीडर के नाम पर बनी सहमति, नहीं किया आधिकारिक एलान

- इजराइल ने कहा- वह खामेनेई के हर उत्तराधिकारी को बनाएंगा निशाना

दुबई, एजेंसी

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के नौवें दिन इजराइल ने रविवार तड़के दक्षिणी लेबनान पर हमले तेज कर दिए और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने युद्ध के अगले चरण में कई आश्चर्यजनक कदम उठाए जाने की चेतावनी दी। हमलों के बीच बहरीन ने आरोप लगाया कि ईरान के ड्रोन हमले से उसके एक विलवणीकरण संयंत्र को नुकसान पहुंचा है।

नौ दिनों के युद्ध के दौरान किसी अरब देश द्वारा ईरान के किसी विलवणीकरण (खारे पानी को पीने योग्य बनाना) संयंत्र को निशाना बनाने की घटना की जानकारी देने का यह पहला मामला है। फारस की खाड़ी के तट पर सैकड़ों विलवणीकरण संयंत्र स्थित हैं और इस क्षेत्र के अरब देश पीने के पानी के लिए इन संयंत्रों पर बहुत अधिक निर्भर हैं। ईरान की असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स के सदस्य अयातुल्ला मोहसिन हेदरी अलेकासिर ने कहा है कि नए सुप्रीम लीडर के लिए एक उम्मीदवार का चयन कर लिया गया है। हालांकि नाम का खुलासा नहीं किया है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए इजराइल ने कहा कि खामेनेई के हर उत्तराधिकारी को निशाना बनाएंगे। बहरीन ने कहा कि ईरान के ड्रोन हमले से उसके एक विलवणीकरण संयंत्र को नुकसान पहुंचा है। राष्ट्रपति ट्रंप और नेतन्याहू ने नौ दिन पुराने अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है, जिसका असर पूरे क्षेत्र में फैल चुका है और फिलहाल इसका कोई अंत नजर नहीं आ रहा है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने रविवार को पश्चिम एशिया में अमेरिकी ठिकानों पर हमले तेज करने की धमकी दी। लेबनान में हुए हाल के हमलों में 12 और लोग मारे गए, जिससे वहां मरने वालों की संख्या बढ़कर 300 से अधिक हो गई है। उसकी सेना ने कहा कि यह हमला ईरान समर्थित बलों को खत्म करने के उद्देश्य से किया गया था। इससे पहले इजराइल ने लेबनान के बड़े हिस्से को खाली करने का आदेश दिया था।



तेहरान शहर में एक तेल भंडारण सुविधा पर अमेरिका-इजराइल के हमले से उठे धुएं के घने गुबार।

### तेहरान के तेल भंडारण क्षेत्र को बनाया निशाना

पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते संघर्ष के बीच ईरान की राजधानी तेहरान में एक तेल भंडारण सुविधा के ऊपर आग की लपटें उठती दिखीं। इजराइल की सेना ने पुष्टि की कि उसने तेहरान में ईंधन भंडारण केंद्रों पर हमला किया। ऐसा प्रतीत होता है कि युद्ध में पहली बार किसी असैन्य औद्योगिक प्रतिष्ठान को निशाना बनाया गया है।

### ईरान ने 16 बैलिस्टिक मिसाइलें और 117 ड्रोन दागे

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का कहना है कि ईरान ने रविवार को ताजा हमलों में 16 बैलिस्टिक मिसाइलें और 117 से अधिक ड्रोन दागे हैं। यूएई के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने सभी 16 मिसाइलों को मार गिराया, जबकि 17वीं मिसाइल समुद्र में गिर गई। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने ईरान की ओर से दागे गए अधिकांश ड्रोन को आसमान में ही नष्ट कर दिया, लेकिन चार ड्रोन संयुक्त अरब अमीरात की धरती पर गिरे। इससे पहले, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने इजराइल और अमेरिका द्वारा जारी हमलों के मद्देनजर रविवार को पूरे क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों पर हमले बढ़ाने की धमकी दी थी।

# राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल उल्लंघन पर केंद्र सख्त, बंगाल सरकार से मांगा जवाब

- मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और डीजीपी की अनुपस्थिति का कारण पूछा
- जिस रूट से वह गुजरी वहां थी गंदगी, वॉशरूम में पानी की कमी

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति मुर्मू के पश्चिम बंगाल दौरे में प्रोटोकॉल के उल्लंघन को लेकर उपजे विवाद के बीच, केंद्र सरकार ने राज्य सरकार से रविवार शाम पांच बजे तक प्रोटोकॉल, स्थल और मार्ग व्यवस्था से संबंधित उल्लंघनों पर जवाब देने को कहा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को एक पत्र लिखकर 'ब्लू बुक' के नियमों के उल्लंघन, प्रोटोकॉल, स्थल और मार्ग व्यवस्था के बारे में जवाब देने के लिए कहा है।

'ब्लू बुक' एक गोपनीय दस्तावेज है जिसमें राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं उनके परिवारों की सुरक्षा और प्रोटोकॉल के नियमों की सूची है। राष्ट्रपति मुर्मू ने शनिवार को बागडोगरा हवाईअड्डे के पास आदिवासी समुदाय के एक कार्यक्रम में कम लोगों की उपस्थिति पर निराशा व्यक्त की और बिधाननगर की जगह इस स्थान पर कार्यक्रम आयोजित करने के फैसले को लेकर सवाल उठाया। उच्च पदस्थ सूत्रों ने कहा कि बंगाल के मुख्य सचिव को भेजे गए पत्र में राष्ट्रपति के राज्य में आगमन के समय मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और डीजीपी की अनुपस्थिति पर प्रतिक्रिया मांगी गई है। सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रपति के लिए बनाए गए वॉशरूम में पानी की कमी थी, जिसके लिए राज्य से स्पष्टीकरण मांगा गया है। यह भी पूछा गया है कि राष्ट्रपति को लाने के लिए चुने गए मार्ग पर गंदगी क्यों थी। पत्र में यह भी पूछा गया है कि दार्जिलिंग के जिलाधिकारी, सिलीगुड़ी के पुलिस आयुक्त और अतिरिक्त जिलाधिकारी के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है, जो इन उल्लंघनों के लिए सीधे जिम्मेदार प्रतीत होते हैं।

### पश्चिम बंगाल की जनता घोर अपमान के लिए तृणमूल को माफ नहीं करेगी : प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रोटोकॉल उल्लंघन को लेकर रविवार को तृणमूल कांग्रेस सरकार पर अपना हमला तेज करते हुए कहा कि राज्य की जागरूक जनता एक महिला आदिवासी नेता और देश की राष्ट्रपति का अपमान करने के लिए पार्टी को कभी माफ नहीं करेगी। प्रधानमंत्री ने दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर और अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद राष्ट्रीय राजधानी में यह बात कही। मोदी ने कहा, आज जब पूरा देश अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मना रहा है, यह बेहद चिंताजनक है कि शनिवार को पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार ने भारत की माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का घोर अपमान किया।

### प्रोटोकॉल का कोई उल्लंघन नहीं किया: ममता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को जोर देकर कहा कि सिलीगुड़ी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यक्रम में प्रोटोकॉल का कोई उल्लंघन नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में अगर कोई गड़बड़ी हुई है, तो उसकी जिम्मेदारी निजी आयोजकों व भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की है, जिसने कार्यक्रम स्थल उपलब्ध कराया था। उन्होंने तस्वीर को सबूत बताते हुए दावा किया, तस्वीर में दिख रहा है कि प्रधानमंत्री बैठे हैं जबकि राष्ट्रपति खड़े हैं। हम ऐसा कभी नहीं करते। राष्ट्रपति का अपमान करने की संस्कृति भाजपा की है, हमारी नहीं। ममता ने कहा, हम राष्ट्रपति की कुर्सी और भारत के संविधान का पूरा सम्मान करते हैं, जिसे हम अपनी जननी मानते हैं, हमें दोष न दें।

## ब्रीफ न्यूज

### एआई 10 से 18 तक नौ मार्गों पर 78 अतिरिक्त उड़ानें करेंगी संचालित

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण उत्पन्न व्यवधानों के बीच यात्रियों को अधिक विकल्प उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एअर इंडिया 10 से 18 मार्च तक नौ अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर 78 अतिरिक्त उड़ानें संचालित करेगी। एअर इंडिया न्यूयॉर्क, लंदन, फ्रैंकफर्ट, एम्स्टर्डम, ज्यूरिख, पेरिस, कोलंबो और माले को जोड़ने वाले नौ मार्गों पर 78 अतिरिक्त उड़ानें संचालित करेगी। एअर इंडिया ने बताया कि कंपनी अगले कुछ दिनों में यूरोप के पांच प्रमुख हवाई अड्डों के साथ-साथ न्यूयॉर्क के लिए अतिरिक्त उड़ानें संचालित करेगी, साथ ही मालदीव और श्रीलंका के लिए भी अतिरिक्त सेवाएं शुरू की जाएंगी। इन उड़ानों से दोनों दिशाओं में नौ मार्गों पर कुल 17,660 यात्री यात्रा करेंगे।

### पुलिस ने विदेशों से जुड़े हथियार आपूर्ति गिरोह का किया भंडाफोड़

**कपूरथला।** पंजाब पुलिस ने हथियारों की आपूर्ति करने वाले एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया है जिसके फिलीपीन और यूएई के तस्करों से संबंध हैं और इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया और उसके पास से पांच देसी पिस्तौल बरामद किया गया। इन हथियारों का इस्तेमाल क्षेत्र में गोलीबारी और जबरन वसूली जैसी गतिविधियों के लिए किया जाना था।

# पिंक रोजगार महाकुंभ में पांच हजार महिलाओं को रोजगार के प्रस्ताव

- आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दी गई 38.49 करोड़ की डीबीटी सहायता
- महिला दिवस समारोह बना सम्मान सशक्तीकरण और रोजगार का संगम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को राजधानी में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम नारी सशक्तीकरण का बड़ा मंच बन गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिंक रोजगार महाकुंभ-2026 का शुभारंभ करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं को शिक्षा, सुरक्षा और रोजगार से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस रोजगार मेले के माध्यम से 5000 से अधिक महिलाओं को रोजगार के प्रस्ताव मिले।

राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं की लाभार्थी महिलाओं को चेक, नियुक्ति पत्र और आयुष्मान कार्ड वितरित किए। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए 38.49 करोड़ की धनराशि डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में अंतरित की। इसमें साड़ी व वर्दी के लिए 29.59 करोड़ रुपये तथा बीमा प्रीमियम के लिए 8.90 करोड़ रुपये शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने मंच से नेहा दुबे, मानसी साहू, पूनम तिवारी और मनोरमा मिश्रा को साड़ी तथा सेवा मित्र आकांक्षा (ब्यूटीशियन) और रत्ना भारती को यूनिफॉर्म प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने रोजगार संगम पोर्टल के मोबाइल ऐप का भी शुभारंभ किया, जिससे युवाओं और महिलाओं को रोजगार के अवसरों से सीधे जोड़ा जा सकेगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की लाभार्थी बालिकाओं शानवी गुप्ता, काव्या कश्यप, नैंसी रावत, साक्षी कुमारी, अभिश्री गुप्ता और शायरा बानो को चेक देकर सम्मानित किया।



इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर पिंक रोजगार महाकुंभ 2026 में महिला को नियुक्तिपत्र देते मुख्यमंत्री योगी। ● अमृत विचार

### जल्द लांच होगी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना : मुख्यमंत्री

- पहले चरण में स्नातक व परा स्नातक के अंतिम वर्ष की मेधावी बेटियों को मिलेगा लाभ

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि बहुत जल्द लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना लांच होगी, जिसके पहले चरण में स्नातक व परा स्नातक के अंतिम वर्ष की मेधावी बेटियों को लाभान्वित करेंगे। दूसरे चरण में धीरे-धीरे अन्य को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने घोषणा की कि मिशन शक्ति अभियान का अगला चरण नवरात्रि से शुरू होगा। योगी ने महिला सशक्तीकरण की योजनाएं गिनाते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले समय में विधानसभा व संसद में भी 33 फीसदी सीटों पर बेटियां व बहनें चुनकर जाएंगी। मुख्यमंत्री रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजधानी स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया और पिंक रोजगार महाकुंभ-2026 का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के बाद यूपी में आए व्यापक बदलाव के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 5-टी मॉडल—ट्रेडिशन, टेक्नोलॉजी, ट्रांसपेरेंसी, ट्रस्ट और ट्रांसफॉर्मेशन की बड़ी भूमिका रही है।

## दिल्ली के उत्तम नगर हत्याकांड में मुख्य आरोपी के घर चला बुल्डोजर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तम नगर इलाके में होली के दिन हुए 26 वर्षीय युवक के हत्याकांड में शामिल मुख्य आरोपी की संपत्ति पर एमसीडी ने बुलडोजर एक्शन चलाया और अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। वहीं, मामले में अब तक सात लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें एक नाबालिग भी शामिल है। पुलिस ने उमरदीन (49), जुम्मदीन (36), कमरुद्दीन (36), मुस्तैक (46), मुजफ्फर (25), ताहिर (18) को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से एक दिन पहले मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हत्या की निंदा करते हुए दिल्ली में ऐसे जघन्य आपराधिक और हिंसक कृत्यों को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाने की बात कही थी। (विस्तृत पेज-9)

# 1085 करोड़ की धोखाधड़ी में अनिल अंबानी पर एक और केस



- पंजाब नेशनल बैंक की शिकायत पर सीबीआई ने दर्ज किया है मामला

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआई ने पीएनबी की शिकायत पर रिलायंस कम्युनिकेशंस के प्रमुख अनिल अंबानी के खिलाफ 1,085 करोड़ रुपये की ऋण धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश का एक नया मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई मुख्य प्रबंधक संतोषकृष्ण अन्नावरपु की एक शिकायत के आधार पर की गई है।

वर्ष 2013 से 2017 के बीच अनिल अंबानी और रिलायंस कम्युनिकेशंस के तत्कालीन अधिकारियों ने पीएनबी के साथ धोखाधड़ी की। बैंक का आरोप है कि रिलायंस कम्युनिकेशंस ने यह कर्ज वापस न करने की नीयत से प्राप्त किया। पीएनबी ने दावा किया कि कंपनी ने बैंक से प्राप्त धन को जानबूझकर अन्य उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया। ऐसा करना धोखाधड़ी और विश्वास के आपराधिक उल्लंघन के समान है। सीबीआई द्वारा दर्ज इस प्राथमिकी में रिलायंस कम्युनिकेशंस, अनिल अंबानी के अलावा कुछ अन्य लोगों को भी आरोपी बनाया गया है।

# उत्तरी राज्यों में पारा सामान्य से पहुंचा ऊपर

- राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के उत्तरी राज्यों में रविवार को दिन का तापमान मौसमी औसत से ऊपर रहा, हालांकि मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि एक नए पश्चिमी विक्षोभ के कारण अगले सप्ताह हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर में बारिश हो सकती है।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 7.2 डिग्री अधिक था, जबकि न्यूनतम तापमान 16.7 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 2.7 डिग्री अधिक है। दिल्ली में पिछले 50 वर्षों में मार्च के पहले सप्ताह का सबसे गर्म दिन शनिवार को दर्ज किया गया, जब दिन का तापमान 35.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। पहाड़ी राज्यों में, हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला और भुंतर में तीव्र लू दर्ज की गई, जबकि सुंदरनगर में भी लू का अनुभव हुआ। राज्य के अधिकांश स्टेशन पर न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन से सात डिग्री अधिक था, जबकि अधिकतम तापमान सामान्य से 3-12 डिग्री अधिक था। शिमला मौसम कार्यालय ने सोमवार को तीन जिलों - कांगड़ा, मंडी और कुल्लू में लू चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। कश्मीर में भी रविवार को दिन का तापमान सामान्य से अधिक रहा, जिसमें तापमान 9.4 से 10.7 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। श्रीनगर में अधिकतम तापमान 24.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 9.6 डिग्री अधिक है। कश्मीर के अनंतनाग स्थित पहलगाम पर्यटक स्थल में अधिकतम तापमान 20.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो औसत से 9.4 डिग्री अधिक है।

# संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से, हंगामेदार रहने के आसार

- विपक्ष की लोकसभा अध्यक्ष बिरला को हटाने की मांग पर होगी चर्चा
- तेल खरीद पर अमेरिकी छूट व अन्य मुद्दों पर हमलावर रहेगा विपक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद के बजट सत्र के सोमवार से शुरू होने वाले दूसरे चरण के हंगामेदार रहने की संभावना है। इस दौरान लोकसभा में विपक्ष द्वारा प्रायोजित उस प्रस्ताव पर चर्चा होनी है, जिसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने की मांग की गई है। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया जा सकता है, क्योंकि विपक्ष पहले से ही ईरान के प्रति सरकार के रुख, भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने पर अमेरिका द्वारा दी गई छूट और अन्य मुद्दों को लेकर सरकार पर हमला कर रहा है।

इसके अलावा, चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के एसआईआर के परिणाम, जिसके कारण लगभग 60 लाख नाम हटा दिए गए, का भी संसदीय कार्यवाही पर असर पड़ने की आशंका है। बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव कई विपक्षी नेताओं द्वारा लाया गया है, जिन्होंने आरोप लगाया कि उन्होंने सदन में स्पष्ट रूप से पक्षपातपूर्ण तरीके से काम किया। उन्होंने अध्यक्ष पर लोकसभा में कुछ अप्रत्याशित कार्रवाई की बात करते हुए कांग्रेस सदस्यों के खिलाफ कुछ झूठे दावे कर प्रधानमंत्री मोदी से राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देने के लिए सदन में न आने का अनुरोध करने का भी आरोप लगाया था। बिरला ने नोटिस प्रस्तुत किए जाने की तारीख से सदन की कार्यवाही से खुद को अलग कर लिया था, लोकसभा सचिवालय ने कहा था कि वह एजेंडा के निपटारे के बाद ही लौटेंगे। प्रधानमंत्री ने बिरला का समर्थन करते हुए कहा कि वह सभी सांसदों को साथ लेकर चले हैं।



**बदलाव** राजनीतिक रूप से अस्थिर देश में स्थापित पुरानी पार्टियों का सफाया, 165 सीट में से 120 सीट पर जीत हासिल की

# बालेंद्र की आरएसपी ने रचा इतिहास, दर्ज की जबर्दस्त जीत

काठमांडू, एजेंसी

रैपर से नेता बने बालेंद्र शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) नेपाल में सरकार बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। पार्टी ने नेपाल के आम चुनाव में भारी बहुमत से जीत हासिल की है, जिससे राजनीतिक रूप से अस्थिर देश में स्थापित पुरानी पार्टियों का सफाया हो गया है।

नेपाल के निर्वाचन आयोग के अनुसार, रवि लामिछाने द्वारा 2022 में गठित इस पार्टी ने उन 165 सीट में से 120 सीट पर पहले ही जीत हासिल कर ली है जिनके लिए प्रत्यक्ष मतदान प्रक्रिया के तहत निर्वाचन किया जाता है। जबकि प्रतिनिधि सभा के चुनाव में पार्टी आठ अन्य सीट पर आगे है। निर्वाचन आयोग द्वारा अब तक 165 सीट में से 152 सीट के परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। नेपाली कांग्रेस (एनसी) 17 सीट जीतकर दूसरे स्थान पर है। प्रधानमंत्री के पद से हटाए गए केपी शर्मा ओली की नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) ने केवल सात सीट जीती हैं और तीन सीट पर आगे है। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) सात सीट पर विजयी रही और श्रम संस्कृति पार्टी ने दो सीट पर जीत दर्ज की है और एक पर आगे है जबकि राष्ट्रीय प्रजापति पार्टी (आरपीपी) ने एक सीट जीती है।

जीतने वालों में एक निर्दलीय उम्मीदवार भी शामिल है। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, आरएसपी ने काठमांडू घाटी के तीन जिलों के सभी 15 निर्वाचन क्षेत्रों में अन्य पार्टियों का सूपड़ा साफ कर दिया है। बालेन के नाम से मशहूर आरएसपी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार 35 वर्षीय बालेंद्र शाह ने झापा-5 निर्वाचन क्षेत्र में नेपाल की सबसे पुरानी पार्टी नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष और चार बार के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को लगभग 50,000 वोट के भारी अंतर से हराया।

बालेन का नेपाल का अगला प्रधानमंत्री बनने की संभावना है। वहीं, इस चुनाव में आरएसपी की जीत देश में स्थापित दलों को जनता द्वारा नकारे जाने को दर्शाती है।



### प्रधानमंत्री मोदी ने जनता और सरकार को दी बधाई

भारत इस चुनाव पर करीब से नजर रख रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नेपाल की जनता और सरकार को चुनाव के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, अपने नेपाली बहनों और भाइयों को इतने जोश के साथ अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करते देखकर खुशी महसूस हो रही है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि नेपाल की लोकतांत्रिक यात्रा में एक गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने यह भी कहा कि एक घनिष्ठ मित्र और पड़ोसी के रूप में भारत, नेपाल के लोगों तथा उसकी नयी सरकार के साथ मिलकर शांति, प्रगति और समृद्धि की नयी ऊंचाइयों को छूने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# बैगुल-भाखड़ा नदी के संगम में डूबे चार बच्चे, तीन को बचाया

## नदी में नहाते समय हुआ हादसा, लापता बच्चे की तलाश में एसडीआरएफ जुटी

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव पनवड़िया के पास बैगुल और भाखड़ा नदी के संगम में रविवार को नहाने गए चार बच्चे डूब गए। चीख-पुकार सुनकर खेत पर मौजूद ग्रामीणों ने तीन को बाहर निकाल लिया, जबकि 12 वर्षीय प्रवीन नहीं मिल रहा है। स्थानीय गोताखोर जब उसे तलाश नहीं पाए तब पुलिस ने एसडीएम मीरगंज आलोक कुमार से एसडीआरएफ टीम भेजने का आग्रह किया। सूचना के करीब एक घंटे बाद एसडीआरएफ की टीम पहुंची और मोटर बोट से बच्चे की तलाश शुरू कर दी। एसडीआरएफ का सर्च ऑपरेशन देर शाम तक जारी रहा।


नदी किनारे जमा ग्रामीण और पुलिस के साथ गोताखोर तलाश करते हुए। ● अमृत विचार

जानकारी के मुताबिक गांव रहपुरा जागीर निवासी करीब 10-12 वर्ष के चार बच्चे प्रवीन कुमार, दीपक, बॉबी और विपिन अपने गांव से करीब तीन किलोमीटर दूर गांव पनवड़िया के पास बेगुल और भाखड़ा नदी के संगम में नहाने गए थे। रविवार को दोपहर के बाद करीब 3 बजे जब नदी में चारों नहाने घुसे तो वह डूबने लगे। चीख-पुकार सुनकर खेत पर काम कर रहे कई ग्रामीणों ने नदी में कूदकर दीपक और उसके सगे भाई विपिन तथा गांव के बॉबी को बचा लिया, जबकि प्रवीन कुमार (12) नहीं मिला। स्थानीय गोताखोर ने उन्हें तलाशने का काफी प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली।

- बच्चों का शोरशराबा सुनकर खेत में काम कर रहे ग्रामीणों ने तीन को बचाया
- देर शाम तक चला सर्च ऑपरेशन, लापता बच्चे के परिजनों में कोहराम

सूचना पर थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह मय फोर्स के पहुंच गये। उन्होंने स्थानीय गोताखोर से प्रवीन को दुबारा तलाश कराने का प्रयास कराया। सफलता नहीं मिलने पर एसडीएम मीरगंज आलोक कुमार सिंह को सूचना करके एसडीआरएफ टीम बुलाने का आग्रह किया है। एसडीएम भी मौके पर पहुंच गये। करीब एक घंटा बाद एसडीआरएफ की टीम पहुंची। मौके पर जमा प्रवीन के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मीरगंज एसडीएम आलोक कुमार ने बताया नदी में डूबे बच्चे प्रवीन को तलाशने के लिए एसडीआरएफ टीम बुलाई गई है। टीम जल्द बच्चे को तलाश लेगी।


विलाप करते नदी में डूबे बच्चे के परिजन। ● अमृत विचार

# नवीन परती भूमि पर मकान और खड्डु भूमि पर बनाया शौचालय

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की कोर्ट ने ग्राम घंघोरा घंघोरी में खाद के गड्ढे की भूमि पर प्रधानमंत्री योजना के अन्तर्गत शौचालय बनवाने और ग्राम बिरिया नरायनपुर में नवीन परती की भूमि पर मकान बनाने के मामले में अवर न्यायालयों के आदेशों के विरुद्ध की गयी अपील के प्रार्थना पत्रों को निरस्त कर दिया। कोर्ट ने अवर न्यायालय तहसीलदार सदर और अवर न्यायालय तहसीलदार न्यायिक को मूल पत्रावली आदेश की कॉपी सहित भेजते हुए आगे की कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

डीएम कोर्ट ने ग्राम घंघोरा पिपरिया निवासी प्रीतम सिंह पुत्र राम गोपाल के अपीलीय प्रार्थना पत्र सुनवाई की। अवर न्यायालय तहसीलदार सदर ने गांव सभा बनाम प्रीतम सिंह के केस में 17 अप्रैल 2025 को आदेश सुनाया था। अपीलार्थी ने क्षेत्रीय लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक की आख्या भ्रामक व गलत बताई थी। अवर न्यायालय के आदेश को निरस्त कर अपील स्वीकार करने का अनुरोध किया। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुना और यह पाया कि शौचालय ग्राम समाज की भूमि पर सरकारी योजना के तहत बना है। अपीलार्थी ने योजना का लाभ लेते समय सरकारी भूमि पर शौचालय बनवा दिया है। अपील निरस्त करते हुए अवर न्यायालय के आदेश को बरकरार रखा।

- डीएम कोर्ट ने अवर न्यायालय तहसीलदार सदर और तहसीलदार न्यायिक कोर्ट के आदेश बरकरार रखे
- ग्राम घंघोरा घंघोरी और ग्राम बिरिया नरायनपुर के रहने वाले प्रीतम सिंह और शंकर लाल की अपील निरस्त

वहीं, ग्राम बिरिया नरायनपुर निवासी शंकर लाल पुत्र डूंगरलाल की अपील पर सुनवाई करते हुए डीएम कोर्ट ने आदेश सुनाया कि अपीलार्थी और जिला शासकीय अधिवक्ता राजस्व के पक्ष को सुना। जिला शासकीय अधिवक्ता ने कहा कि अपीलार्थी ने ग्राम समाज के गाटा संख्या 229 रकवा 0.1260 हेक्टेयर भूमि में से 290 वर्ग मीटर भूमि पर अतिक्रमण किया है, जो राजस्व अभिलेखों में नवीन परती की भूमि है। अपीलार्थी ने कहा कि उसका मकान गांव की आबादी में बाप दादे के जमाने का बना हुआ है। गाटा संख्या 229 रकवा 0.1260 हेक्टेयर नवीन परती में मकान नहीं बना है।

डीएम कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद माना कि लंबी अवधि तक वाद चलने के बाद भी अपीलार्थी अपना कब्जा न होने के संबंध में किसी ग्राम के सदस्य के बयान नहीं करा पाया। शपथ पत्र प्रार्थना पत्र व अपीलीय प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

# गुमशुदा युवक का शव पेड़ पर लटका मिला

**आंवला, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम फुलासी में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक का शव शीशम के पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान गांव निवासी 20 वर्षीय शीलेन्द्र के रूप में हुई है।


शीलेंद्र।

ग्रामीणों ने बताया कि सुबह जब वह खेतों में पानी लगाने गए थे, तभी उन्होंने शीशम के पेड़ से प्लास्टिक की रस्सी के सहारे युवक का शव लटका हुआ देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि मृतक 6 मार्च से घर से लापता था। मृतक की मां नन्ही देवी ने शनिवार को थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

## सभासद से मारपीट पत्नी का बुंदा खींचा

**आंवला।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खेड़ा थाना निवासी लियाकत हुसैन ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि 8 मार्च की शाम वह अपनी ॉदुकान पर बैठा था। इसी दौरान कुछ लोग आए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। आरोप है कि हमलावर उसकी पत्नी के कान से सोने का बुन्दा भी खींच ले गए। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

# तत्कालीन बीएमएम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**नवाबगंज, अमृत विचार :** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) योजना के तहत सामुदायिक निवेश निधि की धनराशि मानक से अधिक स्थानांतरित किए जाने के मामले में खंड विकास अधिकारी ने तत्कालीन बीएमएम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

खंड विकास अधिकारी महेश चन्द्र शाक्य के अनुसार अमित कुमार इस विकास खंड में बीएमएम पद पर 6 जनवरी 2021 तथा दूसरी बार 6 जून 2022 को तैनात रहे। उनके पास एमएफएफआई का अतिरिक्त प्रभार भी रहा। आवंटित थीम के अनुसार सामुदायिक निवेश निधि की मांग कर उसे एनआरएलएम के नेशनल पोर्टल पर एमआईएस करना उनकी जिम्मेदारी थी। मिशन निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अनुसार प्रत्येक संकुल के लिए बीएमएम को नोडल नामित किया गया है।

- एनआरएलएम के तहत अधिक धनराशि स्थानांतरित करने का मामला
- खंड विकास अधिकारी ने की थी जांच, लापरवाही सामने आई

आरोप है कि अमित कुमार के अपने पद के दायित्वों का सही तरीके से निर्वहन और अनुश्रवण नहीं किए जाने के कारण समूहों में सामुदायिक निवेश निधि की धनराशि मानक से अधिक स्थानांतरित हो गई। साथ ही अधिक हस्तांतरित धनराशि को वापस कराने की कार्रवाई भी नहीं की गई।

इस मामले में खंड विकास अधिकारी महेश चन्द्र शाक्य ने अमित कुमार निवासी ग्राम ठिलुपुरा जनपद संभल के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# विवाहिता को जहर पिलाने में पति सहित 8 पर केस

**फरीदपुर, अमृत विचार :** शादी के बाद दो लाख नगद और बुलेट मोटर साइकिल की मांग को लेकर हुई कहासुनी के बाद पति सास ननद देवर सहित आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना भुता के गांव भावनपुर न्यायामतुल्ला निवासी अर्चना कुमारी पुत्री वीरेन्द्र पाल का विवाह फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव कुईया उगनपुर निवासी भूपेन्द्र के साथ वर्ष 2023 में हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से सास रामकली ननद ममता कविता श्वेता, अल्का देवर मुनीश निवासी ग्राम कुइया उगनपुर थाना फरीदपुर और रिंकू निवासी बीसलपुर रोड फरीदपुर ने मारपीट की। आरोप है कि बेटी की ससुराल में पहुंचे और बेटी के भविष्य को लेकर पुलिस के मौजूदगी में समझौता करा दिया। आरोप है कि 7 मार्च को आरोपियों ने अर्चना को जबरन जहर पिला दिया।

# मिशन शक्ति : महिला सप्ताह का शुभारंभ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर निगम ने रविवार को ''''नारी स्वच्छता लीड्स-मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत 7 दिवसीय महिला सप्ताह का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के पहले दिन हाजियापुर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया, जिसमें वंचित वर्ग और स्वच्छता कार्य से जुड़ी बेस्ट पिकर महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाइयां प्रदान की गईं। शिविर कर 500 से अधिक महिलाओं ने लाभ लिया।

स्वच्छ भारत मिशन की महिला टीम ने शिविर का समन्वय और प्रबंधन किया। स्वास्थ्य शिविर में डॉ. शबीना और उनकी मेडिकल टीम ने महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं दवाइयां उपलब्ध कराईं। इसके अलावा मिशन शक्ति की पुलिस प्रभारी रितु राठी ने महिलाओं को मिशन शक्ति के अंतर्गत उपलब्ध सुरक्षा एवं सहायता सेवाओं की जानकारी दी। स्वच्छ भारत मिशन टीम लीडर मंजूषा यादव ने महिलाओं को स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों और कचरा प्रबंधन में महिलाओं की भूमिका के बारे में बताया। स्वच्छ भारत मिशन के प्रभारी अधिकारी राजीव राठी ने बताया कि नगर निगम ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए महिला दिवस पर शहर के सभी सार्वजनिक शौचालयों को महिलाओं के लिए निःशुल्क कर दिया। महिला सप्ताह में आगामी दिनों में स्वच्छता जागरूकता रैली, प्रेरक कहानियां, कार्यशालाएं, वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता, रेजिडेंशियल विजिट और समापन समारोह जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।



कार्यक्रम में मौजूद स्वच्छ भारत मिशन की महिला टीम व चिकित्सक। ● अमृत विचार

- अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर नगर निगम की स्वच्छ भारत मिशन टीम ने शुरू की पहल
- पहले दिन हाजियापुर में 500 से अधिक महिलाओं को नि:शुल्क सेहत की जांच की
- महिला सप्ताह में आयोजित होंगी रैली, कार्यशाला, वॉल पेंटिंग समेत कई कार्यक्रम

कार्यक्रम में जोनल इंचार्ज सीमा यादव, सुपरवाइजर मोनिका सैनी, प्रीति, आईईसी टीम के सदस्य सीमा गंगवार, इरम, दीक्षा गंगवार, डिंपल, पूजा सिंह, राखी मौर्य, शीतल सिंह, प्रिया शर्मा ने कार्यक्रम के समन्वय, प्रबंधन और विभिन्न गतिविधियों के संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई। इसके साथ ही नगर निगम ने सभी महिलाओं को इस सप्ताह में भाग लेने और स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं महिला सशक्तिकरण के अभियान को मजबूत बनाने के लिए आमंत्रित किया है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा,
शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

# 100 बीघा जमीन के लिए दो जिलों के किसान आमने-सामने

क्योलड़िया, संवाददाता

**अमृत विचार :** क्योलड़िया थाना क्षेत्र के गांव अब्दला के समीप बह रही देवहा नदी के किनारे लगभग 100 बीघा जमीन पर दो जिलों बरेली और पीलीभीत के किसान आमने-सामने आ गए। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दोनों पक्षों को जमीन पर कब्जा करने से रोक दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों को चेतावनी दी है कि बिना पैमाइश अगर जमीन पर किसी ने बुवाई की कोशिश की तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

- सूचना पर पहुंची पुलिस ने गन्ने की फसल बुवाई को रुकवाया
- बगैर सीमांकन फसल बुआई पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी

इस जमीन में 60 बीघा जमीन पर गरीबों के पट्टे सरकार द्वारा किए गए हैं बाकी जमीन खाली पड़ी है। पट्टेधारक मजदूर चमेली देवी, नेमचंद, रामेश्वर दयाल, रमाशंकर, मालती देवी, नन्ही देवी और विमला देवी समेत एक दर्जन किसानों के नाम 60 बीघा जमीन के पट्टे सरकार द्वारा किए गए हैं। साथ ही 14 किसानो की और कृषि योग्य भूमि वहां मौजूद है लेकिन बाकी जमीन पर रविवार जिला पीलीभीत के गाजीपुर कुंडा के मैकूलाल उर्फ बाबा शीतला देवी ट्रैक्टरों से खेत की जुताई करवा रहा था। इसका क्षेत्र के किसानों ने विरोध किया और पुलिस को सूचना दी। इस पर तत्काल पीआरवी के साथ ही प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह, उप निरीक्षक महेंद्र प्रताप, नवीन कुमार लोकेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे।

# होली मिलने जा रहे युवक को घेरकर पीटा, रिपोर्ट

**कैंट, अमृत विचार :** ताऊ के घर होली मिलने जा रहे युवक को रास्ते में घेरकर दबंगों ने मारपीट की।

बचाने आए उसके तहेरे भाई को भी पीटा। पुलिस ने मामले में तीन नामजद समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव उमरसिया निवासी नितिन ने बताया कि वह 5 मार्च को शाम करीब 6:30 बजे कांधरपुर स्थित अपने ताऊ के घर होली मिलने जा रहे थे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्रों कृष्णा व विष्णु को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।हमारा उनसे कोई वास्ता नहीं होगा। **श्याम बिहारी पुत्र श्री कुन्दन लाल एवं श्रीमती सुनीता देवी पत्नी श्याम बिहारी निवासीगण ग्राम मुडिया अहमद नगर थाना इज्जतनगर जिला बरेली।**

Asim College of Law
Meera Sarai Sheikhupur Road, Budaun (UP)
Requirement
**Principal**
Eligibility: LL.M. and Ph.d. with 15 Years Teaching Experience
**Assistant Professor (Law)**
Eligibility: LL.M. and Ph.d. or NET
**Assistant Professor (B.A.)**
Subjects: Sociology, Political Science, Economics, English and History
Eligibility: M.A. and Ph.d. or NET
Interested candidate may submit their updated Resume along with relevant documents within15 days.
**Note:** Kindly send the resume at career.asmdc@gmail.com and mentioned the post of the SUBJECT column.
Ph. No. 724990233, 9410643446

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# ट्रेन की चपेट में आकर युवक के पैर का पंजा कटा

**बिशारतगंज, अमृत विचार।** आरपीएफ चौकी आंवला के इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया कि सुबह करीब 4:30 बजे बिशारतगंज रेलवे स्टेशन पर युवक चंडीगढ़ लखनऊ एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया और उसके एक पैर का पंजा कट गया। घायल को बरेली जिला अस्पताल रेफ़र कर दिया। घायल ने अपना नाम राजेंद्र कुमार (40 वर्ष) पुत्र कुंदन लाल निवासी ख्याली नगला तहसील पटियाली थाना सिडपुरा जिला एटा बताया है।

# हाईवे पर गन्ने से भरी ट्रॉली पलटी

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार :** क्योलाडिया थाना क्षेत्र के गांव फतेहगंज क्षेत्र से आ रही गन्ने से भरी ट्रॉली ओवरटेक करने के प्रयास में बरेली-पीलीभीत हाईवे पर अनियंत्रित होकर पलट गई। गनीमत रही कि रात होने के कारण हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। ट्रॉली में लदा गन्ना सड़क पर बिखर जाने से कुछ समय के लिए जाम लग गया।

बताया जाता है कि क्योलडिया थाना क्षेत्र के गांव फतेहगंज निवासी प्रेमपाल गन्ना लेकर शाही सेंटर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीलीभीत बाईपास मार्ग पर एक कार को ओवरटेक करने के प्रयास में ट्रैक्टर-ट्रॉली असंतुलित हो गई और गन्ने से लदी ट्रॉली सड़क किनारे पलट गई।


ट्रॉली के पटलने से हाईवे पर बिखरा गन्ना। ● अमृत विचार

- ओवरटेक के दौरान हुआ हादसा, रात होने के कारण बड़ा हादसा टला

ट्रॉली पलटते ही सड़क पर कुछ देर के लिए हाईवे पर जाम लग गया,आसपास मौजूद लोगों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली। हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। बताया गया कि प्रेमपाल की फतेहगंज क्षेत्र में भी जमीन है, जहां से वह गन्ना लेकर लौट रहे थे।

न्यूज ब्रीफ

### घर से लाखों के जेवर और नकदी चोरी

**सेंथल, अमृत विचार :** कस्बे में चोरों ने एक घर को निशाना बनाकर 40 हजार रुपये और लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवर चुरा लिए। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। शारिक हसनैन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मोहल्ला चौधरी निवासी उनके मामा स्वर्गीय गुलाम अस्करी उर्फ शबाब जैदी के घर में चोरी की वारदात हुई। गुलाम अस्करी की पत्नी 6 मार्च को मायके बरेली गई थीं। रविवार सुबह जब वह वापस लौटीं तो घर का सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी से 40 हजार रुपये, चार जोड़ी सोने के टॉप्स, दो अंगूठी और एक जोड़ी चांदी की जेबरी गायब थी।

### दुकान के विवाद में जेठ पर मारपीट का आरोप

**बहेड़ी, अमृत विचार :** गांव खुटिया में दुकान परिवार में विवाद की वजह बन गई। विधवा ने अपने जेठ पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव खुटिया की महिला राजकुमारी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह अपने बेटों के साथ रहती है। घर में बनी दुकान उसने किराये पर दे रखी है। इसी बात पर उसका जेठ भानू प्रताप पुत्र रामचंद्र उससे रंजिश मानता है। उसका कहना है कि रविवार की सुबह उसका पिता राम पाल निवासी रोहनिया, रिश्तेदारों के साथ घर आए थे तो भानू प्रताप ने पिता को घेरकर दुकान खाली कराने को कहा। मना करने पर वह गाली गलौच करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### ढाई किलो स्मैक पाउडर संग तस्कर गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार :** एएनटीएफ की टीम और सुभाषनगर पुलिस ने ढाई किलोग्राम स्मैक पाउडर के साथ बदायूं के एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तस्कर का एक रिश्तेदार मौके से भाग गया। पुलिस टीमें उसकी तलाश कर रही हैं। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) के प्रभारी विकास यादव ने बताया कि सूचना मिली कि मादक पदार्थ की खेप लेकर युवक आ रहा है। सुभाषनगर पुलिस की मदद से रविवार सुबह बरेली-बदायूं रोड के गांव रौंधी को जाने वाले मार्ग पर एक युवक को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम शोभित गुप्ता निवासी ग्राम सैजनी थाना मूसाझाग जिला बदायूं बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 2.645 किलोग्राम स्मैक पाउडर बरामद हुआ।

# अंडर - 13 : 100 व 200 मीटर में राधा सबसे तेज दौड़ीं

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर स्पोर्ट्स स्टेडियम में अस्मिता महिला एथलेटिक्स लीग का आयोजन, विजेताओं को पुरस्कृत किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली



स्पोर्ट्स स्टेडियम में अस्मिता महिला एथलेटिक्स लीग में प्रतिभाग करतीं महिला खिलाड़ी। ● अमृत विचार



अस्मिता महिला एथलेटिक्स लीग की विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर स्पोर्ट्स स्टेडियम में रविवार को अस्मिता महिला एथलेटिक्स लीग का आयोजन हुआ। 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ के साथ रस्साकशी का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अंडर 13 में 100 और 200 मीटर दौड़ में राधा प्रथम रहीं। विजेताओं को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का आयोजन माय भारत की उप निदेशक पुष्पा सिंह की ओर से किया गया। ब्लॉक प्रमुख स्नेहलता गंगवार, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा, अनीता नागर, प्रधानाचार्या अर्चना राजपूत, माय भारत वॉलंटियर्स विशाल यादव, आलोक, तरुण, शिवांग, काजल, समाजसेवी भूपेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

संचालन अनुज शर्मा ने किया। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

**प्रतियोगिताओं के परिणाम**

अंडर-13 100 मीटर दौड़ में राधा प्रथम, अनन्या बिष्ट द्वितीय, अवंतिका यादव तृतीय स्थान पर रहीं। अंडर-18 में रिधि प्रथम, वंशिका द्वितीय, सुहानी तृतीय स्थान पर रहीं। सीनियर प्लस 18 वर्ग में अनुष्का प्रथम, अंजली मौर्य द्वितीय, कोमल तृतीय स्थान पर रहीं। अंडर-13 200 मीटर दौड़ में भी राधा प्रथम रहीं, जबकि अनन्या बिष्ट ने द्वितीय, अवंतिका यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-18 में रिदम शर्मा प्रथम, शोभा द्वितीय, क्रांति तृतीय स्थान पर रहीं। सीनियर प्लस 18 में अनुष्का प्रथम, अंजली मौर्य द्वितीय, खुशबू खत्री तृतीय स्थान पर रहीं। अंडर 13 400 मीटर दौड़ में राधा प्रथम, अनन्या द्वितीय, परी वर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। अंडर-18 में रिदम शर्मा प्रथम, अंशु द्वितीय, आकांक्षा तृतीय स्थान पर रहीं। सीनियर प्लस 18 वर्ग में अंजली सिंह प्रथम, शिवानी द्वितीय, खुशबू खत्री तृतीय स्थान पर रहीं। रस्साकशी में नारी शक्ति टीम ने प्रथम, स्टेडियम टीम ने द्वितीय और एनसीसी टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

खेल मंत्रालय की पहल अस्मिता, माय भारत, खेलो इंडिया व स्पोर्ट्स फॉर विमेन के तहत प्रतियोगिता हुई।

## बीच सड़क पर महिला व बेटियों को दौड़ाकर पीटा

**नवाबगंज, अमृत विचार :** कस्बे में एक महिला और उसकी नाबालिग बेटियों के साथ बीच सड़क पर मारपीट कर छेड़खानी की गई। पीड़िता ने मामले में तहरीर दी है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने की तैयारी में जुटी है।

थाना क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 7 मार्च को वह दो नाबालिग बेटियों के साथ घर से बाजार जा रही थी। रास्ते में कुछ लोगों ने उन्हें रोक लिया और घेरकर गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि आरोपियों ने लाठी-डंडों, बेल्ट और सब्बल से हमला कर दिया। बेटियों के साथ छेड़छाड़ कर उनके कपड़े फाड़ दिए गए। विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचने लगे, जिसके बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने पीड़िता को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## टी-20 वर्ल्ड कप : भारत की जीत के लिए किया महायज्ञ



फाइनल में भारत की जीत के लिए यज्ञ। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय टीम की टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में जीत की कामना करते हुए रविवार को श्यामगंज स्थित श्री शिरडी साई-खाटूश्याम सर्वदेव मंदिर में विशेष महायज्ञ का आयोजन हुआ। बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमियों और श्रद्धालुओं ने भाग लेकर टीम इंडिया की जीत के लिए आहुतियां दीं। जीत के लिए मंदिर परिसर में जयकारे भी लगाए गए। महायज्ञ का आयोजन महंत पंडित सुशील पाठक और सांग्वेद संस्कृत महाविद्यालय के आचार्य महेश चंद्र शर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। आचार्यों ने पूजन कराते हुए यज्ञ अग्नि में विशेष आहुतियां दिलवाईं और भगवान से प्रार्थना की कि भारतीय खिलाड़ी मैदान पर अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करें और देश को जीत का गौरव दिलाएं। भगवान दास, राजीव सहानी, अभिषेक शर्मा, अभिनव सक्सेना, माही सक्सेना, विजय जायसवाल आदि मौजूद रहे। महंत पंडित सुशील पाठक ने कहा कि पूरा देश एकजुट होकर भारत की जीत के लिए प्रार्थना कर रहा है।

## मोहम्मदगंज के श्यामपुर-हरदोई घाट पर पैंटून पुल चालू, मिलेगी राहत

संवाददाता, मीरगंज



पैंटून पुल के उद्घाटन कार्यक्रम में मौजूद विधायक डॉ. डीसी वर्मा। ● अमृत विचार

- विधायक डॉ. डीसी वर्मा ने उद्घाटन कार्यक्रम में गिनाए विकास के कार्य
- कहा, पैंटून पुल के चालू होने से क्षेत्र के दर्जनों गांवों की राह हुई आसान

**अमृत विचार :** मोहम्मदगंज क्षेत्र के ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग रविवार को पूरी हुई। ग्राम पंचायत मोहम्मदगंज अंतर्गत श्यामपुर-हरदोई घाट पर नवनिर्मित पैटून पुल का उद्घाटन किया गया। मीरगंज विधायक डॉ. डीसी वर्मा ने फीता काटकर पुल को जनता को समर्पित किया। इस पुल के चालू होने से दर्जनों गांवों की राह आसान हो गई है।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. डीसी वर्मा ने कहा कि पुल और सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की रीढ़ होती हैं। डॉ. वर्मा ने कहा, इस पैटून पुल से न केवल कनेक्टिविटी सुधरेगी, बल्कि आपातकालीन स्थिति में मरीजों और किसानों को जिला मुख्यालय तक पहुंचने में सुविधा होगी। उन्होंने जोर दिया कि यह पुल ग्रामीणों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ेगा और आवागमन को सुगम बनाएगा।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण गंगवार, गन्ना समिति अध्यक्ष तेजपाल सिंह, और मंडल अध्यक्ष अजयवीर चौधरी मौजूद रहे। एचडीबी के नवनिर्वाचित निदेशक होरीलाल गंगवार व नरेंद्र गंगवार, मंडल महामंत्री केपी राणा व अखिलेश मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## जीवित को मृत दिखाकर बेच दी किसान की जमीन

संवाददाता, फरीदपुर

- फरीदपुर में फर्जी बैनामा के आधार पर किया गया फर्जीवाड़ा
- कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की

**अमृत विचार:** नगर के भूरे खां की गौटिया निवासी तहव्वर खां पुत्र हैदर खां ने बताया कि उनकी पैतृक कृषि जमीन को हड़पने के लिए उन्हें ही कागज़ों में 'मृतक' दिखा दिया गया। फिर फर्जी वारिस बनकर जमीन का बैनामा भी करा दिया गया। इस मामले में कोर्ट के आदेश पर फरीदपुर थाने में धोखाधड़ी और जालसाजी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

तहव्वर खां ने बताया कि उनकी जमीन गोविंदपुर इलाके में है। आरोप है कि शहशाह वली, करीम खां और मुईम खां ने खुद को उनका वारिस बताकर 25 जून 2024 को उप निबंधक कार्यालय फरीदपुर में जमीन का बैनामा करा दिया। क्रेता हरजिंदर सिंह पुत्र थान सिंह निवासी माहाला कला, जिला मोगा (पंजाब) का नाम दर्ज किया गया। आरोप है कि बैनामा उसके नाबालिग बेटे अरमान सिंह के नाम कराया गया। इसमें गवाही अमीर अहमद खां पुत्र इब्राहीम, बालक राम पुत्र जगदीश और सुल्तान खां पुत्र नसीम खां के नाम भी दर्ज हैं।

पीड़ित का कहना है कि उन्हें जब इस फर्जी बैनामे की जानकारी मिली तो उन्होंने सितंबर 2025 में दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियां निकलवाईं। कागज देखकर उनके होश उड़ गए। उन्हें कागजों में मरा दिखा दिया गया। उन्होंने पुलिस अफसरों से शिकायत की, लेकिन सुनवाई न होने पर कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर फरीदपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## टी-20 विश्व कप : अहिलादपुर में बड़ी स्क्रीन पर देखा फाइनल

**रिठौरा।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र के गांव अहिलादपुर में रविवार को टी-20 विश्व कप का फाइनल मैच बड़ी स्क्रीन लगाकर सीधा प्रसारण देखा गया। फाइनल में भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुआ मुकाबला देखने को ग्राम प्रधान सियाराम साहू ने ग्रामपंचायत परिसर में बड़ा स्क्रीन लगवा कर ग्रामीणों को मैच का सजीव प्रसारण दिखाया।

क्रिकेट प्रेमियों में भारत की जीत के लिए खासा जोश दिखाई दे रहे थे। वह लगातार भारत माता की जय, जय श्री राम के नारे लगाकर युवाओं में जोश भर रहे थे। इस दौरान युवा खेल समिति से अजय साहू, मदनलाल साहू, सोनू माथुर, सौरभ साहू, नीरज कुमार, लाल बहादुर सागर, प्रेमपाल सागर, पंकज कुमार, सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।



अहलादपुर गांव में बड़ी स्क्रीन पर मैच देखते लोग। ● अमृत विचार

### टी-20 विश्व कप फाइनल मैच को लेकर रहा उत्साह

**बिशारतगंज, अमृत विचार।** टी-20 विश्व कप के फाइनल में भारत बनाम न्यूजीलैंड के मुकाबले को लेकर स्थानीय लोगों और क्रिकेट प्रेमियों में गजब उत्साह दिखा। जहां लोगों ने बिशारतगंज वार्ड नंबर 4 के पश्चिमी केबिन ग्रीन पार्क कॉलोनी के पास टेंट लगाकर बड़ी एलईडी तथा साउंड भी लगाए। भारत की पारी के अंत में अच्छा स्कोर बनाने की खुशी में लोगों ने समोसे भी वितरित किए गए। इसमें ज्ञानी गोस्वामी, खेमपाल गोस्वामी, दिनेश यादव, रामपाल गोस्वामी, सोमपाल साहू, राजेश साहू, गिरीश गोस्वामी, आकाश मौर्य, शिवम मौर्य, सूर्य प्रकाश यादव, रविन्द्र यादव, मोहित साहू मौजूद रहे।

### जीत से बढ़ेगा मनोबल : नितेश भारद्वाज, कोच



स्पोर्ट्स स्टेडियम के क्रिकेट कोच नितेश भारद्वाज ने भारतीय टीम की जीत को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। उनका कहना है कि टीम इंडिया के शानदार प्रदर्शन से देशभर के युवा खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा। कहा कि अनुशासन, धैर्य और टीम वर्क की बदौलत भारतीय टीम ने यह जीत हासिल की है।

### महिला दिवस पर जीत खास : कनक गुप्ता, क्रिकेटर



महिला क्रिकेटर कनक गुप्ता ने भारतीय टीम की जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि महिला दिवस पर यह जीत खास मायने रखती है। आज महिलाओं की भागीदारी हर क्षेत्र में बढ़ रही है। खेलों में भी बेटियां र बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। भारतीय टीम की यह जीत खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

### जीत से उत्साह दोगुना : पावनी शर्मा, क्रिकेटर



महिला क्रिकेटर पावनी शर्मा ने कहा कि भारत की शानदार जीत ने पूरे देश में उत्साह का माहौल बना दिया है। महिला दिवस के दिन विश्व कप में मिली जीत महिला खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का संदेश देती है कि मेहनत और आत्मविश्वास से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

न्यूज डायरी

### भाजपा को हटाने के लिए समाज को एकजुट होना होगा



**बरेली, अमृत विचार :** सपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष शिवचरण कश्यप ने रविवार को लाल फाटक स्थित एक लॉन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। मुख्य अतिथि लखनऊ से आए सपा के पिछड़ा वर्ग प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजपाल कश्यप ने भाजपा सरकार पर महापुरुषों के अपमान का आरोप लगाया और 2027 में उसे सत्ता से हटाने का संकल्प व्यक्त किया। बहेड़ी विधायक अताउर्रहमान ने भी 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का आह्वान किया। पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन ने भी विचार रखे। शिवचरण कश्यप ने जिले भर के कश्यप समाज को जोड़कर सपा की सरकार बनाने के उद्देश्य को दोहराया। भोजीपुरा विधायक शहजिल इस्लाम, पूर्व विधायक विजयपाल सिंह, पूर्व मंत्री भगवत शरण गंगवार, राजेश अग्रवाल, रविंद्र यादव, मनोहर पटेल, डॉ. राकेश प्रजापति, द्रोण कश्यप, विशाल कश्यप आदि मौजूद रहे।

### महिलाओं को सम्मानित किया

**फरीदपुर, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में टोल प्लाजा पर एनएच आई टीम ने कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि बरेली-सीतापुर परियोजना के प्रोजेक्ट हेड अंजनी कुमार ने मुख्य अतिथि सोनिया गुप्ता प्राचार्या डायट शाहजहांपुर, फरीदपुर कोतवाली की महिला उप निरीक्षक इंस्पेक्टर मानसी हुड्डा, शिक्षिका लक्ष्मी पाण्डेय का स्वागत किया। अतिथियों ने कहा कि आज महिलाएं समाज में हर जगह अपनी भूमिका अच्छे से निभा रही हैं। इस दौरान प्लाजा प्रबंधक कासिम खान, एच आर शुभम तिवारी, आईटी मैनेजर आशीष सिंह, मेंटिनेस मैनेजर सतेंद्र चौधरी, प्लाजा प्रबंधक पवन कुमार, प्लाजा कंट्रोलर संजीव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### जैनब ने रखा रोजा, मिलीं दुआएं



**बहेड़ी, अमृत विचार :** नन्ही बच्ची जैनब फातिमा ने रविवार को पहला रोजा रखा। जैनब के रोजा रखने को लेकर घर में खुशी का माहौल था और आने वाले तमाम मेहमानों ने उसकी लम्बी उम्र के लिए दुआ दी। जैनब की उम्र 7 साल है और वह रोजा रखने की जिद किए हुए थी। उसने हंसी खुशी रोजा मुकम्मल किया। इस खुशी में शाम को रोजा इफ्तार का कार्यक्रम रखा गया। जैनब खानकाहे आलिया मंज़ूरिया जामिया गौसिया बशीरुल उलूम के पूर्व सज्जादा नशीन सय्यद शाहिद अली मियां की नवासी है।

### खुशहाली आश्रम में होली मिलन समारोह आयोजित



**बिशारतगंज, अमृत विचार।** बिथरी चैनपुर विधानसभा के भाजपा विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा के आवास स्थित खुशहाली आश्रम, साउथ सिटी कॉलोनी बदायूं रोड बरेली में रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और क्षेत्र के लोग शामिल हुए। इस दौरान बरेली के मेयर उमेश गौतम भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में सभी लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलते हुए होली की शुभकामनाएं दीं। क्षेत्र की जनता ने भी उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया और सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मिलन समारोह संपन्न हुआ।

## शिशु मृत्यु दर कम करने में मेडिकल कॉलेजों की भी जिम्मेदारी कम नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली



एसआरएमएस में कार्यशाला में मौजूद एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति के साथ उपस्थित कॉलेज के अन्य लोग। ● अमृत विचार

- एसआरएमएस में पीडियाट्रिक एवं नियोनेटल अपडेट कार्यशाला में बोले देवमूर्ति

**अमृत विचार:** दूसरे देशों की तुलना में अभी हम बच्चों के इलाज में काफी पीछे हैं। इसके लिए नवजात की पूरी जांच न होना और उनकी अनदेखी भी एक बड़ा कारण है। शिशु मृत्यु दर कम करने और उन्हें उचित उपचार मुहैया करने में सरकार की भूमिका तो महत्वपूर्ण है ही, लेकिन इसमें मेडिकल कालेजों की जिम्मेदारी भी कम नहीं। यह बात चेयरमैन देव मूर्ति ने एसआरएमएस की ओर एक रिसोर्ट में आयोजित दो दिवसीय पीडियाट्रिक एवं नियोनेटल अपडेट कार्यशाला के उद्घाटन के अवसर पर कही।

पीडियाट्रिक्स एवं नियोनेटोलाजी विभाग की ओर से शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे रजिस्ट्रेशन के साथ कार्यशाला आरंभ हुई। इसमें डिकोडिंग चाइल्डहुड 'अणु से आरोग्य तक' थीम पर अत्याधुनिक जनेटिक्स, पीडियाट्रिक्स और नियोनेटोलॉजी से संबंधित विषयों पर देश के चुनिंदा बाल रोग विशेषज्ञों ने विमर्श किया और व्याख्यान दिया।

एसजीपीजीआई की पूर्व विभागाध्यक्ष डा.शुभा फड़के ने जेनेटिक मेडिसिन और मॉलिक्यूलर मेडिसिन को इलाज में महत्वपूर्ण बताया। डॉ.एमएस बुटोला ने मेडिकल कालेज में जल्द स्थापित होने वाली दो ट्रामा यूनिट के बारे में बताया। कहा कि इससे गंभीर मरीजों को तत्काल और बेहतर इलाज मिलेगा। डॉ.अतुल कुमार ने आभार जताया। डायरेक्टर आदित्य मूर्ति, डॉ.आरपी सिंह, डॉ. बिंदु गर्ग, डॉ. प्रेम कुमार, चेयरपर्सन डॉ. संध्या चौहान, डॉ.गुंजन अग्रवाल, डॉ.अर्चिता द्विवेदी, डॉ.सुरभि चंद्रा, डॉ.अमृत अग्रवाल, रूबी अहलावत आदि मौजूद रहे।

## बहेड़ी बार अध्यक्ष ने टीम संग मिन्हाज को दी बधाई



बहेड़ी बार के सदस्यों ने मिन्हाज को बधाई दी। ● अमृत विचार

संवाददाता, बहेड़ी

- मिन्हाज को बधाई देने का सिलसिला जारी, माता-पिता को भी दे रहे मुबारकबाद

**अमृत विचार :** सिविल सेवा परीक्षा में 513वीं रैंक लाकर इलाके का नाम रोशन करने वाले मिन्हाज को बधाई मिलने का सिलसिला जारी है। बहेड़ी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने रविवार को अपनी टीम के सदस्यों के साथ पहुंच कर मिन्हाज को बधाई दी।

रिछा कस्बे के रहने वाले और बहेड़ी बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष शकील अहमद ''गुरु'' एडवोकेट के बेटे मिन्हाज के सिविल सर्विसेज की परीक्षा पास करने पर बहेड़ी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामेन्द्र सिंह राठी, महासचिव दीप चंद्र पाण्डेय, कोषाध्यक्ष रविन्द्र सिंह और वरिष्ठ अधिवक्ता ठाकुर कमल सिंह रिछा पहुंचे, और मिन्हाज को उसकी कामयाबी के लिए मुबारकबाद दी।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में दो किशोर समेत तीन गिरफ्तार

**संत कबीर नगर, एजेंसी:** संत कबीर नगर जिले के बखिरा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की से कथित तौर पर दुष्कर्म के आरोप में दो किशोर समेत तीन आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार बालिग आरोपी को विधिक प्रक्रिया पूरी कर कारागार भेज दिया गया है, जबकि दोनों नाबालिगों को बाल संरक्षण गृह भेजा गया है।

मेहदावल के पुलिस क्षेत्राधिकारी सर्वदमन सिंह ने बताया कि पीड़ित लड़की की मां ने शनिवार को दी तहरीर में आरोप लगाया कि दो नाबालिग समेत तीन लोगों ने गुरुवार व शुक्रवार की मध्य रात उनकी 15 वर्षीया नाबालिग बेटी से कथित तौर पर दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने रविवार को बखिरा थाना क्षेत्र के भैसमथान गांव से तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया।

# जमीन बेचने के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

### आजमगढ़ में कृष्णचन्द्र राय को स्वाट और कोतवाली पुलिस की सयुक्त टीम ने दबोचा

संवाददाता,आजमगढ़

**अमृत विचार:** जिले में फर्जी नक्शा-नजरी और कूटरचित दस्तावेजों के जरिए जमीन बेचने के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाले गैंग का पुलिस ने खुलासा किया है। कोतवाली पुलिस और स्वॉट टीम ने गैंगस्टर, हिस्ट्रीशीटर और भूमाफिया कृष्णचन्द्र राय को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार अब तक अलग-अलग मामलों में करीब 2 करोड़ 87 लाख रुपये की ठगी सामने आई है।

थाना शहर कोतवाली क्षेत्र के मधुबन गांव निवासी रूद्रान्श राय ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनका पूर्व परिचित कृष्णचन्द्र राय पुत्र सुखसागर राय निवासी मोहम्मदपुर फेटी थाना बरदह, जो जमीन खरीद-फरोख्त और दलाली का काम करता है, ने मई 2023 में कोडर अजमतपुर स्थित जमीन बेचने का प्रस्ताव दिया था। आरोपी ने बार-बार संपर्क कर जमीन खरीदने के लिए प्रेरित किया और कथित जमीन मालिकों से मिलवाकर भरोसा दिलाया कि जमीन का एग्रीमेंट कर दिया जाएगा तथा भुगतान किस्तों में लिया जाएगा।

**विभिन्न बैंक खातों के माध्यम से 33 लाख अग्रिम लिए**

वादी के अनुसार, आरोपी कृष्णचन्द्र राय, उसकी पत्नी रेनू राय, पुत्र संगम राय और अन्य साथियों ने कोडर अजमतपुर में करीब 10 बिस्वा जमीन दिखाते हुए उसे विवाद-मुक्त बताया और 10 लाख रुपये प्रति बिस्वा के हिसाब से सौदा तय किया। इसके बाद पैसों की तत्काल जरूरत बताकर वादी से विभिन्न बैंक खातों के माध्यम से 33 लाख 30 हजार रुपये अग्रिम ले लिए गए। बाद में कुछ लोगों द्वारा आंशिक रूप से जमीन का एग्रीमेंट किया गया, लेकिन अन्य कथित मालिकों ने न तो एग्रीमेंट किया और न ही जमीन पर कब्जा दिया।

बार-बार टालमटोल होने पर वादी को संदेह हुआ। स्थानीय स्तर पर जानकारी करने पर पता चला कि दिखाई गई अधिकतर जमीन बंजर है और कई गाटा संख्या उस स्थान से संबंधित ही नहीं हैं।

सीओ नगर शुभम तोदी ने बताया कि आरोपियों ने राजस्व अभिलेखों का फर्जी नक्शा-नजरी तैयार कर उस पर राजस्व निरीक्षक और तहसीलदार की फर्जी मुहर व हस्ताक्षर लगाकर वादी को दिखाया और उसी आधार पर एग्रीमेंट कराया। जब वादी ने 21 फरवरी 2026 को अपना पैसा वापस मांगा तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी।

इस मामले में कोतवाली थाने में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रविवार को अजमतपुर कोडर क्षेत्र से आरोपी कृष्णचन्द्र राय को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपने साथियों के साथ मिलकर जमीन के फर्जी एग्रीमेंट और कूटरचित दस्तावेजों के जरिए लोगों से बड़ी रकम ठगने की बात स्वीकार की है।

सीओ नगर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ जनपद के विभिन्न थानों में पहले से ही एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

**आयोजन**



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नागपुर में रविवार 8 मार्च को आयोजित बाइक रैली में पारंपरिक परिधान पहनकर भाग लेतीं महिलाएं। उन्हें देखने के लिए सड़क के किनारे तमाम लोग एकत्र हो गए। ● एजेंसी


**क्षेत्रीय कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स, सोसाइटीज तथा चिट्स**

193-ए, सिविल लाइन्स बरेली मण्डी बरेली

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मोहम्मद शहीद पुत्र श्री मोहम्मद उमर द्वारा चंदपुर बिचपुरी नूरी मस्जिद कब्रिस्तान इंतेजामिया कमेटी, ग्राम चंदपुर बिचपुरी तहसील व जिला बरेली के मुतवल्ली की हैसियत से पंजीकण हेतु सोसा. रजि. 1860 के अन्तर्गत ऑनलाईन पंजीकरण शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। उक्त संस्था के स्मृति पत्र व नियमावली में निम्नलिखित पदाधिकारी व सदस्य दर्शाये गये है।

| क्र.सं. | नाम/पिता/पति का नाम | पद |
|---|---|---|
| 1. | जाबिर पुत्र शाबीर | सदर |
| 2. | मुश्ताक अहमद पुत्र अब्दुल मजीद | नयब सदर |
| 3. | मोहम्मद शहीद पुत्र मोहम्मद उमर | मुतवल्ली |
| 4. | तस्लीम आरिफ पुत्र मोहम्मद रजा | खजांची |
| 5. | शकील पुत्र अखबार अली शाह | सदस्य |
| 6. | जाबिर अली पुत्र अखबार अली शाह | सदस्य |
| 7. | जहरउद्दीन पुत्र करीमबख्श | सदस्य |
| 8. | इसरार पुत्र इमामुद्दीन | सदस्य |
| 9. | मो. हुसैन अंसारी पुत्र मुंशी | सदस्य |
| 10. | अफसर पुत्र उस्मान | सदस्य |
| 11. | इम्तियाज मंसूरी पुत्र मो. मुसताक मंसूरी | सदस्य |

उपरोक्त संस्था के पंजीकरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर इस कार्यालय को दस्तावेजी साक्ष्यों एवं फोटो युक्त नोटरी शपथ पत्र सहित आपत्ति प्रस्तुत किया जा सकता है। उपरोक्त सार्वजनिक सूचना/नोटिस सोसा. रजि. अधि. 1860 की धारा 3(1) के ''परन्तुक'' के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

**सहायक रजिस्ट्रार, बरेली**


## महिला और बचाने आए लोगों के साथ मारपीट

**बीसलपुर, अमृत विचार** : गाली गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने महिला के साथ मारपीट की। बीच बचाव कराने आए लोगों को भी पीट दिया। इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कोतवाली में तहरीर दी गई है।


**नोटिस वजहआम (आमतौर पर)**
**व अदालत सिविल जज (जू.डि.) महोदय, बीसलपुर पीलीभीत**
**विविध वाद संख्या-34 सन् 2025**

1. मोहन लाल गंगवार पुत्र लालता प्रसाद निवासी ग्राम बहादुरपुर हुक्मी परगना व तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत। 2. उमेश कुमार पुत्र मुक्ता प्रसाद निवासी ग्राम बहादुरपुर हुक्मी परगना व तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत 3. जितेन्द्र कुमार पुत्र मुक्ता प्रसाद निवासी ग्राम बहादुरपुर हुक्मी परगना व तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत। .....प्रार्थी

1. भूपराम पुत्र बुद्धप्रकाश निवासी ग्राम बहादुरपुर हुक्मी परगना व तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत 2. उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा जिलाधिकारी पीलीभीत 3. आम जनता विपक्षी

चूंकि मुसम्मी उपरोक्त ने आपके नाम एक दरखास्त इस अदालत में गुजरनी है कि लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप दिनांक 30.04.26 हाजिर अदालत होकर दरखास्त हाजा के खिलाफ वजह दिखाये बरना गैर हाजिरी में दरखास्त हाजा समाअत की जावेगी। आज दिनांक 07.03.2026 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

**सिविल जज (जू.डि.) बीसलपुर पीलीभीत**


# चालक को झांसा दे बदमाश लूट ले गए कूलरों से लदा मिनी ट्रक

कार्यालय संवाददाता,संभल/ओबरी



असमोली में लूट के बाद घटना स्थल पर खड़े लोग।

**अमृत विचार:** असमोली थाना क्षेत्र में अमरोहा से बहजोई जा रही कूलरों से लदे अशोक लीलैंड मिनी ट्रक को कार सवार बदमाश फिल्मी अंदाज में लूट ले गए। बदमाशों ने चालक को कूलर गिरने की आवाज बताकर गाड़ी रुकवाई। चालक नीचे उतरकर रस्सी कसने लगा, उसी दौरान बदमाश कूलर लदा वाहन लेकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालते हुए बदमाशों की तलाश में जुट गई है।

चालक शाहिद हुसैन ने बताया कि वह अमरोहा में आनंद पिक्चर हॉल के पास रहने वाले मोहम्मद शाकिर के यहां से अशोक लीलैंड मिनी ट्रक नंबर UP 23 T 5155 में 20 कूलर लादकर संभल जिले के बहजोई स्थित मुकुल की दुकान पर ले जा रहा था। रविवार तड़के करीब 4:30 बजे जब वह संभल-जोया मार्ग पर स्थित मीत ब्रिक वर्क ईंट भट्ठे के पास पहुंचा, तभी पीछे से आ रही एक स्विफ्ट कार में सवार तीन-चार लोगों ने आवाज लगाई कि उसकी गाड़ी से कूलर गिर रहा है। यह सुनकर उसने गाड़ी रोक दी।

चालक के अनुसार वह नीचे रस्सी कसने लगा, तभी बदमाशों में से एक मिनी ट्रक की ड्राइबिंग सीट पर बैठ गया और गाड़ी लेकर मनोटा की ओर फरार हो गया। चालक कुछ दूर तक शोर मचाते हुए गाड़ी के पीछे दौड़ा, लेकिन बदमाश तेज रफ्तार से भाग निकले। इसके बाद चालक पास के ईंट भट्ठे पर पहुंचा और वहां मौजूद एक व्यक्ति का मोबाइल लेकर डायल 112 पर कॉल करने का प्रयास किया। कॉल न लगने पर उसने घटना की जानकारी कूलर के मालिक मोहम्मद शाकिर को दी। कुछ ही देर में मोहम्मद शाकिर मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और पीड़ित को साथ लेकर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालते हुए बदमाशों की तलाश में जुट गई।

## जनधन खातों के जरिए साइबर ठगी करने वाले पांच गिरफ्तार

**मथुरा,एजेंसी:** मथुरा में साइबर पुलिस ने जनधन खातों के जरिए साइबर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए बैंक कर्मी समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में बैंक ऑफ महाराष्ट्र की कृष्णा नगर शाखा में कार्यरत संविदा कर्मचारी नीरज भी शामिल है।

आरोप है कि वह लंबे समय से निष्क्रिय पड़े जनधन खातों की पहचान कर अपने साथियों के साथ मिलकर उनमें मोबाइल नंबर बदलवा देता था और फर्जी तरीके से एटीएम कार्ड व चेकबुक जारी करवा लेता था। पूछताछ में पता चला कि गिरोह इन खातों का एटीएम, चेकबुक और क्यूआर कोड भरतपुर और जयपुर में बैठे अपने सहयोगियों को उपलब्ध कराता था, जहां इन खातों का उपयोग साइबर ठगी से प्राप्त रकम मंगाने के लिए किया जाता था। प्रति खाता गिरोह को करीब 25 हजार रुपये कमीशन मिलता था।

# साइबर ठगों के दो मददगार गिरफ्तार, खुलवाते थे बैंक खाते

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- प्रति खाते 4500 लेते थे, बिहार का आरोपी है मास्टरमाइंड

**अमृत विचार** : चौक कोतवाली पुलिस ने साइबर ठगी करने वाले गिरोह की मदद करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी सीधे-सादे लोगों के आधार कार्ड और पैन कार्ड का इस्तेमाल कर ऑनलाइन बैंक खाते खुलवाते थे, जिनका इस्तेमाल बिहार का एक आरोपी ऑनलाइन ठगी से प्राप्त धन को ट्रांसफर करने के लिए करता था।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी श्रीश गुप्ता और राहिल शाहजहांपुर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के निवासी हैं। बिहार का मुख्य आरोपी इन दोनों को प्रति खाते के बदले 4500 रुपये देता था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 25 हजार रुपये से अधिक नकद सहित कई मोबाइल फोन और बैंकिंग उपकरण बरामद किए हैं। चौक कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बरेली मोड़ स्थित एक सीएसई सेंटर के पास से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पता चला कि श्रीश गुप्ता आवास विकास कॉलोनी का निवासी है, जबकि राहिल तारीन गाड़ीपुर का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से आठ एंड्रॉइड मोबाइल फोन, तीन रिकॉर्ड कॉपी, 25,430 रुपये नकद, 19 जियो पेमेंट बैंक के लिफाफे एटीएम कार्ड सहित, 10 जियो डेबिट कार्ड, दो माइक्रो एटीएम मशीनें, दो बायोमेट्रिक मशीनें और छह एनएसडीएल पेमेंट बैंक के डेबिट कार्ड बरामद किए हैं।

पूछताछ में आरोपी श्रीश गुप्ता ने बताया कि करीब डेढ़ वर्ष पहले उसका बिहार निवासी रोहित रंजन से मोबाइल फोन पर संपर्क हुआ था। राहिल सीधे-सादे लोगों को बहला-फुसलाकर या लालच देकर उनके आधार कार्ड और पैन कार्ड ले आता था।


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
### बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक : 1714/453सी(ई0टेण्डर)-3/25-26 दिनांक 26.02.2026

**ऑन-लाइन निविदा आमंत्रण सूचना**

1- महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, बरेली के कार्य क्षेत्र अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार लो0नि0वि0 में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से स्वीकृति की प्रत्याशा में प्रतिशत दरों पर ऑन लाईन ई निविदा दिनांक 10.03.2026 से दिनांक 17.03.2026 की अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 17.03.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे ऑन-लाईन खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:-

| क्र0 सं0. | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | 05 वर्ष अनुरक्षण लागत (रू0 लाख में) | योग 4+ 5 | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1- | वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद बरेली में गैनी से भोजपुर मढी तक (नौगवां ब्रहम्नान)का नव निर्माण का कार्य। | निर्माण खण्ड-1 बरेली | 117.64 | 8.82 | 126.47 | 8.32 | 6 माह | 2725.00 | ए,बी (मार्ग कार्य हेतु ) |
| 2 | वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद बरेली में देवीपुर सें रहगवा होते हुये गिरन्दपुर मार्ग में नव निर्माण का कार्य। | निर्माण खण्ड-1 बरेली | 95.08 | 7.13 | 102.21 | 7.11 | 6 माह | 2725.00 | ए,बी (मार्ग कार्य हेतु ) |

2- निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइटhttp://etender.up.nic.inपर लॉग ऑन किया जा सकता है।

UP - 247500 दिनांक: 07/03/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(राजीव अग्रवाल)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1,लो0नि0वि0,बरेली

(प्रकाश चन्द्र)
अधीक्षण अभियन्ता
बरेली वृत, लो0नि0वि0 बरेली



## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
### बदायूॅ/पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक 1278/7निविदा(पी0डी0)(ई-टेण्डर)-08/2024-25 दिनांक 24.02.2026

**अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बदायूॅ/पीलीभीत वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बदायूॅ के क्षेत्र के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ई-निविदा प्रतिशत दरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र बेवसाइट/पोर्टल पर दिनांक 10.03.2026 से दिनांक 17.03.2026 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेगें एवं तकनीकी विड दिनांक 17.03.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित निर्माण लागत (रू0 लाख में) | विड सिक्यू रिटी (रू0 लाख में) | बिड डाक्यू मेन्ट का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने का समय | फर्म/ठेकेदारों की आवश्यक पंजीकरण श्रेणी (Road Work) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | उझानी पटपरागंज भूडा भदरौल कुढाशाहपुर ककोडा मार्ग पर नवीनीकरण हेतु विभागीय हॉट मिक्स प्लांट (बरेली मथुरा मार्ग के किमी 133 कछला घाट के पास स्थित) पर ग्रिट आपूर्ति एवं बी.सी. लेइंग हेतु लेवर आपूर्ति का कार्य। | 40.20 | 4.10 | 2714.00 | 03 माह | A, B & C |
| 2 | उसैहत कादरचौक वाया गढिया हरदुआपटटी टिकरीततारपुर मार्ग पर नवीनीकरण हेतु विभागीय हॉट मिक्स प्लांट (बरेली मथुरा मार्ग के किमी 133 कछला घाट के पास स्थित) पर ग्रिट आपूर्ति एवं बी.सी. लेइंग हेतु लेवर आपूर्ति का कार्य। | 96.00 | 6.8 | 2714.00 | 03 माह | A & B |

2. निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉन ऑन किया जा सकता है।

UP - 247599 दिनांक: 07/03/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(नरेष कुमार)
अधिषासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बदायूॅ

(के0के0सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
बदायूॅ/पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0,बरेली



**कार्यालय तहसीलदार बीसलपुर**

पत्रांक : 223/रा.का./2026 **प्रेस विज्ञप्ति** दिनांक : 07.03.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील बीसलपुर क्षेत्रान्तर्गत राजस्व ग्राम ग्राम मूसेपुर जयसिंह, तहसील बीसलपुर स्थित गाटा संख्या-77/0.632 हे. श्रेणी 5-3 बंजर दर्ज कागजात है। उक्त भूमि पर स्थित 06 शीशम, 02 आम, 02 जामुन, 01 इमली, 01 शेमर कुल 10 वृक्षों की नीलामी दिनांक 27.03.2026 को नियत की गयी है। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 27.03.2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक तहसील बीसलपुर के सभागार में उपस्थित होकर 10000/- रू. जमानत राशि जमा कर नीलामी में भाग ले सकते है।

**नीलाम अधिकारी/तहसीलदार**
**तहसील-बीसलपुर**


## सियार के हमले में दो लोग गंभीर रूप से घायल

**बेहजम , अमृत विचार:** इलाके में सियार के हमले से दहशत का माहौल बन गया है। रविवार सुबह खेत जा रहे दो युवकों पर सियार ने अचानक हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। इससे पहले शनिवार को भी सियार ने एक भैंस पर हमला कर उसे घायल कर दिया था।

नीमगांव थाना क्षेत्र के बरुई गांव निवासी सुरेश वर्मा रविवार सुबह गांव के ही शिवा के साथ खेत पर गन्ना छीलने जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में झाड़ियों से निकलकर एक सियार ने दोनों पर अचानक हमला कर दिया। सियार ने दोनों युवकों को बुरी तरह नोच डाला, जिससे उनके शरीर पर गहरे जख्म हो गए। युवकों के शोर मचाने पर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों को अपनी ओर आता देख सियार वहां से भाग निकला। इसके बाद परिजनों ने आनन-फानन में दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेहजम में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार किया गया। बताया जा रहा है कि शनिवार को भी सरायन नदी के पास मितौली थाना क्षेत्र के डलुआपुर गांव निवासी विजय सिंह की भैंस पर सियार ने हमला कर उसे घायल कर दिया था।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ-खीरी**

संख्या-715/न.पा.प.गोला/मेला चैती/अल्पकालीन निविदा सूचना/2025-26 दिनांक : 6.3.26

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ-खीरी द्वारा आयोजित ऐतिहासिक मेला चैती 2026 हेतु पालिका के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/अनुभवी फर्मो से निम्न विवरण के अनुसार व्यवस्था किये जाने हेतु मुहरबन्द निविदाएं दिनांक 18.03.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य सं. 1 से 6 तक के लिये निविदा प्रपत्र दिनांक 18.03.2026 को अपरान्ह 01:00 बजे तक नकद मूल्य पर क्रय किये जा सकते है। जो तद्दिनांक को अपरान्ह 03:00 बजे पालिकाध्यक्ष के समक्ष खोली जाएगी। निविदा के साथ जमानत धनराशि जो एफ.डी.आर. के रूप में जोकि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गोला के नाम बन्धक हो, विशेष परिस्थितियों में जमानत राशि परिषद कोष में नकद/ऑनलाइन भी जमा की जा सकती है। प्रत्येक निविदा के साथ 100/- मूल्य के नोटरी स्टाम्प जिसमें यह उल्लिखित हो कि उसकी फर्म काली सूची में दर्ज नहीं है और यह वर्णित कार्यो को करने की अर्हता रखता है। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने एवं बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कार्य सं. 7 में वर्णित कार्यो के लिये अलग-अलग कोटेशन नगर पालिका में जमा करने होंगे। अन्य नियम व शर्तें किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से ज्ञात की जा सकती है। कार्य के निमित्त तैयार बिलों का भुगतान तकनीकी स्वीकृति के पश्चात दरों पर ही किया जाएगा, जिससे नियमानुसार करों की कटौती की जायेगी एवं उल्लिखित मद में धनराशि की उपलब्धता होने पर ही भुगतान किया जा सकेगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | जमानत राशि | निविदा शुल्क | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मेला चैती 2026 में मेला परिसर, मेला कैम्प, मार्गो पर, पानी की टंकी, अशोक चौराहा पर प्रकाश व्यवस्था, अस्थाई विद्युतीकरण व्यवस्था का कार्य | 20,000 | 944 | सम्पूर्ण मेला अवधि |
| 2. | मेला चैती 2026 में लाइट फैन्सी गेट, सदर चौराहा, खुटार रोड, लखीपुर रोड, मेला रोड, शिवम् चौराहा मेला/मन्दिर मार्ग आदि पर लाउडस्पीकर एवं मंच पर साउण्ड सिस्टम लाउडस्पीकर का कार्य | 20,000 | 944 | |
| 3. | मेला चैती 2026 में कैम्प कार्यालय, पुलिस सहायता, चिकित्सा सहायता, ब्रहमाकुमरी कार्यालय, कपिलश फाउण्डेशन के लिये टेन्ट, फाइबर कुर्सी, स्टील कुर्सी, पण्डाल में कूलर, पंखा आदि व्यवस्था का कार्य | 20,000 | 944 | |
| 4. | मेला चैती 2026 में सांस्कृतिक मंच व्यवस्था हेतु पण्डाल, मेला हेतु गेट, कुर्सी फाइवर, कुर्सी स्टील, सोफा, महिला पुरूष पार्टिशन, वीआईपी दीर्घा, पत्रकार दीर्घा बनाये जाने के लिये बैरिकेट आदि की व्यवस्था का कार्य | 20,000 | 944 | |
| 5. | मेला चैती 2026 हेतु लगने वाली दुकानों के लिये मिट्टी पटाई, दरेशी, लेवलिंग आदि का कार्य | 10,000 | 944 | |
| 6. | मेला चैती 2026 हेतु सुरक्षा की दृष्टिकोण से कैमरा अधिष्ठापन का कार्य | 5,000 | 944 | |
| 7. | मेला चैती 2026 में प्रचार प्रसार हेतु बैनर, फ्लैक्स, मेला में पानी छिड़काव हेतु सामग्री, मिस्त्री, लेबर हेतु, समावट की फूलपत्ती, अतिथि हेतु फूलमाला बुके, अतिथि हेतु अलपान, कार्यक्रम की फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी, बच्चों को दिये जाने वाले पुरूस्कार, अतिथियों को दिये जाने वाले मोमेन्टो, चैती मेला समापन पर विमोचन हेतु स्मारिका, आये हुये कलाकारों के रूकने के लिये रूम हेतु पृथक-पृथक कोटेशन। | - | - | |

नोट : 1. निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
2. कार्य/आपूर्ति कार्यालय के निर्देशानुक्रम में आवश्यकतानुसार करनी होगी।
3. ठेकेदार के बिल से नियमानुसार आयकर/जी.एस.टी. की कटौती की जायेगी।
4. बिना जमानत के निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

अधिशासी अधिकारी अध्यक्ष
**नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ-खीरी**


# दहशत फैलाने वाला तेंदुआ पिंजरे में कैद



दहौरा नाला क्षेत्र में कई महीनों से दहशत फैलाने वाला तेंदुआ पिंजरे में कैद। ● अमृत विचार

संवाददाता, धौरहरा

- भूरे हलवाई की जान लेने के बाद इलाके में फैला था खौफ
- वन विभाग की कार्रवाई से ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

**अमृत विचार:** वन रेंज धौरहरा के दहौरा नाला क्षेत्र में कई महीनों से आतंक मचा रहे खूंखार तेंदुए को वन विभाग ने रविवार को पिंजरे में कैद कर लिया। 3-4 माह में तीसरी बार है जब वन विभाग टीम को तेंदुए पकड़ने में सफलता मिली है। 9 फरवरी को एक अन्य तेंदुआ को रेस्क्यू किया था।

दहौरा नाला क्षेत्र के आसपास तेंदुए की लगातार सक्रियता से किसानों और ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ था। बीते माह नौ फरवरी को इसी नाले के किनारे खेत में काम कर रहे भूरे हलवाई को तेंदुए ने अपना शिकार बना लिया था। अगले दिन खेतों में अधखाए अवशेष मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया था। तेंदुए के डर से किसानों की आवाजाही कम हो गई थी, जिससे नाले के किनारे झाड़ियां और घना वन क्षेत्र फैल गया था। वहीं, नाले के पास पानी पीने आने वाले छुट्टा गोवंश और जंगली पशु तेंदुए का शिकार बन जाते थे।

वन क्षेत्राधिकारी नृपेंद्र कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने क्षेत्र में लगातार निगरानी शुरू की और कई स्थानों पर पिंजरे लगाए। रविवार को आखिरकार तेंदुआ पिंजरे में फंस गया, जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

किसान रामस्वरूप ने बताया कि वन विभाग की तत्परता से अब बिना डर के खेतों में जा सकेंगे। वहीं अन्य ग्रामीणों ने छुट्टा पशुओं को नाले के किनारे जाने से रोकने की जरूरत बताई। वन विभाग ने भी क्षेत्र में सतर्कता बरतने की बात कही है।

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रपति, लोस अध्यक्ष पद का राजनीतिकरण ठीक नहीं: मायावती



**अमृत विचार, लखनऊ :** बंगाल में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के अपमान और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विरोध मामले को बसपा प्रमुख मायावती ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा है कि भारतीय संविधान की भावना के अनुसार सभी को राष्ट्रपति पद का सम्मान करना चाहिए और उसके प्रोटोकॉल का भी ध्यान रखना जरूरी है। इस पद का किसी भी तरह से राजनीतिकरण करना सही नहीं है। बसपा प्रमुख ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर जारी बयान में कहा कि वर्तमान में देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू एक महिला होने के साथ-साथ आदिवासी समाज से भी आती हैं, लेकिन हाल ही में वेस्ट बंगाल में उनके दौरे को लेकर जो घटनाएं हुईं, वे नहीं होनी चाहिए थीं। आगे कहा कि पिछले कुछ समय से संसद में भी खासकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के पद का जिस तरह राजनीतिकरण किया जा रहा है, वह भी उचित नहीं है। सभी को संवैधानिक पदों की गरिमा बनाए रखते हुए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर उनका सम्मान करना चाहिए। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि संसद का सोमवार से शुरू हो रहा सत्र देश और जनहित के मुद्दों पर सुचारु रूप से चलेगा। यही जनता की अपेक्षा और समय की मांग भी है।

### 60 से अधिक महिलाओं ने किया 'लखनऊ दर्शन'

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस में महिलाओं के लिए विशेष 'लखनऊ दर्शन' यात्रा का आयोजन किया गया है। उप्र. स्टेट टूरिज्म डवलपमेंट कार्पोरेशन द्वारा आयोजित इस विशेष भ्रमण में डॉक्टर, उद्यमी, सामाजिक कार्यकर्ता, इंजीनियर और गृहणियों सहित 60 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया और शहर के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि 'लखनऊ दर्शन' बस सेवा समाज को जोड़ने और सशक्तिकरण का संदेश देने का माध्यम बन रही है। महिलाओं का योगदान राष्ट्र की शक्ति है और उनका सम्मान करना हम सभी की जिम्मेदारी है। रविवार सुबह शुरू हुई इस यात्रा में महिलाओं ने शहर के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों को करीब से देखा। विधानसभा भवन और रेजीडेंसी सहित कई स्थानों का भ्रमण प्रतिभागियों के लिए खास आकर्षण रहा। यात्रा के दौरान गाइड ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना उदादेवी की वीरगाथा भी सुनाई, जिसने प्रतिभागियों को इतिहास से रूबरू कराया।

### जन भवन में हुआ 200 महिलाओं का सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जन भवन में आयोजित समारोह में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आई करीब 200 महिलाओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस, सेना, प्रशासन, शिक्षा, ग्राम प्रधान, कृषि उत्पादन संगठनों, राजकीय बाल संरक्षण गृह, समाज सेवा और विभिन्न उद्यमों से जुड़ी महिलाओं ने भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए। कई महिला उद्यमियों ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत शुरू किए गए अपने व्यवसायों और नवाचारों की जानकारी भी दी। राज्यपाल ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने महिलाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर और नेतृत्वकारी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि जीवन में सकारात्मक सोच रखना आवश्यक है और चुनौतियों के बीच समाधान का मार्ग तलाशना चाहिए।

### कैंडल मार्च निकाल कर दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लखनऊ में एप्स्टीन फाइल्स के खुलासे में यौन शोषित मासूम बच्चियों की क्रूरता से की गई हत्या मामले में रविवार को कांग्रेस ने कैंडल मार्च निकाल कर विरोध दर्ज कराया। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के निर्देश पर मृतक बच्चियों को मार्च निकाल कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कैंडल मार्च का नेतृत्व उप्र. महिला कांग्रेस मध्य जोन की अध्यक्ष ममता चौधरी ने किया। कैंडल मार्च में मध्यजोन की ही उपाध्यक्ष सुशीला शर्मा सहित सैंकड़ों महिलाएं मौजूद रहीं।



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अमृत विचार के लखनऊ कार्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन कर महिलाओं को सम्मानित किया गया।

# प्रकृति की सच्ची संरक्षिका, सृजन का जीवंत रूप नारी

- अमृत विचार में जुटी नारी शक्ति ने की समाज में अपनी भूमिका पर बात

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अमृत विचार कार्यालय में विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के झंडे गाड़ने वाली महिलाओं ने समाज में अपने स्थान और भूमिका पर मजबूती से अपनी बात रखी।

गांव में महिलाओं की स्थिति पर बात की गई तो शहर में बच्चों की पिज्जा, मोमोज और अन्य फास्टफूड की तरफ बढ़ती दिलचस्पी के कारणों पर भी पक्ष रखा गया। महिलाओं ने कहा कि बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए उनके बेहतर खानपान पर ध्यान रखना भी माताओं की जिम्मेदारी है।

प्रकृति के संरक्षण पर उन्होंने कहा कि आरओ से निकलने वाले वेस्ट वाटर का पेड़ पौधों में इस्तेमाल किये जाने, पर्यावरण को बचाने के लिए उनके द्वारा किये जाने वाले उपायों के साथ-साथ महिलाओं ने बताया कि बच्चों के लिए मां ही पहली शिक्षक होती है। मां ही सिखा सकती है कि नल को खुला मत छोड़ो। ब्रश करो तो उतनी ही देर पानी खोलो जितनी देर जरूरत है क्योंकि पानी बहुत बड़ी नेमत है और इसे हर हाल में बचाकर रखना होगा।

एक महिला ने कहा कि कई बार महिलाओं के पहनावे पर सवाल उठते हैं। कहा जाता है कि महिला सही तरह से कपड़े पहने तो हालात बेहतर हो सकते हैं।

इसके जवाब में महिलाएं ही सवाल उठाने लगती हैं कि छह साल की बच्ची से रेप की घटना हो जाती है तो उसमें पहनावा कहां बीच में आया लेकिन यह सब बातें अपनी जगह, बेहतर होगा कि अगर किसी महिला का पहनावा सही न हो तो दूसरी महिला ही उसे टोक दे। महिला शिक्षा पर भी बात हुई।

डॉ. भारती पाण्डेय, अर्थशास्त्र विभाग, श्रीजयनारायण पीजी कॉलेज, डॉ. अनामिका चौधरी, अर्थशास्त्र विभाग, डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, डॉ. सुप्रिया सिंह, समाजशास्त्र विभाग, खुनखुन जी गर्ल्स कॉलेज. पूजा गुप्ता, स्पोर्ट्स टीचर, राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज, डॉ. रुचिता सुजय चौधरी, पत्रकारिता विभाग, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, प्रो. रचना श्रीवास्तव, प्राचार्य एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज, प्रो. मंजुला उपाध्याय, प्राचार्या, नवयुग कन्या महाविद्यालय, मधु तांबे, सचिव, जेएफ चैरिटेबल ट्रस्ट व पूर्व उपनिदेशक सूचना, डॉ. श्वेता साधवाणी, प्रो. अमिता कन्नोजिया, -रुचि सिंह, व्यापारी नेता और डॉ. स्नेह लता आगि ने अपने विचार रखे।

# मुख्यमंत्री ने बढ़ाया महिलाओं-बेटियों का हौसला

## कहा, आने वाले समय में विधानसभाओं और संसद में 33 फीसदी सीटों पर चुनकर जाएंगी महिलाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में महिला सशक्तीकरण की योजनाएं गिनाते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले समय में विधानसभाओं और संसद में 33 फीसदी सीटों पर बेटियां व बहनें चुनकर जाएंगी।

उन्होंने कहा कि बहुत जल्द लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना लॉन्च होगी साथ ही मिशन शक्ति अभियान का अगला चरण नवरात्र से शुरू करने की घोषणा भी की।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित करने के साथ पिंक रोजगार महाकुंभ-2026 का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के बाद उत्तर प्रदेश में आए व्यापक बदलाव के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 5-टी मॉडल—ट्रेडिशन, टेक्नोलॉजी, ट्रांसपेरेंसी, ट्रस्ट और ट्रांसफॉर्मेशन की बड़ी भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत की। इसके बाद मातृवंदना योजना समेत कई योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जोड़ा गया, जिससे देश और प्रदेश की बेटियां स्वावलंबन की ओर बढ़ रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने समय-समय पर महिलाओं के लिए कई योजनाएं चलाई है। आगे भी उनके बेहतर जीवन के लिए नई योजनाओं पर काम किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर लगी प्रदर्शनी और श्रम विभाग की लघु फिल्म का भी अवलोकन किया तथा विभिन्न योजनाओं से जुड़ी महिलाओं को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दौरान तरक्की के लिए कई सुझाव भी दिए।

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य, अनिल राजभर, राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, मनोहर लाल 'मन्नू कोरी', महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता सिंह चौहान, उपाध्यक्ष अपर्णा यादव सहित तमाम जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सभी ने मुक्तकंठ से सराहना की।


अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री ने कन्या सुमंगला योजना की लाभार्थी नन्ही शानवी गुप्ता को टेडी बियर भेंट किया। उन्होंने अन्य बच्चियों से बातचीत कर पूछा आगे क्या बनना चाहती हैं।

### बेटी के जन्म से शिक्षा तक सरकार का सहारा

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार की योजनाओं का उद्देश्य बेटियों को आत्मनिर्भर बनाना है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत बेटी के जन्म से लेकर स्नातक तक की पढ़ाई के लिए 25 हजार रुपये की सहायता दी जा रही है और वर्तमान में प्रदेश की लगभग 27 लाख बेटियां इसका लाभ ले रही हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सरकार अब एक विवाह पर लगभग एक लाख रुपये खर्च कर रही है और अब तक चार लाख से अधिक बेटियों के विवाह में सरकार ने सहयोग दिया है।

### बेटी की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों की धरती पर जगह नहीं

- योगी ने कहा कि वर्ष 2017 के पहले बेटी-व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। कर्फ्यू, दंगा, पलायन, दुर्व्यवस्था, अराजकता यूपी की पहचान बन गए थे। यूपी के कई जनपदों में अभिभावक बेटियों को स्कूल नहीं भेजते थे, यदि बेटी को पढ़ाना है तो यूपी के बाहर हॉस्टल या रिश्तेदार के यहां भेज देते थे। लेकिन अब यूपी की हर बेटी खुद को सुरक्षित महसूस करती है। आज बेटियां स्कूल जा रही हैं। कोई डर-संकोच नहीं, सुरक्षा सरकार के जिम्मे है। शोहदों के इलाज के लिए यूपी पुलिस में 20 फीसदी बेटियों की भर्ती की गई। सीएम ने दो-टूक कहा कि बेटी की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को इस धरती पर जगह नहीं मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश की बेटियां बिना डर के स्कूल-कॉलेज जा रही हैं। उन्होंने सख्त शब्दों में कहा कि यदि कोई शोहदा बेटियों की सुरक्षा में बाधा बनेगा तो "अगले चौराहे पर उसका टिकट काटने के लिए यमदूत तैयार बैठे हैं।" इस बयान पर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।


अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कर्मियों को सम्मानि करने के साथ अन्य महिलाओं-बेटियों को योजनाओं से लाभान्वित भी किया।

### योगी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से किया 600 महिला उद्यमियों से संवाद

- इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी मंडल के वाराणसी, चंदौली, गाजीपुर और जौनपुर जनपदों की 600 से अधिक महिलाएं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संवाद किया। जौनपुर की दुर्गा मौर्य ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बताया कि उन्होंने कृषि विभाग की योजनाओं के तहत एफपीओ बनाकर किसानों की मदद की है। वह 'ड्रोन दीदी' के रूप में भी कार्य कर रही हैं और उद्योग विभाग से ऋण लेकर नमकीन बनाने की फैक्ट्री स्थापित की है, जिससे अन्य महिलाओं को भी रोजगार मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने उनके प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि अब जौनपुर की इमरती के साथ आपकी नमकीन भी खानी पड़ेगी। वाराणसी की सीता देवी ने मुख्यमंत्री को बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के माध्यम से ई-रिक्शा चलाना शुरू किया। शुरुआत में लोगों के ताने सुनने पड़े, डर भी लगा, लेकिन अब वह आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। उन्होंने क्षेत्र की करीब 250 महिलाओं को ई-रिक्शा चलाने का प्रशिक्षण भी दिया है। मुख्यमंत्री ने उनके साहस की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनेंगे। दौली की सोनी कुमारी ने मुख्यमंत्री को बताया कि वे फूलों की खेती करती हैं और महिला समूहों के माध्यम से अन्य महिलाओं को भी इससे जोड़ रही हैं। मुख्यमंत्री ने उन्हें मंदिरों में चढ़ाए गए फूलों से धूपबत्ती और अगरबत्ती बनाने जैसे कार्यों के माध्यम से आय बढ़ाने के सुझाव दिए। गाजीपुर की प्रमिला देवी ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्राथमिक विद्यालय में रसोइया हैं और सरकार की कई योजनाओं से लाभान्वित हैं। उन्हें विधवा पेंशन, पारिवारिक लाभ, कन्या सुमंगला योजना, उज्ज्वला योजना और राशन कार्ड का लाभ मिला है। मुख्यमंत्री ने उनसे आयुष्मान कार्ड के बारे में भी जानकारी ली और उसके उपयोग के लिए प्रेरित किया।

### महिलाओं के सशक्तिकरण से ही मजबूत होगा राष्ट्र व समाज : केशव प्रसाद मौर्य

- अमृत विचार, लखनऊ/कौशाम्बी : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने नारी शक्ति को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि मातृशक्ति सृजन, संवर्धन और उन्नत समाज की आधारशिला है। नारी ही संस्कृति को संजोती है, सभ्यता को आगे बढ़ाती है और राष्ट्र निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाती है। समाज और परिवार के निर्माण में महिलाओं का योगदान सदैव प्रेरणादायी रहा है। उप मुख्यमंत्री ने रविवार को जारी संदेश में कहा कि आज महिलाओं से राष्ट्र को नई सोच, नई दिशा और नई ऊर्जा प्राप्त हो रही है। कौशाम्बी में मौर्या ने कहा कि प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों की 'दीदियाँ' आत्मनिर्भरता की नई पहचान बन रही हैं। कौशाम्बी में आयोजित दो दिवसीय सरस महोत्सव में उन्होंने विभिन्न योजनाओं के महिला लाभार्थियों को करोड़ों रुपये की सहायता राशि वितरित की। उप मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 137 लाभार्थियों को 1.64 करोड़ रुपये का डमी चेक-स्वीकृति पत्र प्रदान किया।

## सफलता की कहानी

### बेकरी खोल प्रभनूर खुद बनीं आत्मनिर्भर, दे रहीं रोजगार

- **अमृत विचार, लखनऊ :** 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' युवाओं और महिलाओं के लिए स्वरोजगार का मजबूत माध्यम बनता जा रहा है। इसी योजना के सहारे कानपुर की प्रभनूर कौर ने अपने शौक को व्यवसाय में बदलते हुए सफल बेकरी कारोबार खड़ा किया और अन्य महिलाओं को भी रोजगार देने का अवसर प्रदान किया। प्रभनूर कौर पहले रिश्तेदारों और मित्रों के लिए केक बनाती थीं। इस काम को आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने दिल्ली और बेंगलुरु में बेकरी वर्कशॉप भी की। इसी दौरान उन्हें मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की जानकारी मिली। जिला उद्योग केंद्र, कानपुर से मार्गदर्शन लेकर उन्होंने योजना के तहत 4.25 लाख रुपये का ब्याजमुक्त ऋण प्राप्त किया और आधुनिक मशीनों व ओवन की खरीद कर अपने व्यवसाय का विस्तार किया। 13 अप्रैल 2025 को बैसाखी के दिन उन्होंने 'स्वीट स्कल्प बाय कौर्स' नाम से बेकरी स्टूडियो की शुरुआत की। आज उनके यहां कस्टमाइज्ड केक तैयार होते हैं और लखनऊ व गोंडा सहित अन्य जनपदों से भी ऑर्डर मिलने लगे हैं।

### मैकरोनी-पास्ता कारोबार से 10 लोगों को रोजगार दे रहीं रचना

- अमृत विचार, लखनऊ : दृढ़ इच्छाशक्ति और मेहनत के बल पर लखीमपुर-खीरी की रचना अग्रवाल ने स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भरता की प्रेरक कहानी लिखी है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना से मिली आर्थिक सहायता ने उनके सपनों को साकार करने में अहम भूमिका निभाई। संतोषनगर निवासी रचना अग्रवाल ने वर्ष 2024 में इस योजना के तहत आवेदन किया, जिसके अंतर्गत उन्हें 25 लाख रुपये का ऋण प्राप्त हुआ। इस आर्थिक सहयोग से उन्होंने अपने पति के सहयोग से लखीमपुर-खीरी में मैकरोनी और पास्ता निर्माण का व्यवसाय शुरू किया। शुरुआत में चुनौतियां जरूर आईं, लेकिन मेहनत और लगन के दम पर उन्होंने अपने उद्यम को मजबूत आधार दिया। आज उनका यह कारोबार न केवल उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बना रहा है, बल्कि 10 अन्य लोगों को रोजगार भी दे रहा है। रचना को यह ऋण इंडियन बैंक के माध्यम से प्राप्त हुआ और आवेदन प्रक्रिया में जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी) तथा बैंक अधिकारियों का भी सहयोग मिला। रचना अग्रवाल बताती हैं कि योजना के तहत उन्हें ऋण राशि पर 35 प्रतिशत सब्सिडी भी मिली, जिससे व्यवसाय स्थापित करने में बड़ी मदद मिली। उनका मानना है कि यदि सरकारी योजनाओं का सही तरीके से लाभ उठाया जाए तो मध्यम वर्ग के लोग भी आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

### अवसर मिले तो देश के विकास में अहम होगी महिलाओं की भूमिका : डिंपल

- **अमृत विचार, लखनऊ :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लोलई गांव में आयोजित महिला सम्मान एवं होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि सपा सांसद डिंपल यादव ने विभिन्न क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देनी वाली महिलाओं को सम्मानित किया। उन्होंने महिलाओं से संवाद करते हुए कहा कि यदि महिलाओं को उचित अवसर और सहयोग मिले तो वे देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। लागन उद्यमी महिला फाउंडेशन द्वारा रविवार को आयोजित समारोह में सपा सांसद ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद साहस और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने वाली महिलाएं समाज की असली ताकत हैं। फाउंडेशन की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि संगठन का लक्ष्य अधिक से अधिक महिलाओं को रोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

## जनसुनवाई

### नोएडा में आज नियामक आयोग के समक्ष उपभोक्ताओं का पक्ष रखेगा उपभोक्ता परिषद

# यूपी में जनसहभागिता से तय की जाएंगी बिजली की दरें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में बिजली दरों के निर्धारण को लेकर सोमवार को ग्रेटर नोएडा में अहम जनसुनवाई होगी। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के सभागार में सुबह 11 बजे से यह जनसुनवाई आयोजित करेगा, जिसमें बिजली कंपनियों के प्रस्तावों और उपभोक्ताओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

जनसुनवाई में निजी क्षेत्र की पहली बिजली कंपनी नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) तथा पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (पीवीवीएनएल) द्वारा प्रस्तुत वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) और बिजली दरों से जुड़े प्रस्तावों पर विचार किया जाएगा। उत्तर



प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इस जनसुनवाई के लिए अपनी तैयारी पूरी कर ली है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा नोएडा पहुंचकर आयोग के समक्ष उपभोक्ताओं का पक्ष मजबूती से रखेंगे। परिषद का कहना है कि बिजली कंपनियां पिछले दरवाजे से दरों में बढ़ोतरी की कोशिश कर रही हैं, जिसे सातवें वर्ष भी सफल नहीं होने दिया जाएगा। परिषद का दावा है कि वर्तमान में बिजली कंपनियों के पास उपभोक्ताओं का करीब 51 हजार करोड़ रुपये सरप्लस है। ऐसे में अगले

#### ये प्रमुख मुद्दे उठेंगे

- बिजली कंपनियों द्वारा प्रस्तुत वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) और बिजली दरों का प्रस्ताव
- बिजली कंपनियों के पास 51 हजार करोड़ रुपये अधिशेष राशि का मुद्दा
- प्रदेश में लागू किए जा रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर उपभोक्ताओं की शिकायतें
- स्मार्ट मीटर के साथ लगे चेक मीटरों की मिलान रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग
- नोएडा-गाजियाबाद के डूब क्षेत्र में बिजली कनेक्शन से जुड़ी समस्याएं
- मल्टी प्वाइंट और सिंगल प्वाइंट कनेक्शन विवाद
- बिल्डरों की मनमानी और उपभोक्ताओं से जुड़े अन्य मुद्दे

पांच वर्षों तक बिजली दरों में बढ़ोतरी का कोई औचित्य नहीं बनता। परिषद का कहना है कि जब कंपनियों के पास पर्याप्त अधिशेष राशि मौजूद है, तब उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालना उचित नहीं होगा।

जनसुनवाई में स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर भी उपभोक्ताओं की नाराजगी प्रमुख मुद्दा बनेगी। परिषद का कहना है कि प्रदेश के कई जिलों में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं के बिजली बिल नेगेटिव आ रहे हैं। वहीं जो उपभोक्ता समय से बिल जमा करते रहे हैं, वे भी अब स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने के बाद रिचार्ज कराने से बच रहे हैं। परिषद ने आरोप लगाया है कि कई स्थानों पर उपभोक्ताओं की सहमति के बिना ही स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए गए और कनेक्शन को प्रीपेड में बदल दिया गया, जो उपभोक्ता अधिकारों के खिलाफ है। परिषद ने यह भी सवाल उठाया है कि स्मार्ट मीटर के साथ लगाए गए चेक मीटरों की मिलान रिपोर्ट सार्वजनिक क्यों नहीं की जा रही है।

जनसुनवाई में नोएडा और गाजियाबाद के डूब क्षेत्र में बिजली कनेक्शन, मल्टी प्वाइंट और सिंगल प्वाइंट कनेक्शन विवाद, बिल्डरों की मनमानी और उपभोक्ताओं से जुड़े अन्य गंभीर मुद्दों को भी आयोग के समक्ष उठाया जाएगा। परिषद का कहना है कि जनसुनवाई में उपभोक्ताओं की समस्याओं को पूरी मजबूती के साथ रखा जाएगा, ताकि बिजली दरों के निर्धारण में उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा सुनिश्चित हो सके।

### वीमेन एंटरप्रेन्योरशिप प्लेटफॉर्म का यूपी चैप्टर शुरू

लखनऊ, **अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को महिला उद्यमिता को नई दिशा देने के लिए लखनऊ में वीमेन एंटरप्रेन्योरशिप प्लेटफॉर्म का उत्तर प्रदेश स्टेट चैप्टर शुरू किया गया। नीति आयोग की इस महत्वपूर्ण पहल का उद्देश्य महिला उद्यमियों के लिए एक मजबूत और एकीकृत मंच तैयार करना है।




# अमृत विचार

सोमवार, 9 मार्च 2026




तुम इस दुनिया में रहते नहीं हो, बल्कि यहां से गुजर रहे हो।

**–रूमी, सूफी**

## बदलाव का बवंडर

बालेन शाह नेपाल के प्रधानमंत्री बनेंगे अब तकरीबन तय है। पर उन पर या उनकी सरकार पर कोई टिप्पणी उनके पदासीन होने, सरकार गठन के बाद ही उचित है। फिलहाल उनके दल राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रभावशाली प्रदर्शन ने यह बताया है कि नेपाली जनता अब राजनीतिक बदलाव की आकांक्षी है। भ्रष्टाचार, सुस्त विकास, अस्थिर सरकारों से निराश मतदाताओं ने एक अपेक्षाकृत नई राजनीतिक शक्ति को मौका देकर संदेश दिया है कि पारंपरिक राजनीति के विकल्प की तलाश अब केवल बौद्धिक चर्चा नहीं, जनभावना बन चुकी है। पार्टी ने चुनाव प्रचार में पारदर्शिता, सुशासन और विकासोन्मुख प्रशासन को अपना मुख्य एजेंडा बनाया। यह वही मुद्दे हैं, जिन पर दशकों से नेपाली जनता पारंपरिक दलों से असंतुष्ट रही है। यही कारण है कि भ्रष्टाचार-विरोधी और सत्ता-विरोधी नारों ने मतदाताओं के बीच पैठ बनाई।

शुरुआती विश्लेषणों बताते थे कि पहले से बेहतर प्रदर्शन के बावजूद आरएसपी तीसरे स्थान से आगे नहीं बढ़ पाएगी, क्योंकि नेपाल की राजनीति में संगठनात्मक जड़ें, स्थानीय नेटवर्क और जातीय-क्षेत्रीय समीकरण अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। परिणामों ने इन धारणाओं को गलत साबित कर दिया। आरएसपी ने शहरी क्षेत्रों के साथ ग्रामीण और सुदूर इलाकों में भी बेहतर प्रदर्शन किया। इससे संकेत मिला कि पारंपरिक दलों के प्रति असंतोष केवल शहरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वह देशव्यापी भावना बन चुका है। बार-बार की राजनीतिक अस्थिरता, गठबंधन सरकारों की विफलता, रोजगार के अवसरों की कमी और व्यापक भ्रष्टाचार ने आम नेपाली नागरिक को निराश किया है। यही कारण है कि पारंपरिक दलों के दशकों पुराने शासन के प्रति असंतोष धीरे-धीरे राजनीतिक विकल्प की तलाश में बदल गया। इस सफलता के पीछे युवा मतदाताओं की भूमिका अहम रही, जो वैश्विक राजनीति और प्रशासनिक मॉडल से परिचित होने के साथ पारंपरिक राजनीतिक संस्कृति को चुनौती देने के लिए अधिक मुखर है। पारंपरिक दलों के प्रति उनका अविश्वास इस चुनाव में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। युवाओं ने आरएसपी को केवल एक पार्टी के रूप में नहीं, बल्कि राजनीतिक परिवर्तन के प्रतीक के रूप में देखा। केवल युवा ही नहीं बड़ी उम्र के मतदाताओं और ग्रामीण समाज ने भी परिवर्तन की आवश्यकता को महसूस किया। इसके अतिरिक्त वैश्विक नेपाली प्रवासी समुदाय और डिजिटल डायस्पोरा की सक्रियता भी इस चुनाव में महत्वपूर्ण कारक रही। विदेशों में रहने वाले लाखों नेपाली सोशल मीडिया के माध्यम से राजनीतिक बहस में सक्रिय रहे और उन्होंने परिवर्तन के विचार को व्यापक समर्थन दिया। फिर भी इस अप्रत्याशित सफलता के साथ कई चुनौतियां भी सामने हैं। किसी भी नई पार्टी के लिए सबसे बड़ी परीक्षा सत्ता में आने के बाद शुरू होती है।

आरएसपी के पास वास्तव में मजबूत जनादेश है, उसे पारदर्शी प्रशासन, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण और विकास के ठोस परिणाम दिखाने होंगे। साथ ही उसे संगठनात्मक मजबूती, नीति-निर्माण की क्षमता और अनुभवी नेतृत्व की कमी जैसी चुनौतियों से भी जूझना होगा, बहरहाल नेपाल की जनता ने परिवर्तन की इच्छा व्यक्त कर दी है।

### प्रसंगवश

## खाली होते गांव और बड़े होते शहर

भारत की अधिकांश जनता आज भी गांवों में रहती है और उसकी आजीविका का मुख्य स्रोत खेती ही है। इसीलिए भारत को गांवों का देश भी कहा जाता है। पिछले कुछ दशकों से गांवों से शहर की ओर पलायन तेजी से बढ़ा है। 2001 की जनगणना के अनुसार कुल आबादी का लगभग 72.22 प्रतिशत जनसंख्या गांवों में रहती थी, वहीं 2011 की जनगणना के अनुसार ग्रामीण जनसंख्या का प्रतिशत 68.84 रह गया। नवीनतम आंकड़े के अनुसार अब प्रतिशत गिरकर 63.13 रह गया है। ग्रामीण जनसंख्या के पलायन के मूल कारणों में रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा सुविधा एवं अन्य बुनियादी सुविधाएं प्रमुख रूप से हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि एवं पशुपालन प्रमुख आर्थिक स्रोत हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में पारिवारिक विघटन के कारण खेतों का आकार लगातार छोटा होता जा रहा है, जिससे खेती की लागत अधिक एवं लाभ कम हो रहा है। उपज का महंगाई के हिसाब से उचित मूल्य न मिल पाना भी एक कारण है। महंगाई के कारण किसानों की जुताई, बुवाई, कटाई, मड़ाई सभी महंगी होती जा रही है। बेमौसमी बरसात एवं आंधी तूफान के कारण भी किसानों की फसल नष्ट हो जाती है। छुट्टा जानवर भी किसानों के लिए चुनौती बनते जा रहे हैं यदि ग्रामीण क्षेत्रों का परिभ्रमण किया जाए तो यह मालूम होगा कि सभी खेतों की कटीले तारों से किलेबंदी है। जिन खेतों में कटीले तार नहीं हैं, वहां पर फसल बिल्कुल बर्बाद मिलेगी। इस कारण भी लोगों का खेती से मोह भंग हो रहा है और वह आजीविका के लिए शहर की ओर पलायन कर रहे हैं ।




रवींद्र त्रिपाठी
शिक्षक


शिक्षा प्राप्त करने के लिए भी गांव से शहर की ओर पलायन तेजी से बढ़ा है। शहरों में उच्च स्तरीय अंग्रेजी माध्यम के स्कूल संचालित हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा का पूर्णतया अभाव है। शिक्षा से लोगों को रोजगार प्राप्त हो रहा है, इसीलिए शिक्षित होने के लिए भी ग्रामीणों का शहर की ओर पलायन हो रहा है, क्योंकि धीरे-धीरे गांवों में भी लोग शिक्षा के प्रति जागरूक हो रहे हैं और शिक्षा को विकास का जरूरी अंग भी समझ रहे हैं। फलस्वरुप पलायन बढ़ रहा है।

पलायन का तीसरा प्रमुख कारण चिकित्सीय सुविधा है। वर्तमान समय में भोजन की गुणवत्ता में काफी गिरावट आई है। रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के प्रयोग से खाद्य अनाज काफी प्रदूषित हो गया है। प्रदूषित भोजन वायु एवं जल के सेवन से स्वास्थ्य पर बहुत बुरा असर पड़ा है, जिससे अब बीमारियां आम बात हो गई हैं। मधुमेह और रक्तचाप के रोगी आपको हर घर में मिल जाएंगे। इन रोगों का इलाज गांव में आसानी से उपलब्ध नहीं है, जबकि शहर में चिकित्सा की उन्नत सुविधा है। काफी लोग इन्हीं रोगों की बेहतर देखभाल के लिए शहर में घर बना रहे हैं, जिससे गांव से शहर की ओर पलायन तेजी से हो रहा है।

अन्य बुनियादी सुविधाएं भी ग्रामीणों को शहर की ओर आकर्षित कर रही हैं। अच्छी सड़क, शुद्ध पेयजल एवं बिजली की सुविधा भी ग्रामीणों को शहर की ओर खींच रही हैं। गांवों में भी बिजली की सुविधा है, लेकिन उपलब्धता बहुत कम है। प्रायः ग्रामीण क्षेत्रों में शहर के मुकाबले विद्युत आपूर्ति कम मिलती है। बढ़ते तकनीकी युग में अब बिजली आवश्यक जरूरत बन गई है, इसिलिए भी पलायन हो रहा है। पलायन को रोकने में ग्रामीण रोजगार सृजन प्रमुख हो सकता है। इसके अतिरिक्त चिकित्सीय सुविधा एवं शिक्षा व्यवस्था को भी चुस्त-दुरुस्त करके हम गांवों से शहर की ओर हो रहे पलायन को रोक सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## पड़ोसी नेपाल के जनादेश पर भारत की नजर






नवीन गुप्ता
बरेली


भारत और नेपाल के बीच रोटी और बेटी का संबंध है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के रिश्ते बहुत अच्छे नहीं रहे। वहां की जनता तो भारत को बेहद प्यार करती है, लेकिन राजनीतिज्ञों के चीन के प्रति झुकाव से इन रिश्तों में कड़वाहट आई है। नेपाल में जेन जी आंदोलन के बाद हुए आम चुनाव में मतदाताओं ने बड़ा राजनीतिक बदलाव किया है। रैपर से नेता बने बालेंद्र शाह (बालेन) के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) की सरकार नेपाल में बनेगी। बालेन इस सरकार के मुखिया होंगे, यह तय है, क्योंकि पार्टी ने उनके चेहरे पर ही चुनाव लड़ा था।

अब सवाल यह है कि भारत विरोधी पूर्व प्रधानमंत्री केपी ओली को 50 हजार से अधिक वोटों के अंतर से हराने वाले बालेन का रुख भारत के प्रति कैसा रहता है। पूर्व में कुछ ऐसे कदम उन्होंने उठाए थे, जिससे यह कहा जा सकता है कि उनका नजरिया भारत के प्रति बहुत अच्छा नहीं रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री पद पर आने के बाद वे भारत को किस चश्मे से देखते हैं, यह देखना अहेम होगा।

नेपाल में बढ़ते भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी और युवाओं के पलायन से नाराज जेन जी ने पिछले साल बड़ा आंदोलन किया था। कहा जाता है कि अंदरखाने इस आंदोलन का नेतृत्व बालेन शाह ने किया था। युवाओं ने न सिर्फ संसद में तोड़फोड़ की थी, बल्कि प्रधानमंत्री आवास समेत तमाम मंत्रियों और पूर्व प्रधानमंत्रियों के आवास को भी आग के हवाले कर दिया था। मौके की नजाकत को भांपते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी ओली ने पद से त्यागपत्र दे दिया था और वहां पर आंतरिक सरकार का गठन किया गया था। केपी ओली का झुकाव चीन के प्रति सदैव रहा। उनके कार्यकाल में न सिर्फ सरकार में चीन का दखल बढ़ा, बल्कि चीन ने बड़े पैमाने पर निवेश किया। चीन के राजनयिक वहां की सरकार में पूरा हस्तेक्षप करते थे, यह सरकार के फैसलों में दिखता भी था।

यहां तक कि उनकी सरकार ने 100 रुपये के नोट में जो मानचित्र प्रकाशित किया था, उसमें भारत के उत्तराखंड राज्य के लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा को अपना क्षेत्र बता दिया था। ओली सरकार के इस फैसले का भारत सरकार ने कड़ा विरोध भी किया था। नेपाल में परंपरा रही है कि शपथ के बाद प्रधानमंत्री सबसे पहले भारत का दौरा करते थे, लेकिन केपी ओली ने तो इस परंपरा को तोड़ते हुए पहली विदेश यात्रा में चीन गए थे और भारत के विरोध वाले प्रोजेक्ट बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव को नेपाल से जोड़ने की पैरवी तक कर आए थे।

जब उनकी सरकार गिरी, तो उन्होंने भारत का नाम लिए बिना यही कहा था कि उनकी सरकार को गिराने में विदेशी ताकतों का हाथ है, हालांकि चुनाव के समय जनता का मूड वे भांप गए थे और भारत के साथ रिश्ते सुधारने की बात करने लगे थे, पर मतदाताओं ने उनकी नहीं सुनीं और बालेन शाह की पार्टी को सत्ता सौंपने का फैसला किया, हालांकि बालेन शाह ही प्रधानमंत्री होंगे अभी यह तय नहीं है, लेकिन उनके चेहरे पर ही आरएसपी ने चुनाव लड़ा है। ऐसे में उनकी ताजपोशी की प्रबल संभावना है।

बालेंद्र शाह उर्फ बालेन 2022 में काठमांडू के निर्दलीय मेयर चुने गए थे। जेन जी आंदोलन के दौरान युवाओं ने उनके समक्ष अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन उन्होंने कुशल राजनीतिज्ञ की तरह इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। तब उन्होंने कहा था कि वे चुनाव जीतकर सरकार चलाना चाहते हैं। जनवरी 2026 में वे राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी में शामिल हुए थे। यह पार्टी रवि लामिछाने द्वारा संचालित है।

काठमांडू से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले बालेन शाह ने भारत के कर्नाटक स्थित विश्वेश्वरैया टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी से स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में मास्टर्स किया है, इसलिए कभी उनका भारत से काफी गहरा जुड़ाव रहा है, लेकिन उनके कुछ ऐसे फैसले रहे हैं, जो कि यह दर्शाते हैं कि उनके मन में भी भारत के प्रति बहुत ज्यादा लगाव अब नहीं रह गया है।

काठमांडू का मेयर रहते हुए बालेन शाह ने अपने कार्यालय में 'ग्रेटर नेपाल' का मानचित्र लगाया था। इस मानचित्र में भारत के कुछ हिस्से को नेपाल का बताया गया था। इसका विरोध भी हुआ था। इतना ही नहीं उन्होंने बॉलीवुड फिल्म आदिपुरुष के एक डॉयलाग को लेकर नेपाल में हिंदी फिल्मों के प्रदर्शन पर रोक लगाने की चेतावनी भी दे दी थी। बालेन को अमेरिका का कट्टर समर्थक और चीन का विरोधी माना जाता है। ऐसे में उनके सत्ता में आने से चीन की चिंताएं भी बढ़ेंगी, क्योंकि चीन के निवेश का उन्होंने सदैव विरोध किया।

सत्ता संभालने के बाद भारत के प्रति उनका रुख क्या होगा, अभी इस संबंध में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। वैसे आरएसपी का नजरिया भारत के प्रति सकारात्मक रहा है। पार्टी नेतृत्व भारत के साथ संतुलित और समानता-आधारित संबंधों की वकालत करता है, जिससे नेपाल के अपने आर्थिक विकास और संप्रभुता को बल मिले। अब इस पार्टी से जुड़कर सत्ता में आने के बाद बालेन क्या कदम उठाते हैं, यह देखने वाली बात होगी।

भारत सरकार ने नेपाल की मदद हर मौके पर की है। चाहे वह प्राकृतिक आपदा से जुड़ी रही हो या फिर किसी अन्य किसी घटना से। ऐसे में माना जा रहा है कि बालेन भी भारत के प्रति सकारात्मक रुख रखेंगे। वहां भारत के निवेश को बढ़ाने के साथ ही चीन के दखल को भी कम करेंगे। वैसे तो केपी ओली की सरकार में वहां पाकिस्तान की सक्रियता भी तेजी से बढ़ी थी। इससे भारत सरकार की चिंताएं बढ़ गईं थीं, लेकिन अब चीन के साथ ही पाकिस्तान की सक्रियता भी कम होगी। ऐसी उम्मीद है।

> बालेन के नेपाल का प्रधानमंत्री बनना तय माना जा रहा है। उन्होंने कर्नाटक से स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में मास्टर्स किया है। उनके कुछ ऐसे फैसले रहे हैं, जो यह दर्शाते हैं कि उनके मन में भारत के प्रति बहुत ज्यादा लगाव अब नहीं रह गया है।

### आमने सामने



एक आदिवासी राष्ट्रपति का इस तरह अपमान करना लोकतंत्र और आदिवासी समुदाय के सशक्तीकरण में विश्वास रखने वालों को दुखी करता है। राष्ट्रपति का पद राजनीति से ऊपर है और इसकी गरिमा का सम्मान होना चाहिए।

**–नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

पश्चिम बंगाल के खिलाफ कई केंद्रीय संस्थाएं और सत्ता प्रतिष्ठान एक साथ खड़े हो गए हैं। बंगाल के लोग मजबूती से डटे हुए हैं और किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं। जब पूरा सिस्टम बंगाल के खिलाफ खड़ा हो जाता है, तो बंगाल और मजबूत हो जाता है। आगे बढ़ो।

**–अभिषेक बनर्जी**
टीएमसी नेता



## ईरान पर हमला व गुटनिरपेक्ष राष्ट्रों की भूमिका




नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार


अमेरिका, इजराइल, ईरान और मिडिल ईस्ट में गरजती मिसाइलों की चीखों के बीच चंद शांति की अपीलें महज औपचारिकता तक सीमित हैं। गुटनिरपेक्ष राष्ट्र एकजुट होकर नियमों के विरुद्ध युद्ध को रुकवाने की सख्ती बरतें तो शायद दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की विध्वंसकारी खतरों की आशंकाओं से बच जाए। यूनाइटेड नेशन और शांति की पैरोकारी की कमजोर तस्वीर भी बता रही है कि दुनिया तानाशाही, हिटलरशाही, नफरत, हिंसा, विध्वंस, तबाही, बर्बादी और विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ी है। संयुक्त राष्ट्र संघ, जिनेवा समझौता कहां है? आसमान से बरसता बेलगाम बारूद का कहर रोकने वाला कोई शांति पसंद महात्मा गांधी, नेल्सन मंडेला, मार्टिन लूथर या यासिर अराफात नजर नहीं आ रहा। शांति के नोबेल पुरस्कार पाने वाले भी खामोश हैं।

युद्ध के इस महा सीजन में दुनिया के देशों की गिरोहबंदी अभी पूरी तरफ से तय नहीं है। कौन कितना ताकतवर है? कौन किसके साथ है? कौन किसका साथ देने वाला है? सैन्य शक्ति में किसमें कितना दम है? किस देश का क्या सरकारी फरमान है? किसकी क्या विदेश नीति है? बहुत सारी बातें अभी खुल कर तय नहीं हो पाई हैं। ज्यादातर बयान गोल-मोल और अस्पष्ट हैं। विदेश नीतियों के पत्ते खुलकर सामने नहीं आ रहे। मानवता के आदर्शों, मूल्यों और सिद्धांतों को ताख पर रखकर ज्यादातर देशों की कूटनीति सी एंड वॉच पर अटकी है, लेकिन एक बात तय है, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर दुनियाभर की आवाम में गुस्सा बढ़ रहा है। ट्रंप ज़माने भर के चौधरी क्यों बन जाते हैं, युद्ध और अंतर्राष्ट्रीय नियमों के विरुद्ध दुनिया में अशांति फैलाने पर क्यों आमादा हैं?

ऐसे तमाम तर्कसंगत सवालों के साथ दुनियाभर की अवाम का क्रोध धीरे-धीरे मुखर होने लगा है। अमेरिका की दादागिरी को सातवें आसमान तक पहुंचाने वाले डोनाल्ड ट्रंप से अमेरिकन्स भी खासे नाराज दिखे रहे हैं। युद्ध से परहेज़ का वादा करके दूसरी बार सत्ता पाने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति की तानाशाही नीतियों से अमेरिका पर बार-बार युद्ध थोपने से उनके देश के ही नागरिकों की बड़ी आबादी नाखुश है।

भारतीय अवाम पहले ही ट्रंप के ऊल-जलूल बयानों और फैसलों से क्रोधित है। आपरेशन सिंदूर में सीज फायर करवाने के दावे करने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति ने टैरिफ के जरिए भारत की अर्थव्यवस्था को चोट पहुंचाने की साज़िश की हो, या रूस से तेल न लेने का दबाव बनाया हो, पहलगाम हमले में भारतीय नागरिकों को आतंकी साजिशों से बेदर्दी से मारने वाले पाकिस्तान को महान और अपना दोस्त बताने वाले ट्रंप की हर हरकत नाकाबिले बर्दाश्त है। भारतीय नागरिकों को हथकड़ी-बेड़ी डालकर भारत वापस करने का अपमान हो, भारतीय जनता अमेरिका के राष्ट्रपति को लेकर आग बगूला है। महाशक्ति और वर्ल्ड पॉवर समझकर विश्व के अधिकांश देश भले ही अमेरिका के खिलाफ खुल कर सामने नहीं आ पा रहे हों, पर भारत सहित दुनिया की अवाम का रुख बता रहा है कि यदि शक्ति का दुरुपयोग ऐसे ही होता रहा, तो जनता जनार्दन की शक्ति महाशक्ति की शक्तियों को जीर्ण-शीर्ण कर देगी।

जनता के दबाव में दुनिया के राष्ट्रप्रमुखों को ट्रंप के खिलाफ एकजुट होना ही पड़ेगा। न सिर्फ दुनिया में बल्कि अमेरिका की जनता में भी अपने राष्ट्रपति के विरुद्ध आक्रोश दिखाई पड़ने लगा है। किसी राष्ट्र के राष्ट्रपति को घर में घुसकर उठा लाने से लेकर, किसी देश के सुप्रीम लीडर को घर में घुस कर मार देना, बच्चों के स्कूलों पर मिसाइलें और रिहायशी इलाकों में बम बरसाने की शुरुआत किसने की? युद्ध और मानवाधिकारों के विरुद्ध नरसंहार को नहीं रोका जा सका, तो ये बात स्वीकार लेना चाहिए कि दुनिया जंगल राज पर चल निकली है? यानी कोई किसी को भी चीरफाड़ कर अपनी ताकत का प्रदर्शन कर सबको डरा सकता है। अपनी ताकत का विस्तार कर दुनिया को अपना गुलाम बनकार जंगल राज को वैधानिक बता सकता है।

युद्ध के भी कानून हैं। दुनिया नियमों-कानूनों से चलती है। बच्चियों के स्कूल पर मिसाइल दाग देना या बम बरसा देना युद्ध तो नहीं, ये अमानवीयता की पराकाष्ठा है, नरसंहार है। लोग कह रहे हैं कि एपस्टीन फाइल की चर्चाओं को इस युद्ध ने रोक दिया और एपस्टीन फाइल ने कई राष्ट्राध्यक्षों को अमेरिका के खिलाफ बोलने से रोक दिया, लेकिन एपस्टीन फाइल से युद्ध तक छोटी-छोटी बच्चियों के साथ जो हुआ, उसे व्यक्त करने के लिए अमानवीय, हृदयविदारक, महापाप... जैसे शब्द भी बौने हैं।

दुनिया की बड़ी संस्थाएं अमेरिका के विरुद्ध कोई सख्त कदम नहीं उठा रही हैं। इजरायल और अमेरिका का ईरान में रिजीम बदलने का प्रण तबाही का दायरा बढ़ाता जा रहा है। मिडिल ईस्ट के संपन्न खाड़ी देशों में अमेरिका के सैन्य अड्डे हैं। इजराइल की चर्चित खुफिया एजेंसी मोसाद यहां से भी ईरान की टोह लेती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

> यूएन और शांति के पैरोकारों की कमजोर तस्वीर भी बता रही है कि दुनिया तानाशाही, हिटलरशाही, नफरत, हिंसा, विध्वंस, तबाही, बर्बादी और विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ी है।

### सोशल फोरम

## वो अभिनय नहीं, सच था

मीना कुमारी हिंदी सिनेमा की 'ट्रेजेडी क्वीन' कही जाती हैं। लोग कहते हैं कि वह पर्दे पर दुख बहुत अच्छी तरह निभाती थीं, लेकिन सच यह है कि वह दुख निभाती नहीं थीं, वह दुख जीती थीं। उनकी आंखों में जो नमी दिखती थी, वह अभिनय नहीं थी, वह उनकी जिंदगी का सच था।




संजय सिन्हा
वरिष्ठ पत्रकार


पचास के दशक का समय था। कमाल अमरोही उस समय एक स्थापित लेखक और निर्देशक थे। उसी दौर में उनकी मुलाकात एक बेहद कम उम्र की अभिनेत्री से हुई, जिसका नाम था मीना कुमारी। मीना उम्र में उनसे बहुत छोटी थीं, लेकिन प्रेम उम्र नहीं देखता। मुलाकातें बढ़ीं, भरोसा बना और दोनों ने निकाह कर लिया। शुरुआत में सब कुछ किसी फिल्मी कहानी की तरह लगता था, लेकिन जिंदगी फिल्मों की तरह नहीं होती। एक दिन किसी बात पर विवाद हुआ। कहा जाता है कि किसी फिल्म के मुहूर्त के दौरान मीना कुमारी के मेकअप रूम में किसी को आने देने को लेकर कुछ हुआ। इतना हुआ कि कमाल अमरोही ने अपने एक सहायक के हाथों अपनी ही पत्नी को पिटवा दिया। जिस स्त्री ने प्रेम में अपना सब कुछ सौंप दिया हो, उसके लिए इससे बड़ा अपमान क्या हो सकता था। मीना कुमारी ने घर छोड़ दिया। रिश्ता टूट गया। तलाक हो गया।

कहानी यहीं खत्म नहीं हुई।

मीना कुमारी उस समय तेजी से उभरती हुई अभिनेत्री थीं। उनका नाम, उनकी शोहरत, उनकी पहचान सब बढ़ रही थी। कमाल अमरोही ने उन्हें फिर मनाने की कोशिश की। माफी मांगी, लेकिन बीच में एक धार्मिक दीवार खड़ी थी। तलाक के बाद दोबारा निकाह के लिए 'हलाला' की शर्त थी। कहा जाता है कि दुबारा पाने के लिए मीना कुमारी की शादी किसी और व्यक्ति से करवाई गई। फिर उस व्यक्ति से तलाक दिलवाया गया, ताकि बाद में कमाल अमरोही उनसे दोबारा निकाह कर सकें।

किसी के साथ इससे बड़ा अन्याय क्या हो सकता है? जिस आदमी पर उसने भरोसा किया, उसी ने उसे दूसरे के हवाले कर दिया। दुर्भाग्य अगर किसी के पीछे लग जाए, तो वह आसानी से पीछा नहीं छोड़ता। मीना कुमारी की जिंदगी में भी यही हुआ। कमाल अमरोही के साथ उनका रिश्ता हलाला और दुबारा निकाह के बाद भी स्थिर नहीं हो पाया। वह अकेली पड़ती गईं। अवसाद ने उन्हें घेर लिया। शराब उनकी साथी बन गई।

**–फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## पश्चिम एशिया के तनाव के बीच-ऊर्जा संकट की दस्तक

ईरान, इज़राइल और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच टकराव ने वैश्विक तेल बाज़ार में गहरी चिंता पैदा कर दी है। होर्मुज जलडमरू मध्य से दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत कच्चा तेल गुजरता है। भारत के लिए यह मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि हमारे कुल तेल आयात का लगभग 50–52 प्रतिशत हिस्सा इसी रास्ते से आता है। यदि यह समुद्री मार्ग अवरुद्ध होता है, तो भारत पर सीधा प्रभाव पड़ सकता है, हालांकि सरकार का कहना है कि देश के पास लगभग 6–7 सप्ताह का रणनीतिक तेल भंडार उपलब्ध है, जिससे कुछ समय तक घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सकती है। पेट्रोलियम मंत्रालय स्थिति पर लगातार निगरानी बनाए हुए है।

भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश है और अपनी कुल जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। आज ऊर्जा की मांग निरंतर बढ़ रही है और वर्तमान में बड़ी मात्रा में तेल मध्य-पूर्व से खरीदा जाता है। ऐसे में क्षेत्रीय संकट का सीधा असर पेट्रोल-डीजल की कीमतों और आम नागरिकों की जेब पर पड़ना स्वाभाविक है। तेल की कीमतें पहले ही 80 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच चुकी हैं। यदि यह वृद्धि जारी रहती है, तो महंगाई, चालू खाता घाटा और सरकारी व्यय पर दबाव बढ़ेगा। परिवहन, उर्वरक, हवाई यात्रा तथा दैनिक उपयोग की वस्तुएं महंगी हो सकती हैं।




सुनील कुमार महला
लेखक


अमेरिका-ईरान युद्ध के बाद पश्चिम एशिया की स्थिति और जटिल हो गई है तथा टकराव के नए मोर्चे खुल रहे हैं। अमेरिका और इज़राइल ने ईरान के तेहरान सहित कई शहरी क्षेत्रों पर हमले तेज कर दिए हैं, जबकि ईरान ने अमेरिकी सहयोगी खाड़ी देशों के ठिकानों को निशाना बनाना शुरू किया है। इज़रायली हमलों के कारण चार मार्च को तेहरान में सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई के अंतिम संस्कार को स्थगित करना पड़ा। वास्तव में, ईरान ने खाड़ी क्षेत्र के तेल प्रतिष्ठानों पर हमले तेज कर वैश्विक बाजार में हलचल मचा दी है। होर्मुज जलडमरू मध्य को अवरुद्ध करने की कार्रवाई ने न केवल एशियाई देशों की चिंता बढ़ाई है, बल्कि विश्व व्यापार की धुरी को प्रभावित किया है।

भारत भी इससे अछूता नहीं है। बुधवार तक फारस की खाड़ी, ओमान की खाड़ी और आसपास के समुद्री क्षेत्रों में भारतीय ध्वज वाले 37 जहाज फंसे हुए बताए गए हैं। इन पर 1100 से अधिक भारतीय नाविक सवार हैं। कुछ जहाज भारत के लिए कच्चा तेल और एलएनजी लेकर आ रहे थे, जबकि कुछ खाड़ी देशों में पेट्रोलियम उत्पाद लेने जा रहे थे। शेयर बाजार में 1123 अंकों की गिरावट दर्ज की गई, जबकि डॉलर के मुकाबले रुपया 92 के पार चला गया। यदि यह युद्ध लंबा खिंचता है, तो तेल की कीमतों में 13-15 प्रतिशत तक वृद्धि संभव है और साथ ही साथ ब्रेंट क्रूड के दाम और ऊपर जा सकते हैं।

होर्मुज मार्ग बाधित होने के कारण जहाजों को अब केप ऑफ गुड होप के रास्ते से लाया जा रहा है, जिससे परिवहन में लगभग दो सप्ताह का अतिरिक्त समय और लगभग 40 प्रतिशत अधिक लागत लग सकती है। इसके परिणामस्वरूप भारत के निर्यात में 15 प्रतिशत तक गिरावट की आशंका जताई जा रही है। जानकारों का यह मानना है कि तेल कीमतों में संभावित तेजी से परिवहन एवं खाद्य वस्तुओं की कीमतों पर दबाव बढ़ेगा और महंगाई दर 1-2 प्रतिशत तक ऊपर जा सकती है तथा इससे किराना और यात्रा खर्च में भी वृद्धि होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# गर्मियों में कपड़ों का सही चुनाव

## आराम और स्टाइल का कॉम्बिनेशन

गर्मियों की तपती धूप और उमस में कपड़ों का सही चुनाव केवल स्टाइल नहीं, बल्कि सेहत और आराम के लिए भी जरूरी है। इस मौसम में कॉटन और लिनन जैसे प्राकृतिक रेशों वाले कपड़े सबसे उपयुक्त होते हैं, क्योंकि ये पसीना सोखते हैं और शरीर को ठंडा रखते हैं। रंगों का चयन भी महत्वपूर्ण है, सफेद और हल्के रंग सूरज की किरणों को परावर्तित करते हैं, जिससे गर्मी कम लगती है। तंग कपड़ों के बजाय ढीले-ढाले डिजाइन चुनें ताकि हवा का संचार बना रहे। सही पहनावा चुनकर हम न केवल पसीने और घमौरियों से बच सकते हैं, बल्कि गर्मी के सफर को सुखद और सहज भी बना सकते हैं।



नूर हिना खान
लेखिका







### सही फैब्रिक का चयन करें

गर्मियों में सबसे महत्वपूर्ण है कपड़े का फैब्रिक। सूती (कॉटन) कपड़ा इस मौसम के लिए सबसे उपयुक्त माना जाता है, क्योंकि यह पसीना सोखता है और शरीर को ठंडा रखता है। मलमल, लिनन और खादी भी अच्छे विकल्प हैं, क्योंकि ये हल्के और हवा पार होने वाले होते हैं। इसके विपरीत, पॉलिएस्टर या अन्य सिंथेटिक कपड़े गर्मी में असुविधा बढ़ा सकते हैं। ये पसीना रोकते हैं और त्वचा पर चिपकने लगते हैं। इसलिए दैनिक पहनावे में प्राकृतिक रेशों से बने कपड़ों को प्राथमिकता देना चाहिए।

### आरामदेह डिजाइन और फिटिंग

गर्मी के मौसम में ढीले और आरामदायक कपड़े पहनना चाहिए। बहुत टाइट कपड़े शरीर से चिपकते हैं और पसीना बढ़ाते हैं। ढीले कुर्ते, कॉटन शर्ट, प्लाजो, स्कर्ट या ढीली पैंट शरीर को हवा लगने देते हैं और आराम प्रदान करते हैं। महिलाओं के लिए सूती सलवार-सूट या कॉटन साड़ी उपयुक्त रहती है, जबकि पुरुषों के लिए हल्की शर्ट और कॉटन ट्राउजर या कुर्ता-पायजामा अच्छा विकल्प हो सकता है।

### सिंथेटिक और मोटे कपड़ों से बचें

गर्मियों में कॉटन, लिनन, मलमल और रेयॉन जैसे कपड़े सबसे अच्छे रहते हैं। ये पसीना सोखते हैं और शरीर को ठंडा रखते हैं। सिंथेटिक और बहुत मोटे कपड़ों से बचें, क्योंकि उनमें गर्मी ज्यादा लगती है।



### हल्के रंग पहनें

सफेद, क्रीम, हल्का गुलाबी, आसमानी, मिंट ग्रीन, लैवेंडर और पीले जैसे हल्के रंग गर्मियों में बहुत सुंदर लगते हैं। ये रंग धूप को कम आकर्षित करते हैं और आपको फ्रेश लुक देते हैं।

### ढीला और फ्लोई स्टाइल

बहुत टाइट कपड़े पहनने से बचें। ढीले कुर्ते, ए-लाइन ड्रेस, कॉटन की फ्रॉक, प्लाजो या स्ट्रेट पैंट के साथ कुर्ती पहन सकती हैं। इससे आप आरामदायक और एलिगेंट दोनों दिखेंगी।

### सॉफ्ट और छोटे प्रिंट्स चुनें

छोटे फूलों वाले प्रिंट, हल्के ब्लॉक प्रिंट या मिनिमल डिजाइन गर्मियों में बहुत अच्छे लगते हैं। ज्यादा भारी और गहरे प्रिंट से बचें।

### मेकअप और एक्सेसरीज

गर्मियों में हल्का मेकअप रखें। छोटे ईयररिंग्स, हल्का दुपट्टा और आरामदायक सैंडल आपके लुक को और निखार देते हैं।

### घर के लिए कंफर्ट और फ्रेश लुक

- कॉटन का सिंपल सूट या कुर्ती + प्लाजो
- हल्के रंग जैसे सफेद, पीच, आसमानी या मिंट ग्रीन
- छोटे फ्लोरल या सॉफ्ट प्रिंट
- बिना भारी मेकअप, सिर्फ काजल और लिप बाम
- बालों की सिंपल चोटी या क्लच
- इससे आप आरामदायक भी रहेंगी और हमेशा फ्रेश दिखेंगी।

### ऑफिस और पढ़ाई के लिए स्मार्ट एलिगेंट लुक



- स्ट्रेट कट कॉटन कुर्ती + पैंट
- सॉलिड रंग जैसे हल्का ब्लू, लैवेंडर, बेज
- बहुत भारी प्रिंट से बचें
- हल्की घड़ी और छोटे ईयररिंग्स
- साफ-सुथरा जूड़ा या पोनीटेल

इससे पर्सनैलिटी प्रोफेशनल और क्लासी लगेगी।

### फंक्शन के लिए ग्रेसफुल आउटफिट

- शिफॉन या जॉर्जेट का हल्का सूट
- फ्लोई अनारकली स्टाइल
- पेस्टल शेड्स पर हल्का गोटा या थ्रेड वर्क
- हल्का हाइलाइटर + न्यूड लिपस्टिक
- स्टेटमेंट ईयररिंग्स

इसमें गर्मी में भी आप एलिगेंट और स्टाइलिश दिखेंगी।

---


## ओटीटी

# सूबेदार 2026

सेना का एक सूबेदार (अनिल कपूर) जो सेना में देश रक्षा के कर्तव्यवश अपने परिवार की अपेक्षाओं की पूर्ति नहीं कर पाता है और यह अपराध बोध उसके मन पर छाया रहता है, जिसे वह किसी से भी बांट नहीं पाता, जब अपने गांव लौटता है, तो व्यवस्था के प्रति उसका क्रोध किस तरह फूटता है यह कहानी है सूबेदार की।

सूबेदार का अपराधबोध जन्य क्रोध उसे अपनी बेटी (राधिका मदान) से भी खुलने नहीं देता, जो दोनों के बीच एक अविश्वास को पैदा कर देता है। यह एक सब प्लॉट है सूबेदार का। एक दोस्त है सूबेदार का (सौरभ शुक्ला) जो हर हाल में साथ है, जो एक से हालात में रहने से पैदा हुई सहानुभूति को दर्शाता है और दूसरी तरफ व्यवस्था में भ्रष्टाचार (कोऑपरेटिव बैंक का माहौल) और गुंडागर्दी ( मोना सिंह, आदित्य रावल और फैसल मलिक) है, जिससे सूबेदार को निपटना है।

कुल मिलाकर सारे के सारे चरित्र अधकचरे हैं सिवाय सूबेदार के और वह भी फिल्म में खुद को जस्टिफाई करने में असफल है। लगता है कि निर्देशक और लेखक का एक मात्र उद्देश्य अनिल कपूर को एक्शन हीरो दिखाकर ओटीटी की दुनिया में जमाना और शायद वह उसमें सफल हुए हैं और इस चक्कर में सौरभ शुक्ला और मोना सिंह जैसे दो बहुत अच्छे एक्टर्स कुर्बान हो गए। दोनों को कुछ डायलॉग्स और सींस मिले हैं, पर दोनों करीब-करीब बेअसर। मोना सिंह कई बार सुरेखा सीकरी की याद दिलाती है, मुझे लगता है वह धीरे-धीरे लुक्स और डायलॉग डिलीवरी में उसके जैसी होती जा रही है, इसे प्रशंसा समझें पर सूबेदार में तो व्यर्थ हो गई हैं। राधिका मदान ने अच्छा रोल किया है, परंतु कमजोर लेखन और निर्देशन की गलतियों के कारण उसका चरित्र स्थापित ही नहीं हो पाता। खुशबू और नाना को दिखाने की आवश्यकता ही क्या थी? बाकी लोगों ने बेकार में खूब फुटेज खाया है।




निर्देशक बहुत समय तक फिल्म में अपने उद्देश्य को ही नहीं बता पाता। कुछ भी क्यों हो रहा है बस आप सोचते रहिए, बल्कि अंत तक कहानी के टुकड़े जोड़ना ही कठिन है। अंत ने तो उद्देश्य रहित लेखन की पोल ही खोल दी है।

सिर्फ अनिल कपूर हैं फिल्म में। ओढ़िये या बिछाइए। पार्श्व संगीत कहीं-कही प्रभावित करता है पर लाउड है। संवाद एकदम बेकार हैं। दृश्यंकन में कल्पना का अभाव है , आसमान में ऊंचे हवाई जहाज की परछाईं जमीन पर आपने देखी है? अगर अनिल और राधिका से आपका मन भरे, एक्शन आपको भाता हो, तो देखिए सूबेदार, कहानी तो बेदम है। सोचिए, क्या हमें फिल्मों में कबीर सिंह, एनिमल, गर्लफ्रेंड के नायकों के अतिचारी चरित्रों से बचना इतना कठिन होता जा रहा है कि कहानी के और कोमल अंगों पर ध्यान ही न दिया जा सके? क्या-क्या और बर्बाद कर के दम लेंगे हम?

*समीक्षक- ब्रज राज नारायण सक्सेना*

---

## जिंदगी का सफर



# बॉलीवुड की पहली फीमेल सुपरस्टार

श्रीदेवी ने अपनी अदाओं और अभिनय की वजह से लोगों के दिलों में जगह बनाई। अभिनेत्री श्रीदेवी के काम की खासियत कड़ी मेहनत और हर चुनौती को पार करने की लगन थी। उन्होंने कई भाषाओं में काम किया। श्रीदेवी को शुरुआत में हिंदी बिल्कुल नहीं आती थी। उन्होंने अपने करियर में हिंदी, तमिल, तेलुगू, मलयालम और कन्नड़ फिल्मों में काम करके यह साबित किया कि अगर इच्छा शक्ति और मेहनत हो, तो कोई भी भाषा या बाधा आपके रास्ते में नहीं आ सकती। वह साउथ के बाद बॉलीवुड की पहली फीमेल सुपरस्टार कहलाईं।

श्रीदेवी का जन्म 13 अगस्त 1963 को तमिलनाडु के एक छोटे से गांव मीनमपट्टी में हुआ। उनके पिता का नाम अय्यपन और मां का नाम राजेश्वरी था। उनके पिता एक वकील थे। श्रीदेवी ने छह साल की उम्र में फिल्मों में काम करना शुरू किया। उनका फिल्मी करियर दक्षिण भारतीय सिनेमा से शुरू हुआ। उन्होंने तमिल, तेलुगू और मलयालम फिल्मों में काम किया और कई पुरस्कार भी जीते। उन्हें 1971 में मलयालम फिल्म 'मूवी पूमबत्ता' के लिए केरल स्टेट फिल्म अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यही समय था, जब उन्होंने यह सीखा कि अभिनय केवल भाषा पर निर्भर नहीं करता, बल्कि भाव और मेहनत सबसे जरूरी हैं।



श्रीदेवी की बॉलीवुड में एंट्री 1979 में हुई। उनकी पहली हिंदी फिल्म 'सोलहवां सावन' थी। हालांकि उन्हें असली पहचान फिल्म 'हिम्मतवाला' से मिली। इस फिल्म में उनके अभिनय और डांस की अद्भुत कला ने दर्शकों को अपना दीवाना बना दिया। उन्हें शुरुआत में हिंदी बोलने में कठिनाई होती थी। उन्होंने यह चुनौती पूरी लगन और अभ्यास से पार कर ली। उनके इस संघर्ष ने कई नए कलाकारों के लिए प्रेरणा का काम किया होगा।

श्रीदेवी ने अपने करियर में कई यादगार रोल निभाए। उन्होंने 'चालबाज' में डबल रोल किया, 'सदमा' और 'चांदनी' जैसी फिल्मों में उनकी एक्टिंग की तारीफ पूरे देश ने की। श्रीदेवी को कई पुरस्कार भी मिले। उन्हें 'चालबाज' और 'लम्हें' के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला और साल 2013 में भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया।

श्रीदेवी ने करियर में लगभग 200 फिल्मों में काम किया, जिनमें हिंदी, तमिल, तेलुगू और मलयालम फिल्में शामिल हैं। वहीं उन्हें बॉलीवुड की पहली सुपरस्टार भी कहा जाता था। श्रीदेवी ने निजी जीवन को प्राथमिकता देने के लिए इंडस्ट्री से दूरी बनाने का कदम ऐसे वक्त पर उठाया, जब वह अपने करियर के शिखर पर थीं। ब्रेक के 15 साल बाद उन्होंने 'इंग्लिश विंग्लिश' जैसी फिल्म के साथ वापसी करने का फैसला लिया और वही निर्णय उनके जीवन के सबसे प्रेरक अध्यायों में से एक बन गया। 24 फरवरी 2018 को दुबई में उनका निधन हो गया। वह आज भले हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके जीवन से मिली सीख और उनका संघर्ष हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे।

---

# भारतीय सिनेमा के 'ऑर्सन वेल्स' गुरु दत्त

सिनेमा निर्माण के विभिन्न कलात्मक पक्षों में अपने प्रयोगधर्मी प्रयासों के लिए 'भारत के ऑर्सन वेल्स' कहे जाने वाले महान फिल्मकार गुरु दत्त का यह जन्मशती वर्ष है। यह केवल एक कैलेंडर का आंकड़ा नहीं है, बल्कि उस कालजयी सृजन का उत्सव है, जिसने भारतीय सिनेमा को विश्व पटल पर एक नई पहचान दी। आज पूरी दुनिया एक फिल्मकार के रूप में उनके योगदान के विभिन्न पक्षों की विवेचना कर रही है। उनकी दूरदृष्टि से अचंभित होकर लोग, उन्हें अपने समय से बहुत आगे का रचनाकार मान रहे हैं।



अभिषेक मिश्र
लेखक



**स्मृति के विविध रंग:** इस वर्ष उनकी स्मृति में उनके प्रशंसकों द्वारा वैश्विक स्तर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उनकी फिल्मों का पुनर्प्रदर्शन, उनकी कृतियों पर आधारित फिल्म फेस्टिवल और कला दीर्घाओं में उनके कार्यों पर परिचर्चाएं यह सब उनके प्रति आज भी कायम दीवानगी का प्रमाण है। विशेष रूप से 'सारेगामा कारवां' के नए संस्करण में गुरु दत्त की फिल्मों के गानों पर एक पृथक खंड का शामिल किया जाना यह बताता है कि उनका संगीतबोध आज भी उतना ही प्रासंगिक है। दास्तानगोई जैसी पारंपरिक विधाओं के माध्यम से उनकी जीवन यात्रा को नए श्रोताओं तक पहुंचाया जा रहा है। शायद गुरु दत्त की आत्मा आज उस संतुष्टि का अनुभव कर पा रही हो, जो उन्हें जीते जी न मिल सकी।

**प्रारंभिक जीवन :** गुरु दत्त का जन्म 3 जुलाई 1925 को बेंगलुरु में एक मध्यमवर्गीय चितरपुर सारस्वत ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके बचपन का नाम वसंत कुमार शिवशंकर पादुकोणे था। उनके व्यक्तित्व के निर्माण में उनके माता-पिता की शैक्षणिक और साहित्यिक पृष्ठभूमि का गहरा प्रभाव था। उनके पिता श्री शिवशंकर राव पादुकोणे एक साहित्य प्रेमी प्रधानाध्यापक थे, जो अंग्रेजी में कविताएं लिखते थे। उनकी मां वसंती पादुकोणे भी लघुकथाएं लिखती थीं और बांग्ला उपन्यासों का कन्नड़ में अनुवाद करती थीं। परिवार की आर्थिक स्थिति और पिता के अंतर्मुखी स्वभाव ने गुरु दत्त को भी एकांतप्रिय बना दिया। जब उनका परिवार कोलकाता (तत्कालीन कलकत्ता) स्थानांतरित हुआ, तो वहां के सांस्कृतिक परिवेश ने उनके भीतर के कलाकार को अंकुरित होने का अवसर दिया। यहीं से वसंत कुमार 'गुरु दत्त' बनने की दिशा में अग्रसर हुए।

**कला का प्रवेश:** गुरु दत्त की फिल्मों की सिनेमैटोग्राफी में प्रकाश और छाया (Chiaroscuro) का जो जादुई मेल दिखता है, उसके बीज उनके बचपन में ही पड़ गए थे। उनकी दादी शाम की आरती के लिए जो दिया जलाती थीं, उसकी रोशनी में वे अपनी उंगलियों से दीवार पर छाया आकृतियां बनाया करते थे। दीये का यह खेल उनके जीवन का रूपक बन गया, जैसे एक दिया खुद को जलाकर रोशनी फैलाता है, गुरु दत्त ने भी अपने भीतर के संघर्ष की आग से सिनेमा को रोशन किया।

नृत्य के प्रति उनके लगाव ने उन्हें सुप्रसिद्ध नर्तक उदयशंकर के अल्मोड़ा स्थित 'इंडियन कल्चरल सेंटर' तक पहुंचाया। पांच साल की नृत्य शिक्षा ने उन्हें दृश्य की लय और फ्रेमिंग की अद्भुत समझ दी। यहीं से उनका सफर प्रभात स्टूडियो पहुंचा, जहां उनकी मुलाकात दो अनमोल मित्रों रहमान और देव आनंद से हुई।

### निर्देशन और अभिनय का द्वंद्व

- **फिल्मकार :** गुरु दत्त मूलत: एक ऐसे फिल्मकार थे, जिनके दिमाग में पूरा दृश्य पहले से ही तैयार रहता था, लेकिन वे उसे शब्दों में व्यक्त करने में अक्सर असहज रहते थे। उनकी यह खामोशी अक्सर सेट पर उनके साथियों के लिए पहेली बन जाती थी। यह दिलचस्प है कि अपनी उत्कृष्ट फिल्म 'प्यासा' के लिए वे पहले दिलीप कुमार के पास गए थे, लेकिन जब बात नहीं बनी, तो उन्होंने स्वयं 'विजय' का किरदार निभाया और अभिनय की ऐसी मिसाल पेश की जिसे आज भी मील का पत्थर माना जाता है। कैमरे के प्रति उनकी शुरुआती हिचकिचाहट उनकी फिल्मों 'बाजी' और 'जाल' में छोटी उपस्थिति के रूप में देखी जा सकती है।
- **सिनेमा :** गुरु दत्त की फिल्में उनके निजी जीवन और सामाजिक सरोकारों का प्रतिबिंब थीं। 'प्यासा' के माध्यम से उन्होंने एक ऐसे कलाकार की व्यथा दिखाई, जिसे समाज उसकी मृत्यु के बाद पूजता है। वहीं 'कागज के फूल' भारतीय सिनेमा की पहली 'सिनेमास्कोप' फिल्म थी, जो एक निर्देशक के पतन और अकेलेपन की मार्मिक गाथा थी। यह फिल्म उनके लिए इतनी व्यक्तिगत थी कि जब यह बॉक्स ऑफिस पर असफल हुई, तो उन्होंने इसे अपनी व्यक्तिगत हार मान लिया। उनकी अंतिम निर्देशित फिल्म की असफलता ने उनके आत्मविश्वास को इस कदर झकझोरा कि उन्होंने फिर कभी किसी फिल्म को आधिकारिक रूप से निर्देशित नहीं किया। 'साहब, बीवी और गुलाम' और 'चौदहवीं का चांद' में वे पर्दे पर तो दिखे, लेकिन निर्देशन की कमान दूसरों के हाथों में रही।
- **मानसिक स्वास्थ्य :** गुरु दत्त का जीवन केवल कला की गाथा नहीं है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य और अवसाद के साथ एक लंबी जद्दोजहद की कहानी भी है। आज जब हम मानसिक स्वास्थ्य पर बात करते हैं, तब गुरु दत्त का अस्तित्व इस विषय पर चर्चा के एक प्रतीक के रूप में उभरता है। वे अक्सर अपने मित्रों से कहते थे, 'पैसा है, शोहरत है, सब कुछ है, पर कुछ भी नहीं रहा।'
- **अंतिम शॉट व विरासत :** 10 अक्टूबर 1964 की सुबह सिनेमा के लिए एक काला अध्याय लेकर आई। 39 वर्ष की अल्पायु में गुरु दत्त ने दुनिया को अलविदा कह दिया। उनकी मृत्यु के दृश्य का वर्णन भी किसी फिल्म के 'क्लाइमेक्स' जैसा प्रतीत होता है कुर्ता-पाजामा पहने, हाथ में एक अधूरी किताब और चेहरे पर एक गहरी विचार मुद्रा।

## न्यूज ब्रीफ

### उत्तराखंड बजट सत्र आज से

**देहरादून,** उत्तराखंड की पंचम विधानसभा का पांच दिवसीय बजट सत्र आज सोमवार से प्रदेश की ग्रीष्मकालीन राजधानी भराड़ीसैंण (गैरसैंण) विधानसभा में शुरू होने जा रहा है। इसकी सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। राज्यपाल, मुख्यमंत्री, विस अध्यक्ष, संसदीय कार्य मंत्री, नेता प्रतिपक्ष सहित सभी मंत्री, विधायक और वरिष्ठ अधिकारी रविवार को भराड़ीसैंण पहुंच गए। सत्र का आरंभ सुबह 11 बजे राज्यपाल गुरमीत सिंह के अभिभाषण से होगा। सत्र में करीब 600 सवाल सत्ता और विपक्ष के सदस्यों द्वारा सदन में रखे जाएंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी 10 या 11 मार्च को बजट पेश कर सकते हैं। सत्र के दौरान सभी क्षेत्रों को जोन और सेक्टर में बांटकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। एडीजी लॉ एंड ऑर्डर ने पुलिस फोर्स के साथ सुरक्षा तैयारियों की गहनता से समीक्षा की।

### झांसी में ट्रक से पांच सौ से ज्यादा गैस सिलेंडर चोरी

**झांसी, एजेंसी :** जिले के सीपरी बाजार थाना क्षेत्र में भारत पेट्रोलियम से संबद्ध एक ट्रक से 500 से अधिक एलपीजी गैस सिलेंडर चोरी का मामला सामने आया है । पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। थाना सीपरी बाजार के प्रभारी जयप्रकाश चौबे ने बताया कि रायगंज निवासी नीरज अग्रवाल का एक ट्रक करारी स्थित भारत पेट्रोलियम संयंत्र से संबद्ध है। उन्होंने बताया कि होली के पहले उनके चालक राजकुमार ने 524 गैस सिलेंडर लादकर ट्रक करारी डिपो के बाहर खड़ा कर दिया और होली अवकाश पर चले गए। थाना प्रभारी ने बताया कि होली के बाद चालक जब ट्रक लेने डिपो पहुंचे तो वहां ट्रक नहीं था।

### किसान की हत्या के आरोप में बड़ा भाई गिरफ्तार

**चंदौली, एजेंसी :** जिले के कंदवा थाना क्षेत्र में एक युवा किसान की कथित हत्या के आरोप में उसके सगे बड़े भाई को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि यह घटना चार दिन पहले कंदवा थाना क्षेत्र के जमालपुर गांव में हुई थी जहां किसान विशाल सिंह (27) की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने बताया कि पुलिस और अपराध शाखा की संयुक्त टीम की जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जिसकी पहचान विशाल सिंह के बड़े भाई विवेक सिंह (30) के रूप में हुई है।

### अबकि अधिकमास है ज्येष्ठ, 17 मई से 15 जून तक वर्जित रहेंगे मांगलिक कार्यक्रम

# इस वर्ष 59 दिन का होगा ज्येष्ठ माह, देर से आएगा आषाढ़

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** इस वर्ष हिंदू पंचांग के अनुसार एक दुर्लभ और महत्वपूर्ण संयोग बन रहा है, जिसमें ज्येष्ठ माह सामान्य रूप से 30 दिनों का नहीं, बल्कि लगभग 59 दिनों का होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि इस बार अधिकमास (पुरुषोत्तम मास या मलमास) ज्येष्ठ में पड़ रहा है, जिससे वर्ष कुल 13 महीनों का बन जाएगा। इस कारण आषाण माह देर से आएगा। ज्योतिषों के अनुसार नव संवत्सर का राजा गुरु व मंगल है, इससे देश की आर्थिक व तकनीकी प्रगति के भी आसार हैं।

19 मार्च से शुरू हो रहा हिंदू नव संवत्सर 2083 दो ज्येष्ठ लेकर आ रहा है। इनमें एक सामान्य ज्येष्ठ और दूसरा अधिक ज्येष्ठ (अधिकमास) होगा। कुल ज्येष्ठ दो मई से 29 जून तक रहेगा। सामान्य ज्येष्ठ का कृष्ण पक्ष दो मई से शुरू होकर 16 मई तक चलेगा। इसके बाद 17 मई से 15 जून तक अधिकमास (मलमास) का होगा। इसके बाद 16 से 29 जून तक सामान्य ज्येष्ठ का शुक्ल पक्ष होगा। यह संयोग सौर वर्ष (365 दिन) और चंद्र वर्ष (354 दिन) के बीच के अंतर को संतुलित करने के लिए होता है। हर दो-तीन वर्ष में एक अतिरिक्त चंद्र मास जोड़ा जाता है, ताकि ऋतुएं और त्योहार सही समय पर रहें।

ज्योतिषों के अनुसार अधिकमास (मलमास) को भगवान विष्णु का प्रिय माह माना जाता है, इसलिए इसे पुरुषोत्तम मास कहते हैं। इस दौरान विष्णु पूजा, व्रत, दान, मंत्र जप, तीर्थ स्नान और धार्मिक कार्यों से विशेष पुण्य मिलता है। बताया कि अधिकमास में शादी-विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश, नामकरण, भूमि पूजन, नए व्यवसाय की शुरुआत जैसे मांगलिक कार्य वर्जित रहते हैं। ज्योतिष शास्त्रों में इसे आध्यात्मिक साधना के लिए सर्वोत्तम समय माना जाता है, क्योंकि यह मास 'मल' (अशुद्धि) से मुक्त होकर सर्वश्रेष्ठ बन जाता है।

**देश की आर्थिक व तकनीकी प्रगति के आसार**

आचार्य देवनाथ पांडेय के अनुसार 19 मार्च से शुरू होने वाले नव संवत्सर 2083 का राजा बृहस्पति (गुरु) और मंत्री मंगल होगा। गुरु ज्ञान, धर्म और समृद्धि के कारक हैं, जबकि मंगल ऊर्जा, साहस और प्रगति का प्रतीक है। इस युति से देश में तेजी से विकास, आर्थिक उन्नति, तकनीकी प्रगति और राष्ट्रीय एकता में वृद्धि की संभावना है। ग्रहों की स्थिति से शिक्षा, न्याय व्यवस्था और धार्मिक कार्यों में मजबूती आएगी, साथ ही चुनौतियों पर विजय प्राप्त होगी। बताया कि इस वर्ष रेवती नक्षत्र 85 प्रतिशत है, इससे वर्षा के भी भरपूर आसार हैं। साथ ही पुनर्वसु नक्षत्र भी 50 प्रतिशत है। इससे फसलें अच्छी होंगी, जिससे कृषक खुशहाल होंगे।

# कार पलटने से इंजीनियर की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** मदनापुर-बुधवाना मार्ग पर सिकंदरपुर कला गांव के पास रविवार सुबह तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई। हादसे में नोएडा की एक कंपनी में कार्यरत सॉफ्टवेयर इंजीनियर सौरभ पाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके दो चचेरे भाई और एक बहन घायल हो गए। घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

मदनापुर थाना क्षेत्र निवासी सौरभ पाल (23) पुत्र प्रेमपाल होली का त्योहार मनाने के लिए नोएडा से अपने घर आए थे। रविवार सुबह करीब साढ़े दस बजे वह अपने चचेरे भाई आदित्य (24) पुत्र सतेंद्र पाल, हर्षित (13) पुत्र स्वतंत्रपाल और बहन स्वाति (20) पुत्री राम लड़ैते के साथ कार से मदनापुर से बुधवाना की ओर जा रहे थे। बताया गया है कि जैसे ही कार मदनापुर-बुधवाना मार्ग पर सिकंदरपुर कला गांव के पास पहुंची, तेज रफ्तार के कारण चालक का संतुलन बिगड़ गया और कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई ।

# कुर्मांचल बैंक में लगी आग रिकार्ड जलकर हुए राख

### हल्द्वानी में कार्यालय के ताले तोड़कर दमकल कर्मियों ने बुझाई आग

- इलेक्ट्रिक सिस्टम में फॉल्ट को मानी जा रही आग की वजह
- रिकार्ड रूम में बगल में मौजूद लॉकर बचा बाल-बाल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



बैंक के दफ्तर में लगी आग बुझाने की कोशिश करते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** यहां टीपी नगर चौराहे पर स्थित द कुर्मांचल नगर सहकारी बैंक में रविवार की शाम आग गई। बैंक अंदर ही अंदर धधक रहा था और लोगों को इसकी जानकारी तब मिली जब बैंक के अंदर भरा धुआं बाहर निकलने लगा। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम बैंक का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुई, लेकिन आग काबू करने के लिए उसे भारी मशक्कत करनी पड़ी। करीब एक घंटे की जद्दोजहद के बाद टीम ने आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में बैंक के रिकार्ड जलकर पूरी तरह खाक हो गया।

जानकारी के मुताबिक, रविवार की वजह से बैंक बंद था। आग बैंक के भीतर कब लगी, इसका किसी को अंदाजा नहीं, लेकिन जब धुआं बैंक के बाहर निकलने लगा तो टीपीनगर चौराहे पर अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में टीपीनगर पुलिस मौके पर पहुंच गई। जानकारी मिलते ही दमकल भी पहुंच गई। दमकल ने बैंक के मुख्य द्वार पर लगा ताला तोड़ा, जिसके बाद टीम अंदर दाखिल हो पाई। हालांकि बैंक में पूरी तरह धुआं भर चुका था, जिसके वजह से आग बुझाने में काफी परेशानी हुई।

अंदर पहुंची टीम ने पाया कि आग बैंक के रिकार्ड रूम में लगी है, जिसमें बैंक के अहम दस्तावेज थे और सभी जल रहे थे। दमकल की टीम ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

सूचना मिलते ही बैंक मैनेजर विरेंद्र सिंह भी मौके पर पहुंच गए। बैंक के अंदर मौजूद करीब 15-20 कंप्यूटर को आनन-फानन में बाहर निकाल कर पड़ोस की दुकान में रखा गया। बैंक मैनेजर का कहना है कि केवल दस्तावेज जले हैं। जबकि कंप्यूटर में सारा रिकार्ड सुरक्षित है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौरव किरार ने बताया कि प्राथमिक जांच में शार्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आई है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

### झंडा मेला की भव्यता


रविवार को देहरादून में श्री गुरु राम राय दरबार साहिब के पास झंडा मेले के दौरान ध्वज फहराने के लिए एकत्रित श्रद्धालु । ● एजेंसी

### दुर्घटना में यूट्यूबर अनुराग डोभाल गंभीर रूप से घायल

**गाजियाबाद, एजेंसी :** जिले में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर एक कार दुर्घटना में यूट्यूबर अनुराग डोभाल गंभीर रूप से घायल हो गए। डोभाल को टेलीविजन शो बिग बॉस के 17वें सीजन में भाग लेने के बाद व्यापक स्तर पर पहचान मिली थी। पुलिस के मुताबिक, यह हादसा शनिवार रात को मसूरी पुलिस थाना क्षेत्र में स्थित हवा हवाई रेस्तरां के पास हुआ। इस घटना की जानकारी 112 आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से प्राप्त हुई। पुलिस उपायुक्त (ग्रामीण) सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि जब पुलिस की टीम मौके पर पहुंची, तब तक डोभाल को इलाज के लिए सुभारती अस्पताल ले जाया जा चुका था। पुलिस उपायुक्त तिवारी ने कहा कि बाद में आधी रात के आसपास अनुराग को मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां उनका आईसीयू में इलाज चल रहा है। सुभारती अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक प्रीति गोयल ने पुष्टि की कि अनुराग डोभाल को गंभीर हालत में आईसीयू में भर्ती कराया गया है। देहरादून निवासी डोभाल कथित तौर पर देहरादून से दिल्ली जा रहे थे तभी यह दुर्घटना हुई। पुलिस ने बताया कि अनुराग की एसयूवी टोयोटा फॉर्च्यूनर कथित तौर पर दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर लगभग 150-160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार में थी और डिवाइडर से टकरा गई। उन्होंने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन पलटकर विपरीत लेन में जा गिरा। अधिकारियों ने बताया कि एसयूवी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने बताया कि आत्महत्या के प्रयास का भी संदेह है और मामले की जांच चल रही है। डोभाल के करीबी लोगों के अनुसार, दुर्घटना से कुछ समय पहले से ही वह मानसिक उत्पीड़न की शिकायत कर रहे थे।

# रीवा एक्सप्रेस में आशुतोष ब्रह्मचारी पर जानलेवा हमला

प्रयागराज, एजेंसी

- आशुतोष ब्रह्मचारी ने इस हमले के पीछे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर शक जताया

प्रयागराज में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ न्यायालय में यौन उत्पीड़न का मामला दायर कराने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी पर रविवार को रीवा एक्सप्रेस ट्रेन में जानलेवा हमला कर दिया गया। हमलावर ने उन पर धारदार हथियार से वार किया, जिसमें वह घायल हो गए।

आशुतोष ब्रह्मचारी गाजियाबाद से रीवा एक्सप्रेस के एच-1 कोच में सवार होकर प्रयागराज आ रहे थे। इसी दौरान फतेहपुर और कौशांबी जिले के सिराथू रेलवे स्टेशन के बीच ट्रेन में उन पर हमला कर दिया गया। आशुतोष ब्रह्मचारी ने बताया कि हमलावर ने धारदार हथियार से उन पर कई वार किए और उनकी नाक काटने की कोशिश भी की। जान बचाने के लिए उन्होंने खुद को ट्रेन के टॉयलेट में बंद कर लिया, जिससे उनकी जान बच सकी।

हमले में उन्हें कई जगह चोटें आई हैं और वह लहूलुहान हालत में प्रयागराज जंक्शन पहुंचे। यहां पहुंचने के बाद उन्होंने जीआरपी थाने में मामले की एफआईआर दर्ज कराई।

फिलहाल उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। आशुतोष ब्रह्मचारी ने इस हमले के पीछे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती पर साजिश रचने का शक जताया है।।

# बाघ मित्रों की तर्ज पर बनेंगे गज और तेंदुआ मित्र

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व के बाघ मित्र मॉडल की तर्ज पर जंगल से बाहर घूमने वाले जंगली हाथियों एवं तेंदुओं आदि की निगरानी के लिए गज मित्र एवं तेंदुआ मित्र तैनात किए जाएंगे। वन एवं वन्यजीव प्रभाग अगले वित्तीय वर्ष में इनका चयन कर तैनात करेगा।

दरअसल, यह सबकुछ प्रस्तावित टीओटीआर (टाइगर आउटसाइड टाइगर रिज़र्व) प्रोजेक्ट के तहत होने जा रहा है। वन अफसरों के मुताबिक बजट आवंटित होने के बाद इस पर विस्तृत रुप से कार्य किया जाएगा।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व अपनी विशिष्ट जैव विविधता के दम पर देश-दुनिया में एक टूरिज्म आईकॉन के रूप में उभर रहा है।


जंगल सीमा पर चहलकदमी करता हाथी का झुंड।

बाघ संरक्षण परियोजना लागू होने के बाद यहां के वन एवं वन्यजीवों को संजीवनी मिली। परिणाम यह हुआ कि यहां बाघों समेत अन्य वन्यजीवों की संख्या में बेहतहाशा बढ़ोत्तरी हुई।

जंगल में बाघों एवं अन्य वन्यजीवों की आबादी बढ़ने का नतीजा यह हुआ कि बाघ-तेंदुओं ने जंगल से बाहर निकलना शुरू कर दिया। इसके चलते मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं होने लगी। इधर इधर, वन्यजीवों के लगातार जंगल से बाहर निकलने और इनसे होने वाली घटनाओं के बाद ग्रामीण इलाकों में वन्यजीवों के प्रति काफी नकारात्मक माहौल पनपने लगा।

साल दर साल बढ़ते मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को देखते हुए इसकी रोकथाम के प्रयास शुरू किए गए। पीलीभीत टाइगर रिजर्व एवं विश्व प्रकृति निधि (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) ने बाघ मित्र योजना बनाते हुए जंगल सीमा से सटे इलाकों में रहने वाले कुछ जागरूक युवाओं को टीम में शामिल किया। विशेषज्ञों द्वारा इन युवाओं को बाघ एवं तेंदुए के पदचिन्ह और उनके व्यवहार के प्रति प्रशिक्षित किया गया। वर्ष 2020 आते-आते सभी वॉलटियर्स ने अपनी जिम्मेदारी भलीभांति संभाल ली और अपने-अपने क्षेत्रों में दिए गए दायित्वों को बखूबी अंजाम देने लगे। शुरुआत में बाघ मित्रों की संख्या 60 रखी गई थी, जो अब बढ़कर 120 हो गई है। बाघ मित्रों की सक्रियता का ही परिणाम है कि जंगल सीमा से सटे लोग अब बाघ या तेंदुआ दिखने पर हिंसक होने के बजाय इन वन्य जीवों के व्यवहार को समझने लगे हैं। इससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं में कमी देखी जा रही है।

# घरों में घुसकर लाठी-डंडों से किया हमला, कई लोग घायल

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** कोतवाली सदर की पुलिस चौकी रामापुर के गांव कोरैय्या धारा में रंजिश में दो पक्ष आमने-सामने आ गए। दोनों के बीच जमकर लाठी-डंडे और धारदार हथियार चले। इस खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों से कई लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने एक-दूसरे पक्ष के खिलाफ जानलेवा हमला समेत कई गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। उपचार के लिए घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है। घटना के बाद गांव में तनाव व्याप्त है।

ग्राम कोरैय्या धारा निवासी छोटेलाल का कहना है कि पुरानी रंजिश के चलते रविवार की सुबह करीब 8 बजे गांव के मनोज. भंवर सिंह, योगेन्द्र सिंह, रोहित सिंह, गुलजार सिंह, छोटू सिंह व शिवांस सिंह सहित अन्य लोग लाठी-डंडों और लोहे की रॉड लेकर उसके घर में घुस आए। आरोप है कि सभी ने गाली-गलौज करते हुए छोटेलाल, उसके भतीजे लोकेश और पिता अमित कुमार को बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही हमलावरों ने घर में तोड़फोड़ भी की और जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद घायल परिजनों ने किसी तरह अपनी जान बचाकर पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा। उधर दूसरे पक्ष के मनोज सिंह ने बताया कि बीती 5 मार्च की रात करीब 8:10 बजे गांव के ही मंगल कुमार, अशोक कुमार, गुड्डा, सूरज और छोटेलाल समेत कई लोग लाठी-डंडा और बांका लेकर उसके घर में घुस आए थे। आरोप है कि सभी ने गाली-गलौज करते हुए मनोज सिंह के साथ मारपीट की।

**आयोजन** | अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सीएम ने किया 38 वरिष्ठ महिलाओं को सम्मानित

# मातृशक्ति ही पहाड़ की असली ताकत : धामी

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमारे प्रदेश की महिलाएं परिवार को संभालने के साथ-साथ खेत-खलिहानों को संवारती हैं। राज्य की महिलाएं कठिन परिस्थितियों में भी मजबूती से आगे बढ़ती हैं। उत्तराखंड की माताओं ने अपने त्याग, परिश्रम और अदम्य साहस से इस राज्य को आगे बढ़ाया है। पहाड़ की असली ताकत उसकी मातृशक्ति है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को मुख्य सेवक सदन में आयोजित वरिष्ठ मातृशक्ति का सम्मान 'नारी तू नारायणी' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने शिक्षा, समाजसेवा, उद्यमिता, पर्यावरण संरक्षण, कृषि, संस्कृति, जल संरक्षण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वालीं राज्यभर से 38 वरिष्ठ महिलाओं को सम्मानित किया। कहा कि, आज उन महिलाओं का सम्मान हो रहा है, जिनके त्याग, संघर्ष, स्नेह और संस्कारों ने परिवार, समाज और राष्ट्र की नींव को मजबूत किया है। महिलाओं के स्नेह, त्याग और आशीर्वाद से पीढ़ियां आगे बढ़ती हैं और समाज निरंतर प्रगति करता है। महिलाएं, मां के रूप में अपने जीवन के प्रत्येक सुख को त्यागकर अपने बच्चों को आगे बढ़ाती हैं।



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मातृशक्ति का सम्मान करते सीएम पुष्कर सिंह धामी।

धामी ने कहा कि राज्य सरकार, महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। वृद्धावस्था पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना के माध्यम से सरकार महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की शुरूआत स्वयं अपने घर से शुरू होकर समाज और देश में जाएगी। महिलाएं हमेशा अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करती है। महिला शक्ति ही वह शक्ति है जो परिवार के साथ देश का भी निर्माण करती है।

### पत्नी की हत्या के प्रयास में पति के खिलाफ केस

**रुद्रपुर, अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में पति द्वारा पत्नी की हत्या का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। घायल महिला का आरोप है कि पति ने धारदार हथियार से गर्दन पर प्रहार किया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार खजूर वाली गली ट्रांजिट कैंप निवासी प्रियंका ने बताया कि एक साल पहले उसने अपने पति द्रव पाल के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया था और वर्तमान में वह अपने पिता तारा चंद के साथ दिव्यांग बेटे के साथ रह रही है। बताया कि 29 दिसंबर 2025 की दोपहर तीन बजे वह दिव्यांग बेटे के साथ मछली मार्केट से घर लौट रही थी कि अचानक पति द्रव पाल ने रास्ते में घेर लिया ।

# महिला को सम्मोहित कर लाखों के गहने ठगे

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली इलाके की शांति विहार कॉलोनी में एक बुजुर्ग महिला को सम्मोहित कर लाखों रुपये मूल्य के आभूषण उड़ाने का मामला सामने आया। सम्मोहन से बाहर आने के बाद महिला ने घटना की जानकारी परिवार को दी।

शांति विहार कॉलोनी की रहने वाली बुजुर्ग महिला रजनी गर्ग रविवार की दोपहर साढ़े बारह बजे बाजार के लिए निकले ही थी कि अचानक रेलवे क्रॉसिंग मोड़ पर एक युवक मिला जो किसी बाबा नाम बोलते हुए उसका पता पूछने लगा। कुछ देर बाद अचानक एक व्यक्ति आया जिसे पता पूछने वाले ने बाबा बताया। इसके बाद एक और व्यक्ति आया और बाबा का गुणगान करने लगा। इस दौरान कथित बाबा ने बुजुर्ग महिला के परिवार में मानसिक व शारीरिक परेशानी होने की बात कहते हुए उसे अपनी बातों उलझा लिया और महिला को सम्मोहित कर उससे आभूषण सहित अन्य जानकारी हासिल कर ली। बुजुर्ग महिला रजनी ने बताया कि दोनों व्यक्तियों की बातों के दौरान उसके सोचने समझने की क्षमता शून्य हो चुकी थी। जिसके बाद वह अपने घर गई और अलमारी के लॉकर रखे 12 से 13 तोले सोने के आभूषण छिपाकर सम्मोहन करने वाले व्यक्तियों को सौंप दिये। महिला ने जैसे ही आरोपियों द्वारा दी गई पोटली को खोला तो पोटली के अंदर आभूषण के स्थान पर पत्थर रखे मिले।

### प्रयागराज में पांच वर्षीय बच्चे का अपहरण

**प्रयागराज, एजेंसी:** जिले के यमुना नगर में मांडा थाना अंतर्गत सराय कलां गांव में अज्ञात बदमाशों ने शनिवार को स्कूल से घर लौट रहे पांच साल के एक बच्चे का कथित रूप से अपहरण कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बच्चे का पता लगाने के लिए पुलिस की आठ टीम गठित की गई हैं।

अपर पुलिस आयुक्त अजय पाल शर्मा ने बताया कि उन्होंने और अन्य अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर बच्चे के परिजनों से बात की। उन्होंने बताया कि बच्चे की बरामदगी के लिए पुलिस की आठ टीम काम कर रही हैं।

पुलिस उपायुक्त (यमुना नगर) विवेक चंद्र यादव ने बताया कि शनिवार को मांडा थाना को सूचना मिली कि सराय कलां गांव में प्रतीक का उसके घर के सामने से कुछ अज्ञात लोगों ने अपहरण कर लिया।

न्यूज ब्रीफ

## सड़क हादसे में शकुन ग्रुप के एमडी वल्लभ माहेश्वरी की मृत्यु

**जयपुर।** राजस्थान के अलवर जिले में रविवार शाम एक एक्सप्रेस-वे पर हुई सड़क दुर्घटना में जयपुर के एक व्यवसायी की मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि सड़क हादसे में जयपुर से मथुरा जा रहे शकुन ग्रुप के प्रबंध निदेशक वल्लभ माहेश्वरी (62) की मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि रैणी थानाक्षेत्र में माहेश्वरी की बीएमडब्ल्यू कार अनियंत्रित होकर बैरिकेड तोड़ते हुए पुलिया की दीवार से टकरा गई और इस हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। माहेश्वरी और उनके चालक को राहगीरों और पुलिसकर्मियों ने अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद माहेश्वरी को अलवर के एक अन्य अस्पताल रेफर किया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## सीईसी ज्ञानेश कुमार को कोलकाता में काले झंडे दिखाए गए

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के तीन दिवसीय दौरे पर आए मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के कोलकाता हवाई अड्डे से अपने होटल के लिए सड़क मार्ग से यात्रा करने के दौरान कुछ लोगों ने काले झंडे दिखाए और नारेबाजी की। पश्चिम बंगाल में एसआईआर के खिलाफ न्यू टाउन में एक प्रदर्शन का नेतृत्व करने वाले सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के विधायक तापस चटर्जी ने दावा किया कि विरोध प्रदर्शन में सभी वर्गों के लोगों ने भाग लिया। कुमार आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों की समीक्षा के लिए निर्वाचन आयोग के अधिकारियों की एक बैठक में भाग लेने के लिए यहां आए हैं। भारी संख्या में सुरक्षा कर्मियों ने प्रदर्शनकारियों को घेर लिया और उन्हें मार्ग पर आने से रोक दिया।

## छात्राओं ने किया भजनलाल की सभा के बाहर प्रदर्शन

**हनुमानगढ़।** राजस्थान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर हनुमानगढ़ में रविवार को राज्य स्तरीय समारोह के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सभा के बाहर छात्राओं ने हंगामा खड़ा कर दिया। पीटीआई (फिजिकल ट्रेनिंग इंस्ट्रक्टर) भर्ती को लेकर नाराज छात्राओं ने मुख्यमंत्री की सभा पहुंचने से पहले ही जंक्शन की धानमंडी में प्रदर्शन किया। छात्राओं ने 1079 पदों वाली भर्ती प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए मांग की कि राज्य में रिक्त3400 पीटीआई पदों की भर्ती बढ़ाई जाए। छात्राओं का आरोप है कि मात्र 1079 पदों की भर्ती उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने भजनलाल शर्मा से मिलने की कोशिश की, लेकिन उन्हें अंदर नहीं जाने दिया गया।

# भीषण बमबारी के बाद काले धुएं से ढका तेहरान का आकाश, ईरान ने पड़ोसी मुल्कों को दहलाया

## कुवैत के अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के ईंधन टैंकों को बनाया निशाना, इजराइल पर भी बरसाए ड्रोन और मिसाइलें

तेहरान/तेलअवीव, एजेंसी

- सऊदी अरब, बहरीन और यूएई पर भी मिसाइलों और ड्रोन पर हमला

अमेरिका और इजराइल की ओर से ईरान की तेल रिफाइनरियों और डिपो पर किए गए भीषण हवाई हमलों के कारण राजधानी तेहरान का आकाश रविवार सुबह काले धुएं की मोटी चादर से ढक गया। ईरान ने जवाब में इजराइल के अलावा कुवैत, सऊदी अरब, बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर भी मिसाइलें दागीं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दोहराया कि ईरान को आत्मसमर्पण कर देना चाहिए, लेकिन करारा जबाव देते हुए ईरान ने कहा कि वह अपनी एक इंच जमीन भी नहीं देगा।

इजराइल ने तेहरान और अल्बोर्ज़ प्रांत में पांच प्रमुख तेल केंद्रों को निशाना बनाया। ईरानी सरकारी टेलीविजन के अनुसार, इन हमलों में चार टैंकर चालकों की मौत हो गई है। तेहरान के लोगों के अनुसार तेल डिपो के जलने से उठा धुआं इतना घना था कि लग रहा है जैसे सूरज पूरी तरह गायब हो गया हो। तेल डिपो के पास की सड़कों, दुकानों और घरों में बेहद भयावह और डरावनी आग पर काबू पाने के लिए कर्मचारियों को एड़ी से चोटी का जोर लगाना पड़ा। ईरान ने इन हमलों का जवाब देते हुए कुवैत में 'पब्लिक इंस्टीट्यूशन फॉर सोशल सिक्योरिटी' की बहुमंजिला सरकारी इमारत को ड्रोन से निशाना बनाया। इस हमले के कारण इमारत में भीषण आग लग गई, जिसे बुझाने के लिए अधिकारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

ईरान ने दूसरे पड़ोसी देशों को भी निशाना बनाया। कुवैत के सैन्य अधिकारियों के अनुसार, ईरानी ड्रोनों ने कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के ईंधन टैंकों को निशाना बनाया। कुवैती वायु रक्षा प्रणालियों ने कई ड्रोनों को मार गिराया लेकिन मलबा गिरने से हवाई अड्डे के टर्मिनल को नुकसान पहुंचा है। कुवैत सिटी स्थित 'पब्लिक इंस्टीट्यूशन फॉर सोशल सिक्योरिटी' की बहुमंजिला इमारत में भी ईरान की ओर से ड्रोन हमले के बाद भीषण आग लग गई।

कुवैती सेना ने बताया कि 48 घंटों में उन्होंने 12 ड्रोनों और 14 मिसाइलों को गिरा दिया है। बहरीन में एक महत्वपूर्ण समुद्र के पानी को साफ करने वाले संयंत्र को नुकसान पहुंचाने की खबर है। दुबई और अबू धाबी के हवाई अड्डों के पास भी हमले की खबरें हैं। दुबई के जबेल अली बंदरगाह और एक डेटा सेंटर में आग लगने की सूचना मिली है। ओमान और कतर ने भी अपने हवाई क्षेत्र में ईरानी मिसाइलों की आवाजाही की पुष्टि की है और एहतियातन अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है।



तेल संयंत्रों पर भारी बमबारी के बाद तेहरान के आसमान पर छायी काले धुएं की मोटी परत।

## बहरीन में अमेरिका के सैन्य ठिकाने पर मिसाइल हमला

**तेहरान।** ईरान ने दक्षिणी क्षेत्र में स्थित एक समुद्री जल शोधन संयंत्र पर हमले के जवाब में अमेरिकी सैन्य ठिकाने पर मिसाइल हमला किया। ईरान के सरकारी समाचार प्रसारक प्रेस टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के सर्वोच्च परिचालन कमान खातम अल-अनबिया सेंट्रल हेडक्वार्टर के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल इब्राहिम ज़ोलफकारी ने कहा कि यह अड्डा अमेरिकी नौसैनिक बलों की केंद्रीय कमान और पांचवें बेड़े का मुख्यालय है। जुफैर स्थित अमेरिकी अड्डे से क्रेश्म द्वीप के क्रेश्म डिसेलिनेशन प्लांट पर हमले के बाद इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने सटीक ठोस ईंधन वाली मिसाइलों से उस अमेरिकी ठिकाने को निशाना बनाया। प्रवक्ता ने ईरान द्वारा पहले किए गए जवाबी हमलों का भी उल्लेख करते हुए कहा कि उन कार्रवाइयों में विरोधी पक्ष की निगरानी प्रणालियों को काफी नुकसान पहुंचाया गया था। उनके अनुसार दुश्मन के रडार सिस्टम पहले की कार्रवाई में नष्ट हो जाने के कारण अब लक्ष्यों को निशाना बनाना अपेक्षाकृत आसान हो गया है।

## अमेरिकी सैनिकों के शवों को ट्रंप और मेलानिया ने दी सलामी





अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को युद्ध में मारे गए अमेरिकी सैनिकों के शवों को सलामी दी। इस मौके पर उनके साथ अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप और व्हाइट हाउस के मध्य पूर्व के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ भी थे। मारे गए सैनिकों में अमेरिकी सेना के रिजर्व सार्जेंट फर्स्ट क्लास 42 वर्षीय नोआ टिटजेंस भी थे। बेलव्यू (नेब्रास्का) के नोआ टिटजेंस के अवशेषों वाले तिरंगे में लिपटे शव को अमेरिकी सेना की टीम ले जा रही है। टिटजेंस की मृत्यु कुवैत के एक कमांड सेंटर पर ड्रोन हमले में तब हुई थी, जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान शुरू किया था। यह घटना शनिवार को डोवर एयर फोर्स बेस, डेलावेयर में हुई। अमेरिकी सेना के मारे गए अन्य रिजर्व के सैनिकों मेजर जेफरी ओ ब्रायन (45), इंडियनोला, आयोवा के, कैप्टन कोडी खोरक (35), विंटर हेवन, फ्लोरिडा के, चीफ वारंट ऑफिसर 3 रॉबर्ट मार्ज़न (54), व्हाइट बियर लेक, मिनेसोटा के, सार्जेंट फर्स्ट क्लास निकोल अमोर (39) और बेलेव्यू, नेब्रास्का के शामिल हैं।

## अपने पकड़े गए सैनिकों का सच छिपा रहा है अमेरिका: लारिजानी

- कई सैनिकों को किया है गिरफ्तार अमेरिका छिपा रहा है सच्चाई

**तेहरान।** ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारिजानी ने दावा किया है कि हालिया संघर्ष के दौरान कई अमेरिकी सैनिकों को ईरानी बलों ने बंदी बना लिया है लेकिन अमेरिका इस सच्चाई को छिपाने की कोशिश कर रहा है।

लारिजानी ने एक्स पर रविवार को एक पोस्ट में कहा कि कई अमेरिकी सैनिकों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिकी पक्ष उन्हें युद्ध में मारे जाने की बात कह रहा है, लेकिन यह सच्चाई ज्यादा समय तक छिपी नहीं रह सकेगी। लारिजानी ने चेतावनी दी कि अमेरिका को समझना चाहिए कि ईरान के सब्र को तोड़ने और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करने के गंभीर परिणाम होंगे। राष्ट्रीय संकल्प के आधार पर ईरान अमेरिकी आक्रामकता का जवाब दिए बिना नहीं छोड़ेगा। लारिजानी ने कहा, ट्रंप की बयानबाजी से स्पष्ट है कि ईरान के खिलाफ अमेरिका की रणनीति विफल रही है। अमेरिका का मुख्य उद्देश्य ईरान की शासन व्यवस्था को कमजोर करना और राष्ट्रीय एकता को तोड़ना था, लेकिन यह लक्ष्य हासिल नहीं हो सका।

## नार्वे: अमेरिकी दूतावास के बाहर धमाका

**ओस्लो।** नार्वे की राजधानी ओस्लो में रविवार तड़के अमेरिकी दूतावास के बाहर तगड़ा विस्फोट हुआ, जिससे इमारत को नुकसान पहुंचा है। हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। नॉर्वे पुलिस के अनुसार आधी रात के बाद करीब एक बजे घटना की सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में पुलिस बल और आपात सेवाओं को मौके पर भेजा गया। पुलिस ने बताया कि वह अमेरिकी दूतावास के अधिकारियों के संपर्क में है और अब तक किसी के घायल होने की खबर नहीं मिली है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि विस्फोट किस कारण हुआ या इसमें कौन शामिल हो सकता है।

## यूएई भी कूदा जंग में, क्रेशम द्वीप पर ईरान के जल संयंत्र पर किया पहला हमला

**अबू धाबी/तेहरान।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने ईरान के एक विलवणीकरण (जल शुद्धीकरण) संयंत्र पर हमला किया है, जो ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजराइल युद्ध की शुरुआत के बाद से अमीरात और ईरान के बीच शत्रुता में वृद्धि का एक महत्वपूर्ण संकेत है। मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक यह हमला न केवल फारस की खाड़ी के एक और देश को ईरान के साथ सीधे सैन्य संघर्ष में शामिल करेगा, बल्कि ईरानी ड्रोन और मिसाइल हमलों के खिलाफ अबू धाबी का पहला जवाबी हमला भी होगा। ईरानी अधिकारियों और उसके सरकारी मीडिया के अनुसार, क़ेशम द्वीप पर स्थित एक विलवणीकरण संयंत्र पर रात में हमला किया गया, जिससे आसपास के लगभग 30 गांवों में पानी की आपूर्ति बाधित हो गई। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने हमले की निंदा करते हुए कहा कि हमले में द्वीप पर स्थित ईरान के मीठे पानी के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया था और गंभीर परिणामों की चेतावनी दी।

### सऊदी अरब में एक भारतीय और बांग्लादेशी की मौत

**दुबई।** सऊदी अरब ने एक रिहायशी क्षेत्र पर हुए मिसाइल हमले में एक भारतीय और एक बांग्लादेशी नागरिक के मारे जाने की सूचना दी है। सऊदी अरब ने यह भी बताया कि हमले में 12 बांग्लादेशी नागरिक घायल भी हुए हैं। ईरान लगातार खाड़ी देशों पर हमले कर रहा है।

### इजराइल: बंकर में कैद जिंदगी




तेल अवीव में एक बंकर में शरण लिए लोग।

## पाकिस्तान में पेट्रोल के लिए मारामारी गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत

**लाहौर।** अमेरिका-ईरान संघर्ष के कारण पाकिस्तान में ईंधन की कमी की आशंका से मची अफरा-तफरी के बीच पेट्रोल पंप पर विवाद में ग्राहकों की ओर से की गई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार को लाहौर से लगभग 100 किमी दूर सियालकोट में हुई, जब दस्का रोड पर एक पेट्रोल पंप पर ग्राहकों और कर्मचारियों के बीच कहासुनी हो गई। तेल आपूर्ति को लेकर बढ़ती चिंताओं के कारण पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई थीं। इसी बीच, एक कार से आए दो व्यक्तियों ने अपनी गाड़ी में पेट्रोल भरवाया और फिर पेट्रोल पंप के कर्मचारी को अपने साथ लाए दो डिब्बों में पेट्रोल भरने को कहा। पेट्रोल पंप कर्मचारी ने सरकारी नीति का हवाला देते हुए डिब्बों में पेट्रोल भरने से मना किया तो कार सवार उन्हें धमकी देकर चले गए। लगभग एक घंटे बाद कार सवार हथियारों के साथ आए, पेट्रोल पंप के कर्मचारियों पर गोलियां चलाईं, जिससे तीन कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में शामिल 25 वर्षीय मोहम्मद सिबतैन ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

# मानवाधिकारों की रक्षा के लिए पेरिस सिद्धांतों को बदलने की आवश्यकता

नई दिल्ली, एजेंसी



- एनएचआरसी के अध्यक्ष जस्टिस वी रामसुब्रमण्यम ने रायसीना डायलॉग में दिया जोर

दुनिया में जारी कई संघर्षों के बीच राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी. रामसुब्रमण्यम (सेवानिवृत्त) ने मानवाधिकारों की बेहतर तरीके से रक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय मानक स्थापित करने के उद्देश्य से पेरिस सिद्धांतों को पूर्ण रूप से बदलने पर जोर दिया है।

शनिवार को यहां 'रायसीना डायलॉग' कार्यक्रम में 'उथल-पुथल के समय में एनएचआरसी''सत्र के दौरान उन्होंने कहा कि पेरिस सिद्धांत में केवल यह बताया गया है कि एक मानवाधिकार संस्थान किस तरह से गठित किया जाना चाहिए। पेरिस सिद्धांत राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थानों के लिए 1993 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित मानक हैं। बाद में इन्हें 1993 में संयुक्त राष्ट्र महासभा की ओर से मंजूरी दी गई थी। इनमें राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थान की स्थापना के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा सुझाए गए बुनियादी दिशानिर्देश निर्धारित किए गए हैं।

रामसुब्रमण्यम ने कहा, आज हमें अत्यधिक कूटनीति का इस्तेमाल करना पड़ता है, शब्दों और नामों को चुनने में सावधानी बरतनी होती है। वैश्विक संघर्षों का हवाला देते हुए न्यायमूर्ति रामसुब्रमण्यम ने कहा कि इतिहास की विडंबना यह है कि अपराधी पीड़ित बन जाते हैं और पीड़ित अपराधी, वे अपनी भूमिका बदल लेते हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि 21वीं सदी का पहला आधा भाग, 20वीं सदी के पहले आधे भाग की तरह ही होगा। लिहाजा, हमें क्या करना चाहिए। एनएचआरसी प्रमुख ने विभिन्न देशों के एनएचआरआई के बीच सहयोग की बात कही।

### विडंबना... कोई भी वैश्विक नेता सच नहीं बोलता

दुनियाभर में जारी कई संघर्षों के बीच वर्तमान वैश्विक स्थिति पर बात करते हुए एनएचआरसी प्रमुख ने किसी देश या व्यक्ति का नाम लिए बगैर अफसोस जताते हुए कहा कि मानवाधिकारों के पालन के लिए पहली आवश्यकता है सच कहना, लेकिन आज कोई भी वैश्विक नेता पूरा सच नहीं बोल सकता। उन्होंने कहा कि कूटनीति, बहुपक्षीय रिश्तों और किसी देश के हितों के कारण यह सब होता है।

## जयशंकर देंगे पश्चिम एशिया की स्थिति पर लोकसभा में बयान

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर पश्चिम एशिया की स्थिति के संबंध में सोमवार को लोकसभा में बयान देंगे। संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार से शुरू होगा।

रविवार शाम को जारी लोकसभा की नौ मार्च की संशोधित कार्यसूची के अनुसार, जयशंकर पश्चिम एशिया की स्थिति के संबंध में एक बयान देंगे। शनिवार तक लोकसभा अध्यक्ष पद से ओम बिरला को हटाने की मांग वाला विपक्ष समर्थित प्रस्ताव ही सोमवार के लिए सूचीबद्ध एकमात्र आधिकारिक एजेंडा था। विपक्ष ने पश्चिम एशिया पर सदन में चर्चा की मांग की है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि क्षेत्र में हवाई मार्ग के आंशिक खोले जाने के बाद 52,000 भारतीय लौट चुके हैं। पश्चिम एशिया में स्थिति नाजुक बनी हुई है क्योंकि अमेरिका-इजराइल ईरानी ठिकानों पर लगातार बमबारी कर रहे हैं, जबकि तेहरान इजराइली ठिकानों और अमेरिकी सैन्य अड्डों पर हमले करके जवाबी कार्रवाई कर रहा है।

# बिरला के खिलाफ संयुक्त रणनीति तैयार करेगा विपक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी

- पश्चिम एशिया संकट, अमेरिका से समझौते पर घेरने की तैयारी

कांग्रेस नेतृत्व ने रविवार को एक महत्वपूर्ण संसदीय रणनीति समूह की बैठक आयोजित की और संसद के बजट सत्र के दौरान संयुक्त रणनीति तैयार करने का निर्णय लिया। बैठक कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के आवास पर हुई।

कांग्रेस नेता सैयद नसीर हुसैन ने कहा कि संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण शुरू होने से पहले सोमवार को राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के कक्ष में संयुक्त विपक्ष की महत्वपूर्ण बैठक होगी। बैठक में नेतागण लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए विपक्ष द्वारा पेश प्रस्ताव पर साझा रणनीति बनाने के लिए चर्चा करेंगे। विभिन्न विपक्षी दल पश्चिम एशिया संकट और भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौता सहित प्रमुख मुद्दों पर सरकार को घेरने की रणनीति पर भी फैसला करेंगे। सूत्रों के अनुसार, एकजुट विपक्ष महंगाई और हाल ही में रसोई गैस की कीमत में हुई बढ़ोतरी के मुद्दे पर सरकार को घेरने की कोशिश करेगा।

संसदीय रणनीति समूह की बैठक के बाद, हुसैन ने कहा कि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने, लद्दाख पर सरकार का रुख और ग्रेट निकोबार परियोजना पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेश और पर्यावरण पर इसके प्रभाव जैसे मुद्दों को भी सत्र के दौरान उठाया जाएगा। लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर उन्होंने कहा कि सभी विपक्षी दल चर्चा में भाग लेंगे और प्रस्ताव के पक्ष में मतदान करेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि संसदीय परंपराओं का पालन किया जाना चाहिए और पार्टी सदन में विपक्षी सांसदों को बोलने की अनुमति नहीं दिए जाने का मुद्दा उठाएगी।

## होली पर हत्या: एमसीडी ने एक आरोपी के घर के अवैध हिस्सों को गिराया

**नई दिल्ली।** एमसीडी के अधिकारियों ने उत्तम नगर में होली पर हुई झड़प के मामले में एक आरोपी के घर के अवैध हिस्सों को रविवार को गिरा दिया। इस झड़प में 26 वर्षीय युवक की हत्या कर दी गई थी। उधर, पीड़ित परिवार ने सीबीआई से जांच कराने समेत घटना में शामिल सभी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

एमसीडी की टीम बुलडोजर लेकर जेजे कॉलोनी इलाके में पहुंची और आरोपी उमरदीन के पिता निजामुद्दीन के घर के कुछ हिस्सों को ध्वस्त कर दिया। चार मार्च की घटना के बाद से तनावपूर्ण माहौल वाले इस इलाके में पुलिस और अर्धसैनिक बलों को भारी संख्या में तैनात किया गया है। आरोपियों के खिलाफ की गई तोड़फोड़ के दौरान पुलिस ने इलाके को घेर लिया। भारी संख्या में लोग निवासी कार्रवाई देखने के लिए इकट्ठे हुए।

## दिल्ली में साकेत कोर्ट के पास मणिपुर की महिला पर पुरुषों के समूह ने किया हमला

**नई दिल्ली।** दिल्ली के साकेत जिला अदालत परिसर के पास रविवार शाम को एक पार्क में पुरुषों के एक समूह ने मणिपुर की महिला पर हमला किया।

पुलिस की ओर से दी गई प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, महिला और उसकी सहेली एक पार्क में टहल रही थीं, तभी पुरुषों के एक समूह ने उन पर टिप्पणी की। पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक जब एक महिला ने व्यक्तियों की टिप्पणियों पर आपत्ति जताई तो एक बहस छिड़ गई और आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया। इस घटना में महिला को मामूली चोटें आईं और उसे चिकित्सा जांच और उपचार के लिए सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और पीड़िता से संपर्क किया। टीम लगातार उसके संपर्क में है और उसके बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। आरोपियों की पहचान करने और उनका पता लगाने के प्रयास जारी हैं।

## अमेरिकी उत्पादों का बहिष्कार करे देश की जनता: सारा जोसेफ

- मलयालम लेखिका ने कहा- दूसरे देशों के खिलाफ युद्ध का समर्थन करते हैं ये उत्पाद

**तिरुवनंतपुरम।** प्रख्यात मलयालम लेखिका सारा जोसेफ ने रविवार को कुछ अमेरिकी कॉर्पोरेट उत्पादों के बहिष्कार करने की अपील करते हुए आरोप लगाया कि ये अप्रत्यक्ष रूप से अन्य देशों के खिलाफ अमेरिका के युद्ध प्रयासों का समर्थन करते हैं।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लेखिका ने महिलाओं से प्रमुख अमेरिकी कंपनियों द्वारा निर्मित उत्पादों का बहिष्कार कर अमेरिका और इजराइल की नीतियों के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराने का आग्रह किया है। हालांकि, लेखिका ने इन देशों द्वारा ईरान के खिलाफ हमलों का विशेष रूप से उल्लेख नहीं किया है। जोसेफ ने एक पोस्ट में विशेष रूप से टूथपेस्ट, शैंपू, डिटर्जेंट आदि का निर्माण करने वाली प्रसिद्ध कंपनियों का उल्लेख किया। जोसेफ ने कहा, ये बड़े अमेरिकी कॉर्पोरेट संस्थान हैं जो अमेरिका को लड़ाकू विमान, हथियार और मिसाइलों के निर्माण के लिए भारी वित्तीय सहायता प्रदान करते हैं। लेखिका ने इसे मौन क्रांति बताते हुए कहा कि महिलाएं ऐसे उत्पादों का इस्तेमाल न करते हुए इस विरोध की शुरूआत अपने घर से कर सकती हैं।

## भारत से रविवार को रद्द हुईं 279 उड़ानें

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण रविवार को घरेलू विमान सेवा कंपनियों की 279 उड़ानें रद्द रहीं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि रविवार को 49 उड़ानों का परिचालन शेड्यूल किया गया था। युद्ध शुरू होने के बाद वाणिज्यिक उड़ानों को पूरी तरह रोक दिया गया था। धीरे-धीरे अब कुछ हवाई अड्डों से उड़ाने शुरू हो रही हैं और भारतीय तथा विदेशी विमान सेवा कंपनियां नियमित उड़ानों का भी परिचालन कर रही हैं। सऊदी अरब के जेद्दा और मस्कट से नियमित उड़ानें हो रही है। अन्य शहरों से भी विशेष राहत उड़ानें चलाई जा रही हैं।

न्यायिक रिपोर्ट

न्यायाधीश कुरियन जोसेफ समिति ने राज्यपाल के पद पर पुनर्विचार करने की सिफारिश की

# राज्यपाल औपनिवेशिक काल का पद, अब प्रासंगिक नहीं

चेन्नई, एजेंसी

तमिलनाडु सरकार की ओर से केंद्र-राज्य संबंधों पर गठित सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति कुरियन जोसेफ समिति ने अपनी भाग एक की रिपोर्ट में राज्यपाल पद पर पुनर्विचार करने की सिफारिश की है। समिति ने पाया है कि भारत के औपनिवेशिक काल का राज्यपाल पद का मॉडल अब प्रासंगिक नहीं रह गया है और इस पद को मौलिक रूप से पुनर्गठित और गैर-राजनीतिक बनाया जाना चाहिए ताकि यह जवाबदेही, संयम और संघीय औचित्य पर आधारित एक तटस्थ संवैधानिक प्रहरी के रूप में कार्य कर सके।

समिति ने अपनी रिपोर्ट में संविधान के अनुच्छेद 200 और 201 में बदलाव का सुझाव दिया ताकि विधेयकों की मंजूरी, वापसी या आरक्षण के लिए जरूरी समय सीमा शामिल की जा सके और समय खत्म होने पर इसे मंजूर माना जाय। तमिलनाडु सरकार की ओर से इस रिपोर्ट के कुछ हिस्से प्रेस विज्ञप्ति के जरिए जारी किए गए। रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्यपाल के पद पर पुनर्विचार होना चाहिए और इसे राजनीति से दूर रखना चाहिए ताकि यह जवाबदेही, संयम और संघीय औचित्य पर आधारित एक तटस्थ संवैधानिक पहरेदार के तौर पर काम कर सके। समिति ने अनुच्छेद 200 और 201 में संवैधानिक संशोधन का सुझाव दिया ताकि विधेयकों की मंजूरी, वापसी या आरक्षण के लिए बाध्यकारी समय रेखा शामिल की जा सके और इसकी समाप्ति पर इसे मंजूर मान लिया जाए। समिति ने कहा है कि जहां संवैधानिक रूप से जरूरी हो, उसे छोड़कर, राज्य सूची संबंधी विधेयक रोका नहीं जाना चाहिए।

### केंद्र के दुरुपयोग के कारण कमजोर हुआ है लोकतांत्रिक जनादेश



समिति ने कहा है कि केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी की ओर से राज्यपाल पद के गलत इस्तेमाल ने लोकतांत्रिक जनादेश को कमजोर किया है, विधायी प्रक्रिया में रुकावट डाली है, संघ-राज्य संबंध को खराब किया है और संवैधानिक भरोसे को कमजोर किया है। कहा गया है, जब परंपराएं लड़खड़ाती हैं तो संवैधानिक संशोधन के जरिए स्पष्टता दी जानी चाहिए। यह रिपोर्ट मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को सौंपी गई थी और बाद में 16वीं विधानसभा की आखिरी सत्र में पेश की गई थी। इसमें कहा गया कि राज्यपाल के पद के लगातार गलत इस्तेमाल को देखते हुए कुरियन जोसेफ कमेटी ने ऐसे सुधारों की सिफारिश की है जो संघीय संतुलन को ठीक कर सकें।

### फूड डिलीवरी में दिसंबर तिमाही में हुई वृद्धि

**नयी दिल्ली।** ऑनलाइन ऑर्डर लेकर भोजन पहुंचने वाली भारत की शीर्ष तीन कंपनियों - स्विगी, मैजिकपिन और जोमैटो ने अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में वृद्धि की रफ्तार फिर से हासिल कर ली है। उद्योग के अधिकारियों ने कहा कि त्योहारी मांग, किफायती पेशकशों और बढ़ते उपयोगकर्ता आधार के चलते ऑर्डर की संख्या में जबरदस्त उछाल देखा गया है। विपणन, उत्पाद नवाचार और मूल्य आधारित प्रस्तावों में निवेश के साथ, इस क्षेत्र को आने वाली तिमाहियों में भी वृद्धि की गति बरकरार रहने की उम्मीद है।

अमृत विचार
बरेली, सोमवार, 9 मार्च 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 2475, राज श्री 1880, फ़ॉर्चून कि. 2430, रविन्द्रा 2450, फॉर्चुन 13kg 2140, जय जवान 2065, सचिन 2120, सूरज 2065, अवसर 1950, उजाला 2070, गृहणी 13 kg 1990, क्लासिक (kg) 2305, मोर 2260, चक्र टिन 2445, ब्लू 2230, आशीर्वाद मस्टर्ड 2390, स्वास्तिक 2430

**किराना**-निजामाबाद हल्दी 16600, जीरा 26500, लाल मिर्च 21500-24000, धनिया 12000-13000, अजवायान 14000-19000, मेथी 7000-8000 सौंफ 11000-20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850-1000, बादाम 750-1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330-380, मखाना 900-1050

**चावल**-( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8800, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8800, गौरी प्रीमियम 10300, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4200,लाडली 4200

**दाल दलहन** -मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200-12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7350-9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10000-11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800-8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100-11800, अरहर कोरी छोटी 13100

**चीनी** - पीलीभीत 4300, बहेड़ी 4200

## बरेली सर्राफा

**दर प्रति 10 ग्राम :** सोना (पक्के आभूषण) 163200, सोना गिन्नी 159200, चांदी (पक्की) 2700 (अनुमानित)

## बिजनेस ब्रीफ

### पांच से 15 प्रतिशत बढ़ रहीं एसी की कीमतें

**नयी दिल्ली।** एयर कंडीशनर बनाने वाली प्रमुख कंपनियां कीमतों में 5-15 प्रतिशत तक बढ़ोतरी कर रही हैं। यह वृद्धि ठीक उस समय हो रही है, जब गर्मी शुरू होने के साथ एयर कंडीशनर (एसी) की मांग बढ़ने वाली है। डाइकिन, वोल्टास, ब्लू स्टार, एलजी, हायर और मित्सुबिशी हैवी इंडस्ट्रीज सहित प्रमुख कंपनियों ने विभिन्न मॉडलों की मूल्य वृद्धि की घोषणा की है।

## नवरात्र की तैयारी



प्रयागराज के पास लालगोपालगंज गांव में एक कारीगर सनातन हिंदू रीति-रिवाजों में इस्तेमाल होने वाले पवित्र नारंगी-पीले धागे कलावा को रंग रहा है। आने वाले नवरात्रि त्योहार के लिए कारीगर ऑर्डर तैयार कर रहे हैं। बासंतिक नवरात्र इसी माह हैं।

# कच्चे तेल की कीमतें तय करेंगी शेयर बाजार की चाल

## विश्लेषक बोले-विदेशी निवेशकों का रुख और वैश्विक बाजार के रुझान करेंगे प्रभावित

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा मुख्य रूप से पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से जुड़े घटनाक्रम और कच्चे तेल की कीमतों पर इसके प्रभाव से तय होगी। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा, वैश्विक बाजार के रुझान और विदेशी निवेशकों के रुख से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित होगी।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा- इस सप्ताह वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक घटनाक्रम बाजार की दिशा को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण बाहरी कारक बने रहेंगे। इसके साथ ही, कुछ प्रमुख व्यापक आर्थिक आंकड़े भी जारी होंगे, जो निकट भविष्य की धारणा को आकार दे सकते हैं। घरेलू मोर्चे पर निवेशक 12 मार्च को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखेंगे।' वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 8.52 प्रतिशत उछलकर 92.69 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है।



ऑनलाइन कारोबार और संपत्ति फर्म एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा कि आने वाला सप्ताह अस्थिर रहने की संभावना है, क्योंकि बाजार की धारणा काफी हद तक पश्चिम एशिया में लगातार जारी भू-राजनीतिक तनाव से प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि निवेशक वैश्विक घटनाक्रमों, विशेष रूप से कच्चे तेल की कीमतों पर नजर रखेंगे क्योंकि ऊर्जा बाजार जोखिम लेने की क्षमता को प्रभावित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजय कुमार ने कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर अनिश्चितता, बाजार में लगातार गिरावट, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के प्रति भारतीय अर्थव्यवस्था की संवेदनशीलता और रुपये की तेज गिरावट ने एफआईआई की बिकवाली को बढ़ाया।

### इस्पात पर पड़ेगा पश्चिम एशिया तनाव का असर

**नयी दिल्ली।** बिगमिंट रिसर्च के अनुसार पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट के कारण ईंधन की लागत बढ़ रही है, जिससे भारत सहित वैश्विक इस्पात उद्योग को आने वाले दिनों में कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। बिगमिंट के विश्लेषकों ने कहा कि कच्चे तेल, एलएनजी और माल ढुलाई लागत में एक साथ बढ़ोत्तरी हो रही है, जिससे लागत का दबाव सीधे इस्पात और इस्पात से संबंधित जिंस बाजारों पर पड़ रहा है।

# कच्चे तेल की आपूर्ति के लिए भारत ने खोजे वैकल्पिक स्रोत

## रिफाइनरियों ने मरम्मत बंदी को टाला, संघर्ष क्षेत्र से बाहर क्षेत्रों से ले रहे अधिक आपूर्ति

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के लंबा खिंचने की आशंका के बीच भारतीय खुदरा ईंधन कंपनियों ने अमेरिका, रूस और पश्चिम अफ्रीका से अतिरिक्त कच्चे तेल के लिए बातचीत शुरू कर दी है। उद्योग अधिकारियों और विश्लेषकों ने यह जानकारी दी। कच्चे तेल को पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधनों में परिशोधित करने वाली रिफाइनरियों ने फिलहाल प्रस्तावित मरम्मत बंदी को टाल दिया है और सामान्य परिचालन दर बनाए रखी है ताकि देश की तात्कालिक जरूरतों के लिए पर्याप्त बफर स्टॉक बना रहे।

बता दें कि भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का लगभग 88 प्रतिशत आयात करता है। फरवरी में इस आपूर्ति का लगभग आधा हिस्सा ''होर्मुज जलडमरूमध्य'' से होकर आया था, जो ईरान और ओमान के बीच एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है। ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के कारण इस रणनीतिक मार्ग से टैंकरों की आवाजाही लगभग ठप हो गई है।





पेट्रोलियम मंत्रालय के एक उच्च पदस्थ सूत्र ने बताया कि हम उन क्षेत्रों से अधिक आपूर्ति ले रहे हैं जो संघर्ष क्षेत्र से बाहर हैं। वर्ष 2025 में गैर-होर्मुज स्रोतों की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत थी, जो अब बढ़कर 70 प्रतिशत हो गई है। भारतीय रिफाइनरियां अब पश्चिम अफ्रीका, लातिन अमेरिका और अमेरिका से तेल ले रही हैं। साथ ही, अमेरिकी ट्रेजरी (वित्त) विभाग द्वारा रूसी तेल की बिक्री और वितरण के लिए दी गई 30 दिनों की छूट ने एक नया रास्ता खोल दिया है।

इस छूट के तहत पांच मार्च तक जहाजों पर लदे रूसी तेल को पांच अप्रैल तक बिना प्रतिबंधों के भारत पहुंचने की अनुमति दी गयी है। रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचपीसीएल और एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी लिमिटेड जैसी कंपनियों ने रूसी तेल की खरीद फिर से शुरू कर दी है। मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि भारत की स्थिति मजबूत है और वर्तमान भंडार देश की 50 दिनों की मांग को पूरा करने को पर्याप्त है।

- 28 फरवरी के बाद 70 से बढ़कर 92 डॉलर प्रति बैरल के पार हुईं कच्चे तेल की कीमतें

उन्होंने कहा कि भारत के पास वर्तमान में लगभग 14.4 करोड़ बैरल कच्चा तेल भंडारण में है और महत्वपूर्ण बात यह है कि तेल की इस आपूर्ति की निरंतर भरपाई की जा रही है।

मंत्रालय के आंकड़ों अनुसार, देश के पास इसके अलावा सामरिक पेट्रोलियम भंडार (एसपीआर) और सरकारी तेल कंपनियों के पास मौजूद स्टॉक को मिलाकर कुल क्षमता लगभग 74 दिनों के शुद्ध आयात के बराबर है।

विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि वैकल्पिक स्रोतों से आपूर्ति सुनिश्चित होने के बावजूद कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, अधिक माल भाड़े और बीमा प्रीमियम के कारण आयात बिल बढ़ सकता है।

28 फरवरी के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 70 डॉलर से बढ़कर 92 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई हैं। तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की कीमतें भी दोगुनी से अधिक बढ़कर 24-25 डॉलर प्रति दस लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट तक पहुंच गई हैं। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आयातक है और अपनी कुल जरूरतों का लगभग आधा हिस्सा पश्चिम एशिया से प्राप्त करता है।

## पश्चिम एशिया संकट: एफपीआई ने निकाले 21,000 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** विदेशी निवेशकों ने पश्चिम एशिया संकट के बीच पिछले चार कारोबारी सत्रों के दौरान भारतीय इक्विटी से 21,000 करोड़ रुपये निकाले हैं।

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई)द्वारा फरवरी में भारतीय इक्विटी में 22,615 करोड़ रुपये के निवेश के बाद यह ताजा बिकवाली हुई है। फरवरी का निवेश पिछले 17 महीनों में सबसे अधिक मासिक लिवाली थी। इससे पहले एफपीआई लगातार तीन महीनों तक शुद्ध विक्रेता रहे थे। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार उन्होंने जनवरी में 35,962 करोड़ रुपये, दिसंबर में 22,611 करोड़ रुपये और नवंबर में 3,765 करोड़ रुपये निकाले थे। ताजा निकासी 2-6 मार्च के दौरान हुई, जब एफपीआई ने 'कैश मार्केट' में लगभग 21,000 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। उल्लेखनीय है कि तीन मार्च को होली के उपलक्ष्य में बाजार बंद थे।

बाजार विशेषज्ञों ने इस निकासी का मुख्य कारण पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को बताया है। एंजेल वन के वरिष्ठ बुनियादी विश्लेषक वकार जावेद खान ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधान के डर ने ब्रेंट क्रूड की कीमतों को 90 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचा दिया।

# जर्मन सॉफ्टवेयर कम्पनी ने रोका भारतीय तेल कंपनी का काम, कोर्ट में सुनवाई 16 को

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली उच्च न्यायालय अगले सप्ताह जर्मनी की सॉफ्टवेयर कंपनी एसएपी की भारतीय इकाई के खिलाफ नायरा एनर्जी की याचिका पर सुनवाई करेगा। एसएपी ने नायरा के परिचालन के लिए महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयर सेवाओं को निलंबित कर दिया है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों के अनुसार पिछले साल सितंबर में एसएपी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा यूरोपीय संघ (ईयू) के प्रतिबंधों का हवाला देते हुए सेवाएं निलंबित करने के बाद नायरा एनर्जी ने दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया था।

अदालत ने इस मामले में पहले तत्काल राहत देने से इनकार कर दिया था, लेकिन अब 16 मार्च को इस याचिका पर सुनवाई करने वाली है। यूरोपीय संघ ने पिछले साल रूस के साथ संबंधों के चलते नायरा पर प्रतिबंध लगाए थे। नायरा एनर्जी ने अदालत के सामने तर्क दिया कि उसका समझौता एसएपी इंडिया के साथ है, जो एक भारतीय इकाई है, और इसलिए यह ईयू के प्रतिबंधों के अधीन नहीं है। हालांकि, एसएपी इंडिया का तर्क है कि उसकी मूल कंपनी जर्मनी में स्थित है और वह उनके सहयोग के बिना अपनी सेवाएं प्रदान नहीं कर सकती है।

- नायरा के रूस के साथ संबंधों के चलते एसएपी ने निलंबित कीं साफ्टवेयर सेवाएं

नायरा ने तर्क दिया कि ऐसा करने से भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए खतरा है, क्योंकि कंपनी भारत के पेट्रोलियम के एक महत्वपूर्ण हिस्से का उत्पादन करती है। कंपनी का कहना है कि इस तरह का कदम भारतीय कंपनियों और उनके परिचालन को विदेशी संस्थाओं द्वारा कानून की व्याख्या और उनके अनुप्रयोगों के भरोसे छोड़ देता है। नायरा की याचिका में एसएपी के इस कदम को 'जरूरी सेवाओं का अचानक, एकतरफा और अवैध निलंबन बताया गया है।' याचिका में कहा गया कि एसएपी का सॉफ्टवेयर पिछले 18 वर्षों से नायरा के हर परिचालन के साथ पूरी तरह से जुड़ा है और कंपनी किसी अन्य विकल्प को नहीं अपना सकती है।

# एसईजेड नीति में बड़े सुधारों पर सुझाव देने को बनी 17 सदस्यीय समिति

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड)नीति में व्यापक सुधारों के बारे में सुझाव देने के लिए एक 17 सदस्यीय समिति का गठन किया है। एक अधिकारी ने बताया कि यह समिति 'एसईजेड 2.0' नीति तैयार करने के लिए एक रिपोर्ट सौंपेगी, जिसमें व्यापक और समावेशी सुधारों की रूपरेखा सुझाई जाएगी।

समिति मौजूदा विभिन्न निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं के समन्वय और एकीकरण पर केंद्रित एक अध्ययन करेगी। इसमें एसईजेड, निर्यात उन्मुख इकाइयां (ईओयू), गोदामों में विनिर्माण और अन्य परिचालन (एमओओडब्ल्यूआर), अग्रिम मंजूरी, पूंजीगत वस्तुओं के लिए निर्यात प्रोत्साहन (ईपीसीजी) और शुल्क मुक्त आयात मंजूरी (डीएफआईए) जैसी योजनाएं शामिल हैं। समिति में वाणिज्य विभाग, सीमा शुल्क, नीति आयोग, उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के प्रतिनिधि शामिल हैं। समिति के कार्यक्षेत्र (टीओआर) में विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) अधिनियम, 2005 की समीक्षा करना शामिल है। इसका उद्देश्य वर्तमान वैश्विक व्यापार, निवेश वातावरण और वृहत आर्थिक परिदृश्य में इस अधिनियम की प्रभावशीलता का आकलन करना है।



- एसईजेड 2.0 नीति बनाने को समावेशी सुधारों की रूपरेखा बनाकर रिपोर्ट सौंपेगी समिति

## डब्ल्यूटीओ बैठक में होगी ई-कॉमर्स कर स्थगन, सुधारों पर चर्चा

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कैमरून के याउंडे में 26 से 29 मार्च तक होने वाली विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की चार दिवसीय मंत्रिस्तरीय बैठक में 166 देशों के व्यापार मंत्री डब्ल्यूटीओ सुधारों, कृषि संबंधी मामलों, विवाद निपटान और ई-कॉमर्स कर स्थगन जैसे मुद्दों पर चर्चा करेंगे। एक अधिकारी ने बताया कि मत्स्य पालन सब्सिडी, चीन के नेतृत्व वाला 'विकास के लिए निवेश सुविधा' समझौता, ई-कॉमर्स कार्य से जुड़ा कार्यक्रम और कर स्थगन, विकास एवं एसएंडडीटी और समान अवसर जैसे मुद्दे भी संगठन के 14वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के दौरान चर्चा में शामिल हो सकते हैं।

# सोने में बना रह सकता है उतार-चढ़ाव

## पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से बढ़ेंगी सोने की कीमतें, तनाव कम होने पर भारी बिकवाली

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच सोने की कीमतों में अगले सप्ताह भी उतार-चढ़ाव जारी रहने की संभावना है। विश्लेषकों के अनुसार निवेशकों की पश्चिम एशिया से जुड़े घटनाक्रमों और घरेलू बाजार की धारणा को प्रभावित करने वाले प्रमुख वृहत आर्थिक आंकड़ों पर नजर होगी।

जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी घटनाक्रमों पर नजर बनी रहेगी। तनाव बढ़ने से सोने की कीमतों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, लेकिन तनाव कम होने के संकेत मिलने पर भारी बिकवाली हो सकती है।



मेर ने कहा कि चांदी में अभी सीमित दायरे में घट-बढ़ हो रही है। लेकिन इसमें भारी अस्थिरता देखी जा रही है। इसका कारण सोने और तांबा तथा जस्ता जैसी औद्योगिक धातुओं में सीमित दायरे में घट-बढ़ के कारण इसके लाभ सीमित हैं। पिछले सप्ताह घरेलू बाजार में सर्राफा वायदा में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में चांदी 14,359 रुपये यानी 5.08 प्रतिशत टूटी, जबकि सोना 470 रुपये यानी 0.3 प्रतिशत फिसला।

एंजल वन के गैर-कृषि जिंस और मुद्रा विभाग के शोध मामलों के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट प्रथमेश एम ने कहा कि पिछले सप्ताह सोने की कीमत 1.59 लाख से 1.70 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में रही। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर तनाव, एशियाई मांग, केंद्रीय बैंकों की मजबूत खरीद, अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड का उच्च प्रतिफल और डॉलर की मजबूती सर्राफा बाजार में कीमतों को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक बने हुए हैं।

मेर ने कहा कि अमेरिकी डॉलर, फ्रैंक और बॉन्ड जैसे वैकल्पिक सुरक्षित निवेश विकल्पों की बढ़ती मांग के बीच सोना साप्ताहिक आधार पर नकारात्मक रुख के साथ बंद हुआ है। हालांकि पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण गिरावट सीमित बनी हुई है।

**काम की बात** | जागरूकता की कमी से बिना बीमा चल रहे 50 फीसदी वाहन स्वामी

# जरूरी है थर्ड पार्टी इंश्योरेंस, जानिए! नियम और सजा

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचारः** सड़क पर वाहन चलाने के लिए थर्ड पार्टी मोटर इंश्योरेंस बहुत जरूरी है। यह केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि कानूनन अनिवार्य सुरक्षा कवच है। इसके बावजूद बहुत बड़े अनुपात में वाहन स्वामी अभी भी इसके बिना वाहन चला रहे हैं। यदि आप भी उनमें से एक हैं तो एक छोटी सी लापरवाही भी आपको बड़े कानूनी और आर्थिक संकट में डाल सकती है।

दरअसल, मोटर व्हीकल एक्ट, 1988 के तहत हर वाहन मालिक के लिए थर्ड पार्टी इंश्योरेंस जरूरी है। इसका मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ित तीसरे पक्ष को आर्थिक सुरक्षा देना है। कई बार दुर्घटना में ऐसे लोग प्रभावित होते हैं जिनकी कोई गलती नहीं होती। ऐसे मामलों में यह बीमा उनके इलाज, नुकसान या मुआवजे की भरपाई करने में सहायक होता है।

इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (आईआरडीए) के जनवरी 2026 में जारी एक पत्र के अनुसार, देश में 50 प्रतिशत से अधिक वाहन मालिकों के पास थर्ड पार्टी इंश्योरेंस नहीं है। विशेषज्ञों के अनुसार जागरूकता की कमी से कई लोग इसे गैरजरूरी समझते हैं, जबकि यह कानूनी रूप से अनिवार्य है।



- अन्य व्यक्ति की मौत, चोट और सामने वाले के वाहन को हुआ नुकसान होता है कवर
- बहुत कम होती है प्रीमियम, लेकिन बीमा न होने पर हो सकता है चालान और भारी जुर्माना भी

**क्या होता है कवरः** थर्ड पार्टी इंश्योरेंस में मुख्य रूप से किसी अन्य व्यक्ति की चोट या मृत्यु, सामने वाले वाहन को हुआ नुकसान और सार्वजनिक संपत्ति को हुई क्षति कवर होती है। हालांकि इसमें आपकी अपनी गाड़ी को हुआ नुकसान, चोरी या मेडिकल खर्च शामिल नहीं होते। यानी यह बीमा केवल तीसरे पक्ष को हुए नुकसान की जिम्मेदारी को कवर करता है।

**क्या है सजा या जुर्माना :** अगर कोई व्यक्ति बिना वैध थर्ड पार्टी इंश्योरेंस के वाहन चलाते हुए पकड़ा जाता है तो उसे कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। पहली बार पकड़े जाने पर लगभग 2,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। दोबारा गलती करने पर जुर्माना बढ़ सकता है, साथ ही जेल की सजा, ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन या रद्द होने का खतरा भी रहता है। इसके अलावा अगर ऐसी स्थिति में दुर्घटना हो जाती है तो पीड़ित को मुआवजा चालक को अपनी जेब से देना पड़ सकता है, जो कई बार लाखों रुपये तक पहुंच जाता है।

**कितना होता है प्रीमियमः** थर्ड पार्टी इंश्योरेंस का प्रीमियम सरकार तय करती है और यह वाहन के प्रकार के आधार पर अलग-अलग होता है। मोटरसाइकिल के थर्ड पार्टी प्रीमियम लगभग 550 से 900 रुपये और कार का थर्ड पार्टी बीमा करीब 2100 रुपये से 4000 रुपये तक होता है। बीमा प्रीमियम में ये अंतर वाहन के इंजन की क्षमता पर निर्भर करता है।

विशेषज्ञों का मानना है कि कानूनी जरूरत पूरी करने के लिए थर्ड पार्टी इंश्योरेंस पर्याप्त है, लेकिन बेहतर सुरक्षा के लिए कम्प्रिहेंसिव इंश्योरेंस (फर्स्ट पार्टी) लेना ज्यादा फायदेमंद रहता है। इसमें दूसरे के साथ ही अपने वाहन को हुए नुकसान, चोरी, आग, बाढ़ जैसी स्थितियों के साथ-साथ जीरो डेप्रिसिएशन और रोडसाइड असिस्टेंस जैसे अतिरिक्त लाभ भी मिल सकते हैं।

# म्यूचुअल फंड निवेशकों की सुरक्षा के लिए 'डेबिट फ्रीज' सुविधा

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने म्यूचुअल फंड निवेशकों की यूनिट्स की डिजिटल सुरक्षा के लिए नई वैकल्पिक 'लॉक-इन' या 'डेबिट फ्रीज' सुविधा शुरू करने की घोषणा की है। यह सुविधा डीमैट और गैर-डीमैट दोनों तरह के फोलियो को उपलब्ध होगी, जिससे अनधिकृत डेबिट को रोका जा सकेगा। सेबी की इस पहल से निवेशक अपनी यूनिट्स को स्वेच्छा से लॉक कर सकेंगे, जब तक वे इसे अनलॉक न करें। सेबी के अनुसार 30 अप्रैल से प्रभावी होने वाली यह सुविधा एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के परामर्श से लागू की जा रही है।

**इस तरह काम करेगी सुविधाः** डेबिट फ्रीज सुविधा को सबसे पहले एमएफ सेंट्रल प्लेटफॉर्म के माध्यम से रजिस्ट्रार एंड ट्रांसफर एजेंट्स (आरटीए) द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। एमएफ सेंट्रल एक इंटर-ऑपरेबल आरटीए प्लेटफॉर्म है, जिसकी शुरुआत सेबी ने म्यूचुअल फंड लेन-देन और सेवा अनुरोधों में निवेशक अनुभव सुधारने के लिए की थी। यह सुविधा केवल केवाईसी अनुपालन वाले (रजिस्टर्ड/वैलिडेटेड) निवेशकों के लिए होगी, जिनके पास वैध ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर दोनों मौजूद हों। एम्फी सभी एसेट मैनेजमेंट कंपनियों (एएमसी) और आरटीए के साथ लॉकिंग व अनलॉकिंग की विस्तृत प्रक्रिया निर्धारित करेगा।





### म्यूचुअल फंड निवेश में प्रदेश में दूसरे स्थान पर है कानपुर



वित्तीय सलाहकार राजीव सिंह ने बताया कि सेबी ने यह कदम निवेशकों के हितों की रक्षा और सिक्योरिटीज मार्केट के विकास को बढ़ावा देने के लिए उठाया है। एम्फी के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, म्यूचुअल फण्ड निवेश में कानपुर देश में 14वें और प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। देश के औसत एयूएम में शहर की हिस्सेदारी 0 .47% है। इस तरह कानपुर का औसत एयूएम 38,546 करोड़ रुपये है। सेबी की नई सुविधा डिजिटल धोखाधड़ी से सुरक्षा बढ़ाएगी और निवेशकों को अपने फंड्स पर अधिक नियंत्रण देने में मदद करेगी। इससे म्यूचुअल फंड बाजार में भरोसा बढ़ेगा।

# नेपाल: जेन जी प्रदर्शनों के दौरान हिंसा की जांच पूरी, सरकार को रिपोर्ट सौंपी



- **तत्कालीन प्रशासन के कुप्रबंधन और अक्षमता को ठहराया दोषी**
- **प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने के जिम्मेदारों के नाम का खुलासा नहीं**

**काठमांडू, एजेंसी**

नेपाल में पिछले साल सितंबर में जेन जी के प्रदर्शनों के दौरान हुई हत्याओं, आगजनी और तोड़फोड़ की जांच के लिए गठित उच्च स्तरीय आयोग ने रविवार को अपनी रिपोर्ट अंतरिम सरकार को सौंप दी। रिपोर्ट में तत्कालीन प्रशासन के कुप्रबंधन और अक्षमता को दोषी ठहराया गया है।

सिंह दरबार स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की को जांच रिपोर्ट सौंपी गई, हालांकि आयोग प्रमुख और सरकार दोनों ने ही जेन जी के प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों के नाम और अन्य संबंधित मुद्दों का खुलासा नहीं किया। दो दिवसीय इस प्रदर्शन के दौरान कुल 76 लोग मारे गए थे, जिनमें आठ सितंबर को 22 युवक और अगले दिन 54 लोगों की मौत हुई थी। सुशीला कार्की के अंतरिम प्रधानमंत्री बनने के एक सप्ताह बाद 21 सितंबर को जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश गौरी बहादुर कार्की की अध्यक्षता में न्यायिक जांच आयोग का गठन किया गया।

आयोग के अध्यक्ष गौरी बहादुर कार्की ने कहा कि यह घटना मुख्य रूप से तत्कालीन सरकार के कुशासन और अक्षमता के कारण घटी। उन्होंने कहा कि नौकरशाही और न्यायिक निकायों सहित सरकारी संस्थानों के राजनीतिकरण से लोग हताश थे। आयोग के अध्यक्ष कार्की ने रिपोर्ट सौंपने के बाद मीडियाकर्मियों से कहा, जेन जी के प्रदर्शन के दौरान युवाओं पर गोली चलाने और आदेश जारी करने वालों के साथ-साथ हत्याओं को रोकने के लिए कार्रवाई न करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की सिफारिश की गई है।

## संवैधानिक व्यवस्था में गंभीर व अक्षम्य

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान राज्य सरकार पर प्रोटोकॉल के गंभीर उल्लंघन के आरोप लगे हैं। इनके मुताबिक मुर्मू के आगमन पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, मुख्य सचिव या डीजीपी में से कोई भी अगवानी के लिए मौजूद नहीं था। यही नहीं, कार्यक्रम का स्थान अंतिम समय पर बदल दिया गया। यह भी आरोप है कि राष्ट्रपति के लिए बने वॉशरूम में पानी नहीं था और उनके मार्ग में कचरा फैला हुआ था। केंद्र सरकार ने इसे अभूतपूर्व अपमान करार देते हुए राज्य सरकार से स्पष्टीकरण मांगा है। भारत में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री का प्रोटोकॉल ब्लू बुक नामक एक गोपनीय दस्तावेज द्वारा निर्धारित किया जाता है जो उनकी यात्रा और कार्यक्रमों के लिए कड़े नियम तय करता है। देश में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के प्रोटोकॉल के उल्लंघन पहले भी हुए हैं और उन पर कड़े कदम भी उठाए गए हैं।

## प्रोटोकॉल का उल्लंघन



### राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री का प्रोटोकॉल

- राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री किसी राज्य के दौरे पर जाते हैं तो राज्यपाल और मुख्यमंत्री को उनकी अगवानी और विदाई के लिए मौजूद होना चाहिए। मुख्यमंत्री अपनी जगह किसी वरिष्ठ मंत्री को नामित कर सकते हैं।
- भारत में राष्ट्रपति प्रथम नागरिक और सर्वोच्च संवैधानिक पद पर होते हैं, प्रधानमंत्री कार्यकारी प्रमुख होते हैं। किसी भी कार्यक्रम में बैठने की व्यवस्था और संबोधन इसी वरीयता क्रम के अनुसार होता है।
- प्रधानमंत्री की सुरक्षा एसपीजी (स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप) की ओर से संभाली जाती है। उनके भोजन की जांच मेटल डिटेक्टर से होती है और उनके रसोइयों की जानकारी भी पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है।
- राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के आधिकारिक कार्यक्रमों के स्थान, मार्ग और अतिथियों की सूची पहले से तय होती है और इसमें अंतिम समय पर कोई भी बदलाव प्रोटोकॉल का गंभीर उल्लंघन माना जाता है।

### उल्लंघन कितना गंभीर

- इसे केवल प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक कार्यालय का अपमान माना जाता है।
- प्रोटोकॉल में किसी भी प्रकार का विचलन वीवीआईपी की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है।
- पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति के दौरे के दौरान मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति को केंद्र ने शर्मनाक करार दिया है।

### पहले भी घटनाएं

- पंजाब में रास्ता रोके जाने के कारण मोदी का काफिला फ्लाईओवर पर फंसा रहा।
- वर्ष 2018 में पुरी के जगन्नाथ मंदिर गए राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के साथ दुर्व्यवहार।

### क्या कदम उठा सकता है केंद्र

- केंद्रीय गृह मंत्रालय राज्य सरकार के मुख्य सचिव से विस्तृत रिपोर्ट मांग सकता है। ताजा मामले में बंगाल सरकार से रविवार शाम 5 बजे तक जवाब मांगा गया।
- कोई अधिकारी चूक करता है तो उसे आपदा प्रबंधन अधिनियम या सेवा नियमों के तहत नोटिस दिया जा सकता है, इसमें जेल या निलंबन का भी प्रावधान है।
- बार-बार प्रोटोकॉल या संवैधानिक मर्यादाओं का उल्लंघन किया जाता है तो केंद्र राज्यपाल की रिपोर्ट के आधार पर संवैधानिक संकट की चेतावनी दे सकता है।
- प्रधानमंत्री और गृह मंत्री जैसे उच्च पदों से प्रोटोकॉल उल्लंघन की सार्वजनिक आलोचना की जाती है ताकि राज्य सरकार पर नैतिक दबाव बनाया जा सके।

### ये हो सकती है कार्रवाई

- गृह मंत्रालय राज्य के मुख्य सचिव से 24-48 घंटों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगता है।
- कलेक्टर, पुलिस कमिश्नर या सुरक्षा प्रभारियों को तुरंत निलंबित किया जा सकता है।
- चूक सुरक्षा से जुड़ी है तो एसपीजी या गृह मंत्रालय सीधे जांच के आदेश दे सकते हैं।
- गंभीर मामलों में सुप्रीम कोर्ट खुद संज्ञान लेकर स्वतंत्र जांच समिति बना सकता है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### बांग्लादेश: खालिदा जिया को श्रेष्ठ अजेय महिला का पुरस्कार

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को लोकतंत्र को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका के लिए श्रेष्ठ अजेय महिला सम्मान से नवाजा गया है। उनकी तरफ से उनकी पोती जैमा रहमान ने यह पुरस्कार स्वीकार किया। इस साल पांच और महिलाओं को भी यह पुरस्कार दिया गया। नुरुन नाहर अख्तर को अर्थ श्रेणी में सम्मान मिला, जबकि बबीता खातून को शिक्षा एवं रोजगार में सफलता पाने वाली महिलाओं की श्रेणी में पहचान मिली। नूरबानू कबीर को सफल मां, शमला बेगम को जुल्म को हराकर जिंदगी की लड़ाई जीतने वाली महिलाएं और अफरोजा यास्मीन को सामाजिक विकास में शानदार योगदान देने वाली महिलाएं श्रेणी में सम्मानित किया गया।

### आईफोन के नकली पुर्जे बेचने वाले गिरोह के पांच लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने रोहिणी में नकली आईफोन 'स्पेयर पार्ट्स (पुर्जे) और एक्सेसरीज' को असली बताकर बेचने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है और पांच दुकान मालिकों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इस अभियान के दौरान लगभग 1.6 करोड़ रुपये मूल्य की नकली वस्तुएं जब्त की गईं। पुलिस ने बताया कि रोहिणी सेक्टर तीन के एक मॉल और बाजार में स्थित पांच दुकानों पर छापेमारी के बाद यह कार्रवाई की गई, जहां से बड़ी मात्रा में नकली पुर्जे और सहायक उपकरण (एक्सेसरीज) बरामद किए गए।

# अवसर मिलने पर हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं महिलाएं : मुर्मू

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राष्ट्रपति का संबोधन, कहा- हम किसी से कमतर नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिलाओं की ताकत और उपलब्धियों की रविवार को सराहना करते हुए उन्हें उनकी पूरी क्षमता का एहसास कराने के लिए प्रोत्साहित किया। मुर्मू ने कहा, हम किसी से कमतर नहीं हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि यह अवसर न केवल महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मानित करने का है, बल्कि उनके सशक्तीकरण के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता को भी दोहराने का है।

मुर्मू ने शिक्षा, प्रशासन, न्यायपालिका, सशस्त्र बलों, चिकित्सा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कला, उद्यमिता और खेल में महिलाओं की अग्रणी भूमिकाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं और ग्राम विकास में नेतृत्व प्रदान कर रही हैं, वहीं महिलाएं रोजगार, स्टार्टअप और कॉर्पोरेट क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा, अवसर और समर्थन मिलने पर महिलाएं हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। मुर्मू ने कहा, महिलाओ में दम है, हम किसी से कम नहीं। हममें भी दम है। राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि यद्यपि कई उपलब्धियां हासिल की गई हैं, फिर भी समाज में महिलाओं की समान भागीदारी सुनिश्चित करने में कई बाधाएं मौजूद हैं।



महिला विचारकों के राष्ट्रीय सम्मेलन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

### असाधारण बदलाव ला सकती हैं महिलाएं : राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अपने यूटयूब चैनल पर केरल की छात्राओं के साथ हुई बातचीत का एक वीडियो पोस्ट किया। कहा, मैं प्रत्येक छात्रा के सपनों, जिज्ञासा और आत्मविश्वास से बहुत प्रभावित हुआ। ऐसी बातचीत हमें याद दिलाती है कि जब महिलाएं अपनी क्षमता को पहचानती हैं और खुले दिमाग से आगे बढ़ती हैं तो वे असाधारण बदलाव ला सकती हैं। राहुल ने लिखा, हर महिला अद्वितीय है। उनकी संवेदनशीलता, समझ और भावनात्मक बुद्धिमत्ता समाज को संतुलन व दिशा प्रदान करती है। महिलाएं धैर्य, दूरदर्शिता और सहानुभूति के साथ अपने अनूठे तरीकों से शक्ति का प्रयोग करती हैं। उन्होंने कहा, महिलाएं आमतौर पर पुरुषों से ज्यादा बुद्धिमान होती हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स' पर बीआर आंबेडकर का लैंगिक समानता पर एक कथन साझा किया, आप दुख सहने के लिए पैदा नहीं हुई हैं। आपने उत्थान के लिए जन्म लिया है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को शुभकामनाएं दीं।

### गौरव का स्रोत हैं भारत की नारी शक्ति की उपलब्धियां: मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत की नारी शक्ति की उपलब्धियां गर्व का स्रोत हैं। मोदी ने कहा कि महिलाओं का सशक्तीकरण उनकी सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं पहलों का मूल आधार है और सरकार ऐसे अवसर पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध है जिनसे प्रत्येक महिला अपनी पूरी क्षमता का एहसास कर सके और भारत के विकास की यात्रा में योगदान दे सके। उन्होंने एक संदेश में कहा, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मैं हमारी समूची नारी शक्ति को शुभकामनाएं देता हूं। हर क्षेत्र में महिलाएं संकल्प, रचनात्मकता और बेजोड़ उत्साह के साथ भारत की प्रगति को आकार दे रही हैं। उनकी उपलब्धियां हमारे राष्ट्र को प्रेरित करती हैं और विकसित भारत के निर्माण के हमारे सामूहिक संकल्प को मजबूत करती हैं।

# वेनेजुएला में ट्रंप ने डेल्सी सरकार को दी मान्यता

**मियामी, एजेंसी**



- **अमेरिकी राष्ट्रपति ने 'शील्ड ऑफ द अमेरिका' का किया शुभारंभ**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नशीली दवाओं की तस्करी के विरुद्ध मध्य अमेरिकी देशों के साथ एक सैन्य गठबंधन 'शील्ड ऑफ द अमेरिका' का शुभारंभ किया, साथ ही वेनेजुएला की डेल्सी रोड्रिग्ज सरकार को औपचारिक मान्यता देने की भी घोषणा की।

निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी के बाद से ही अमेरिकी देखरेख में रोड्रिग्ज की सरकार देश का प्रशासन चला रही है। ट्रंप ने अंततः इस सरकार को औपचारिक मान्यता दे दी है। मियामी के ट्रंप नेशनल डोरल मियामी होटल में आयोजित बैठक में ट्रंप ने वेनेजुएला के सोने पर भी एक समझौते की भी घोषणा की, हालांकि उन्होंने शर्तों का उल्लेख नहीं किया। साथ ही उन्होंने पनामा नहर पर दोहराया कि वह नहर में प्रतिकूल विदेशी प्रभाव की अनुमति नहीं देंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने भाषण का एक बड़ा हिस्सा क्यूबा पर केंद्रित किया। उन्होंने कहा कि यह द्वीपीय देश अपने अंतिम क्षणों में है। ट्रंप ने कहा कि वह क्यूबा में जन्मे विदेश मंत्री मार्को रुबियो के माध्यम से सीधे क्यूबा से बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, वे बातचीत करना चाहते हैं और मुझे लगता है कि बहुत आसानी से समझौता हो जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने इस देश के मैत्रीपूर्ण अधिग्रहण की संभावना से भी इन्कार नहीं किया।

## बादशाह ने 'टटीरी' गीत को सभी मंचों से हटाया, माफी मांगी

**नई दिल्ली।** बादशाह के नए गीत 'टटीरी' में महिलाओं और नाबालिगों के बारे में आपत्तिजनक बोल होने के आरोप लगाए जाने के बाद गायक-गीतकार ने माफी मांगते हुए कहा कि इस गाने को सभी मंच से हटा लिया गया है।

अभी तो पार्टी शुरू हुई है और गेंदा फूल जैसे गानों के लिए प्रसिद्ध 40 वर्षीय बादशाह ने शनिवार को 'इंस्टाग्राम' पर एक वीडियो साझा किया। कहा, मेरा नया गीत रिलीज हुआ है और मैं देख रहा हूं कि इसके बोल और दृश्य प्रस्तुति ने खासकर हरियाणा के कई लोगों को दुख पहुंचाया है।

## सही समय आने पर बताऊंगा इस्तीफा देने का कारण: बोस

- **पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल ने कहा- अभी इसे गोपनीय रखूंगा**

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने रविवार को कहा कि उन्होंने सोच-समझकर पद से इस्तीफा देने का निर्णय लिया था और इसका कारण उचित समय आने तक गोपनीय रखेंगे।

कोलकाता हवाईअड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए बोस ने कहा कि वह अपना वोट डालने के लिए बंगाल आएंगे। केरल के मूल निवासी बोस पश्चिम बंगाल के राज्यपाल पद से इस्तीफा देने से ठीक एक सप्ताह पहले ही बंगाल के मतदाता बने थे। बोस ने कहा, मैंने सोच-समझकर इस्तीफा देने का निर्णय लिया है, जिसके कारण उचित समय आने तक गोपनीय रहेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राज्य में कथित प्रोटोकॉल उल्लंघन और आदिवासी उत्पीड़न पर व्यक्त की गई चिंता पर टिप्पणी करने के लिए पूछे गए सवाल पर, बोस ने प्रतिक्रिया देने से परहेज किया।

पूर्व राज्यपाल बोस ने कहा, राष्ट्रपति बहुत अनुभवी, संतुलित और अत्यंत गरिमामय व्यक्तित्व की धनी हैं। उन्होंने जो कहा, उसके पीछे उनके कुछ कारण जरूर रहे होंगे। लेकिन राष्ट्रपति के कथन पर टिप्पणी करने का मुझे कोई अधिकार नहीं है।

# भारत-चीन एक-दूसरे को साझेदार की तरह देखें : वांग

**बीजिंग, एजेंसी**



- **चीन के विदेश मंत्री ने कहा- आपसी विश्वास और सहयोग दोनों के लिए लाभकारी**

चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने रविवार को बीजिंग में कहा कि भारत और चीन को एक-दूसरे को प्रतिद्वंद्वियों के बजाय साझेदार और खतरे के बजाय अवसर के रूप में देखना चाहिए। वांग ने कहा कि दोनों देशों को बिना किसी हस्तक्षेप के संबंधों को बेहतर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा निर्धारित मार्ग का पालन करना चाहिए।

वांग ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी और शी की पिछले साल अगस्त में तियानजिन में सफल बैठक हुई थी। उन्होंने कहा, 2024 में कजान में हुई उनकी बैठक से मिली नई शुरुआत को आगे बढ़ाते हुए तियानजिन सम्मेलन ने चीन-भारत संबंधों में सुधार किया। सभी स्तरों पर नए सिरे से सक्रिय बातचीत, द्विपक्षीय व्यापार में नया रिकॉर्ड और लोगों के बीच निकट आदान-प्रदान देखकर हमें खुशी हो रही है। इनसे दोनों देशों की जनता को ठोस लाभ हुए हैं।

### ब्रिक्स में एक-दूसरे का समर्थन करें दोनों देश

वांग यी ने कहा कि भारत और चीन को 'ब्रिक्स' शिखर सम्मेलन की मेजबानी में एक-दूसरे का समर्थन करना चाहिए। भारत इस वर्ष शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने वाला है, जबकि चीन 2027 में इसकी मेजबानी करेगा। दुनिया की अग्रणी उभरती अर्थव्यवस्थाओं के समूह 'ब्रिक्स' में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका मूल सदस्य हैं, बाद में सऊदी अरब, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, इथियोपिया, इंडोनेशिया और ईरान को शामिल कर सदस्य देशों का विस्तार किया गया।

# जदयू में शामिल हुए नीतीश कुमार के बेटे निशांत

## पार्टी संगठन को मजबूत करने का एलान किया, बनाए जा सकते हैं उपमुख्यमंत्री

**पटना, एजेंसी**



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार रविवार को जनता दल (यूनाइटेड) में शामिल हो गए। उन्होंने कहा कि वह पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए काम करेंगे। इंजीनियरिंग में स्नातक निशांत को पार्टी मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह 'ललन' और पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा समेत प्रमुख नेताओं की उपस्थिति में पार्टी में शामिल किया गया।

पार्टी में शामिल होने के बाद निशांत ने कहा, मेरे पिता ने राज्यसभा सदस्य बनने का फैसला लिया, यह उनका व्यक्तिगत निर्णय था। हम सभी इसका सम्मान करते हैं। हम उनके मार्गदर्शन में काम करते रहेंगे। मैं संगठन को मजबूत करने के लिए काम करूंगा। निशांत ने दावा किया कि बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे उनके पिता नीतीश कुमार ने पिछले 20 वर्ष में राज्य के लिए बहुत कुछ किया। उन्होंने कहा, राज्य की जनता कभी उनके द्वारा राज्य के विकास में किए गए योगदान को नहीं भूलेगी। आप सभी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा।

### परिवारवाद पर नीतीश की बातें ढकोसला : राजद

राजद के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने रविवार को आरोप लगाया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार परिवारवादी राजनीति पर जो बड़ी-बड़ी बातें किया करते थे, वह सिर्फ ढकसोला थी। अहमद ने बयान जारी कर कहा कि नितीश कुमार को अपने पुत्र निशांत कुमार को स्थापित करने के लिए मौके की तलाश थी इस बार उन्होंने अपने पुत्र को स्थापित करने के लिए खुद को राज्यसभा सदस्य का उम्मीदवार बना लिया और भाजपा से कुछ शर्तों के साथ समझौता करके विरासत की राजनीति को आगे बढ़ा दिया।

### कर्नाटक: छात्र ने सहपाठियों पर किया हमला, एक की मौत

**बल्लारी।** बल्लारी के एक निजी आवासीय विद्यालय में नौवी कक्षा के एक छात्र ने हमला करके एक व्यक्ति की हत्या कर दी और दूसरे को नुकीली वस्तु व लोहे की छड़ से घायल कर दिया। पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार रात स्कूल के छात्रावास में घटी। मृतक लड़का आंध्र प्रदेश का निवासी था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना के पीछे के मकसद और उसमें इस्तेमाल किए गए हथियार का पता लगाने के लिए जांच जारी है। आरोपी छात्र घटनास्थल से फरार हो गया, उसे पकड़ने के लिए तलाशी अभियान जारी है।

## कोझिकोड में महंगे जूते एक रुपये में बेचने पर उमड़ी भीड़, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

**कोझिकोड।** केरल के कोझिकोड में महंगे जूते मात्र एक रुपये में बेचने के एक दुकान के प्रचार अभियान के दौरान रविवार सुबह भारी भीड़ जुट गयी और पुलिस को इसे नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा।

वायरल विज्ञापनों से आकर्षित होकर सैकड़ों ग्राहक तड़के ही इलाके में उमड़ पड़े, जिससे भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई और यातायात बाधित हो गया। दुकानदार ने पहले 100 ग्राहकों को मात्र एक रुपये में जूते देने का विज्ञापन दिया था, जिसके बाद रात दो बजे से ही भीड़ जमा होने लगी थी। भीड़ इतनी थी कि दुकान की क्षमता से अधिक ग्राहक आ गए जिनमें बच्चे भी शामिल थे और वायनाड जैसे जिलों से भी लोग आए थे।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज का दिन कुछ कमजोर रहने वाला है। शाम को मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। सेहत से संबंधित समस्या को हल्के में न लें।

**तुला** — आज दांपत्य संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। अचल संपति की खरीदारी कर सकते हैं। इष्ट मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृष** — आज नए कार्यों की शुरुआत करने के लिए दिन शुभ है। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी। आपकी आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — आज कारोबार में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। आपका मूड काफी अच्छा रहेगा। मनोनुकूल लाभ होने से आप प्रसन्न रहेंगे।

**मिथुन** — आज कार्यक्षेत्र में अधिकारियों की आज्ञा का पालन करना पड़ेगा। समाज में ख्याति में वृद्धि होगी। अनावश्यक बातों पर ध्यान न दें।

**धनु** — आज आपकी सोच के अनुसार काम नहीं होंगे। क्रोध पर नियंत्रण रखें। वैवाहिक जीवन में सामंजस्य कम हो सकता है।

**कर्क** — आज सामाजिक कार्यों में आपका मन लगेगा। आपकी अच्छी आदतों से लोग प्रसन्न होंगे। तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें।

**मकर** — आज कार्यक्षेत्र में काम का दबाव कम होगा। कला जगत से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी।

**सिंह** — आज संपत्ति के क्रय-विक्रय से आपको लाभ होगा। व्यापार में नया प्रयोग कर सकते हैं। परोपकार में धन खर्च करेंगे।


**कुंभ** — आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रबंधन संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी। परिवार के लोगों को आप काफी समय देंगे।

**कन्या** — आज कार्यक्षेत्र में आपको उच्चपद मिल सकता है। अविवाहित लोगों का विवाह तय होगा। पिकनिक का विचार बना सकते हैं।

**मीन** — आज घरेलू खर्चों में वृद्धि होगी। विवादित मामले उभरने की आशंका है। उच्च शिक्षा के लिए विदेश यात्रा कर सकते हैं।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 9 मार्च, सोमवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, षष्ठी 23 .27 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-विशाखा 16 .11 तक तत्पश्चात अनुराधा।

### सुडोकू - 82 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 3 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 |
| 5 | 4 | 1 | 8 | 6 | 3 | 9 | 7 | 2 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 3 | 4 |
| 9 | 3 | 6 | 1 | 5 | 2 | 4 | 8 | 7 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 7 | 2 | 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 5 | 6 |
| 6 | 5 | 2 | 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 9 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 1 | 5 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 8 | 4 | 7 | 9 | 6 | 3 | 2 | 5 |

### सुडोकू -83

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | 6 | 5 | | | | |
| 4 | | 7 | | | 2 | | 5 | 8 |
| | | | 3 | 4 | | 9 | | |
| | | | 5 | | 4 | | | 7 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| 5 | | | 8 | | 1 | | | |
| | 4 | 9 | | 8 | | | | |
| 1 | | | 2 | | | 6 | | 9 |
| | | | | 9 | 6 | | | 3 |

## दिल्ली-गोवा उड़ान में बीड़ी पी रहे यात्री पर केस दर्ज

**पणजी।** पुलिस ने रविवार को बताया कि दिल्ली-गोवा उड़ान के शौचालय में कथित तौर पर बीड़ी पीने के आरोप में एक विमान यात्री के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार को हुई जब दिल्ली निवासी आरोपी आशीष गोवा जाने वाली अकासा एयर की उड़ान क्यूपी-1625 में यात्रा कर रहा था। एयरलाइन ने अपनी शिकायत में कहा है कि उड़ान के दौरान यात्री ने विमान के शौचालय में बीड़ी पी और उसके पास एक लाइटर भी पाया गया।

**विवाद**

भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और वरिष्ठ नेताओं ने की निंदा, माफी मांगने की मांग की

# राष्ट्रपति मुर्मू के दौरे को लेकर चौतरफा घिरी तृणमूल कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल के दौरे के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रोटोकॉल के कथित उल्लंघन राजनीति शुरू होने के साथ तृणमूल कांग्रेस चौतरफा घिर गई है। देश के वरिष्ठ नेताओं के साथ कई संगठनों ने राष्ट्रपति के अपमान का आरोप लगाते हुए इसे पूरे देश के साथ महिलाओं का अपमान बताया है, साथ ही तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी से राष्ट्रपति से माफी मांगने की मांग की है।

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान किया है। संथाल समुदाय से ताल्लुक रखने वाले माझी ने कहा, राष्ट्रपति मुर्मू का अभिनंदन तो दूर की बात है, न तो मुख्यमंत्री और न ही कोई राज्य मंत्री उनका स्वागत करने गए। राष्ट्रपति का अपमान हर महिला और पूरे देश का अपमान है। माझी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री को असंवेदनशील करार दिया और कहा कि राष्ट्रपति के अपमान की सभी राजनीतिक दलों को एक स्वर में निंदा करनी चाहिए। यह लोकतंत्र की भावना के विरुद्ध है।

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की पीड़ा का कारण बनने वाले इस प्रकरण ने पूरे देश के लोगों को दुखी कर दिया है। इससे पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार के आचरण पर भी गंभीर सवाल उठे हैं। एक्स पर एक पोस्ट में खांडू ने कहा कि यह स्थिति विशेष रूप से दुखद है क्योंकि राष्ट्रपति स्वयं आदिवासी समुदाय से आती हैं और उन्हें संथाल संस्कृति का जश्न मनाने के उद्देश्य से आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक रूप से निराशा व्यक्त करनी पड़ी।

### राष्ट्रपति के बहाने ओछी राजनीति कर रही है भाजपा : अभिषेक



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा राजनीतिक उद्देश्यों के लिए राष्ट्रपति पद का इस्तेमाल कर रही है। उन्हें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार और केंद्र सरकार के प्रदर्शन पर बहस करने की चुनौती देते हुए भाजपा पर राष्ट्रपति पद को राजनीतिक मुद्दों में घसीटकर ओछी राजनीति करने का आरोप लगाया। कहा, अगर भाजपा वास्तव में राष्ट्रपति का सम्मान करती है तो उन्हें नए संसद भवन के उद्घाटन जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम और अयोध्या में राम मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा में आमंत्रित क्यों नहीं किया। अभिषेक ने एक पुराने कार्यक्रम की तस्वीर का भी हवाला दिया जिसमें मुर्मू खड़ी हैं जबकि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी बैठे हुए हैं।



आज हमें एक महान टीम ने बेहतरीन दर्शकों के सामने हरा दिया। यह अच्छी विकेट थी। हम पावरप्ले में कुछ विकेट लेते तो भारत को 220 तक रोक सकते थे। यह अच्छा लक्ष्य होता। लगातार फाइनल्स हारना अच्छा नहीं है। भारत को हराना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है।
–मिचेल सैंटनर, न्यूजीलैंड के कप्तान

स्टेडियम
बरेली, सोमवार, 9 मार्च 2026
अमृत विचार
www.amritvichar.com

# भारतीय बल्लेबाजी का शानदार 'बुफे', कई लाजवाब पारियां

## सैमसन, अभिषेक, ईशान और शिवम ने कीवी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए टी-20 विश्व कप फाइनल का रिकॉर्ड स्कोर बनाया



अहमदाबाद, एजेंसी

भारतीय बल्लेबाजों ने रविवार को ऐसी शानदार बल्लेबाजी का 'बुफे' पेश किया कि उसमें से सर्वश्रेष्ठ चुनना मुश्किल हो गया। संजू सैमसन ने निडर अंदाज में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए 89 रन बनाए। अभिषेक शर्मा ने फॉर्म हासिल करते हुए 21 गेंदों में 52 रन जड़े जबकि भरोसेमंद ईशान किशन ने 54 रन बनाए। न्यूजीलैंड द्वारा पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने के बाद भारत के शीर्ष तीन बल्लेबाजों ने फाइनल के अनुरूप आक्रामक बल्लेबाजी की। तीनों ने लगभग बिना किसी जोखिम वाली पारी खेली और उनके बल्ले से निकला लगभग हर शॉट बेहतरीन साबित हुआ।

पावरप्ले में ही मैच में भारतीय बल्लेबाजों का दबदबा दिखने लगा, जब सलामी बल्लेबाज सैमसन और शर्मा ने छह ओवर में बिना विकेट खोए 92 रन जोड़ दिए। यह टी20 में पहले विकेट के लिए रिकॉर्ड साझेदारी रही। मैच के 10 ओवर तक भारत का स्कोर एक विकेट 127 रन था। 15 ओवर पूरे होने तक भारत एक विकेट पर 203 रन तक पहुंच चुका था और विशाल स्कोर की संभावना साफ दिख रही थी। भारत ने 20 ओवर में 255 रन बना लिए जो टी20 विश्व कप फाइनल का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। इस दौरान शिवम दुबे ने भी आठ गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 26 रन की तेज पारी खेली। सैमसन एक बार फिर 89 रन पर आउट हो गए, ठीक वैसे ही जैसे वह सेमीफाइनल में हुए थे। वह 16वें ओवर की पहली गेंद पर पवेलियन लौटे। इसी ओवर में किशन भी आउट हो गए और कप्तान सूर्यकुमार यादव भी पहली ही गेंद पर बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। सैमसन ने 46 गेंद में 89 रन की पारी खेली जिसमें आठ छक्के और पांच चौके शामिल थे। उनका स्ट्राइक रेट लगभग 194 रहा। इससे पहले शर्मा ने अपनी 21 गेंदों की पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाए। शर्मा के आउट होने से पहले उन्होंने सैमसन के साथ 43 गेंदों में 98 रन की साझेदारी की। इसके बाद किशन क्रीज पर आए और उन्होंने सैमसन के साथ 48 गेंदों में 105 रन की साझेदारी की। सैमसन की बल्लेबाजी की आक्रामकता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वह हर 3.5 गेंद में एक बाउंड्री लगा रहे थे। उन्होंने जिन गेंदों का सामना किया, उनमें से लगभग तीन-चौथाई गेंदें चौके या छक्के में बदलीं। उन्होंने थर्ड मैन, लांग लेग, स्क्वायर लेग, कवर और सीधे पिच के ऊपर से छक्के लगाए।



जीत का जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। एजेंसी

### टी-20 विश्व कप विजेता की सूची

| वर्ष | विजेता | उप-विजेता | मेजबान |
|---|---|---|---|
| 2026 | भारत | न्यूजीलैंड | भारत |
| 2024 | भारत | दक्षिण अफ्रीका | वेस्टइंडीज/यूएसए |
| 2022 | इंग्लैंड | पाकिस्तान | ऑस्ट्रेलिया |
| 2021 | ऑस्ट्रेलिया | न्यूज़ीलैंड | यूएई/ओमान |
| 2016 | वेस्टइंडीज | इंग्लैंड | भारत |
| 2014 | श्रीलंका | भारत | बांग्लादेश |
| 2012 | वेस्टइंडीज | श्रीलंका | श्रीलंका |
| 2010 | इंग्लैंड | ऑस्ट्रेलिया | वेस्टइंडीज |
| 2009 | पाकिस्तान | श्रीलंका | इंग्लैंड |
| 2007 | भारत | पाकिस्तान | दक्षिण अफ्रीका |

- भारत की पूरे टूर्नामेंट में पहली ओपनिंग अर्धशतकीय साझेदारी हुई।
- अभिषेक शर्मा ने 18 गेंदों में अर्धशतक लगाया।
- पावर प्ले में भारतीय टीम ने टीम ने पावरप्ले में वर्ल्ड कप का सबसे बड़ा स्कोर 92/1 बनाया।
- 10 ओवर में भारत ने एक विकेट पर बन गए थे 127 रन।
- संजू सैमसन ने टूर्नामेंट में सर्वाधिक 28 छक्के जड़े।
- ईशान किशन ने 23 गेंदों में अर्धशतक जड़ दिया।
- 15 ओवर में 200 रनों का आंकड़ा पार कर लिया था।
- भारतीय टीम ने 19 चौके और 18 छक्के लगाए।
- सैमसन टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के मार्लोन सैमुअल के 85 रन का रिकॉर्ड तोड़ा।

### भारत

**255/5** (20 ओवर)

- संजू सैमसन का मैकोंची बो नीशाम 89
- अभिषेक शर्मा का सीफर्ट बो रविंद्र 52
- ईशान किशन का चैपमैन बो नीशाम 54
- हार्दिक पंड्या का सेंटनेर बो हेनरी 18
- सूर्यकुमार का रविंद्र बो नीशाम 00
- तिलक वर्मा नाबाद 08
- शिवम दुबे नाबाद 26

**गेंदबाजी** : हेनरी 4-0-49-1, फिलिप्स 1-0-5-0, डफी 3-0-42-0, फर्ग्यूसन 2-0-48-0, सेंटनेर 4-0-33-0, रविंद्र 2-0-32-1, नीशाम 4-0-46-3

### न्यूजीलैंड

**159/10** (19 ओवर)

- टिम सीफर्ट का ईशान बो वरुण 52
- फिन एलेन का तिलक बो पटेल 09
- रचिन रविंद्र का ईशान बो बुमराह 01
- ग्लेन फिलिप्स बो पटेल 05
- मार्क चैपमैन बो पंड्या 03
- डेरिल मिचेल का ईशान बो पटेल 17
- मिचेल सेंटनेर बो बुमराह 43
- जेम्स नीशाम बो बुमराह 08
- मैट हेनरी बो बुमराह 00
- लॉकी फर्ग्यूसन नाबाद 06
- जैकब डफी का तिलक बो अभिषेक 03

**गेंदबाजी** : अर्शदीप 4-0-32-0, पंड्या 4-0-36-1, पटेल 3-0-27-3, बुमराह 4-0-15-4, वरुण 3 -0-39-1, अभिषेक 1-0-5-1

## हाईलाइट

### लक्ष्य सेन आल इंग्लैंड ओपन में उपविजेता रहे



**बर्मिंघम।** लक्ष्य सेन ने पूरा जुझारूपन दिखाया लेकिन आल इंग्लैंड बैडमिंटन खिताब के लिये भारत का 25 साल का इंतजार खत्म नहीं कर सके और पुरूष एकल फाइनल में रविवार को चीनी ताइपै के लिन चुन यी से हार गए। चार साल पहले उपविजेता रहे लक्ष्य दूसरी बार आल इंग्लैंड फाइनल खेल रहे थे। अलमोड़ा के 24 वर्ष के इस खिलाड़ी को 57 मिनट तक चले मुकाबले में 15.21, 20.22 से पराजय झेलनी पड़ी। लक्ष्य ने बाद में कहा यह अच्छा मैच था। पहले गेम में वह बेहतर खेल रहा था पर मैं दूसरे में बेहतर वापसी कर सकता था। इस पूरे सप्ताह हालांकि अपने प्रदर्शन से मैं खुश हूं। मैच के बारे में सोचकर भावुक हो रहा हूं, पर बहुत कुछ सकारात्मक रहा। लिन आल इंग्लैंड पुरुष एकल खिताब जीतने वाले चीनी ताइपै के पहले खिलाड़ी बन गए।

### ऑस्ट्रेलिया ने एकमात्र टेस्ट में भारत को रौंदा


**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया ने महिलाओं के एकमात्र दिन-रात्रि क्रिकेट टेस्ट में अपना दबदबा बरकरार रखते हुए रविवार को यहां तीसरे दिन भारत के खिलाफ 10 विकेट की आसान जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दूसरी पारी में 149 रन पर समेटने के बाद 25 रन के मामूली लक्ष्य को बिना किसी परेशानी के हासिल कर लिया। यह कप्तान एलिसा हीली के लिए शानदार विदाई रही जिन्होंने अपने करियर का अंत एक ऐसे विरोधी पर शानदार जीत के साथ किया जिसके खिलाफ उन्होंने हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया। भारतीय टीम अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 105 रन से आगे खेलते हुए 48.2 ओवर में 149 रन पर सिमट गई जिसमें प्रतिका रावल ने 137 गेंद में 63 रन की पारी खेली। एशले गार्डनर (दो विकेट) ने कल की दोनों नाबाद बल्लेबाजों स्नेहा राणा (30) और प्रतिका को आउट किया।

# कप्तान सूर्यकुमार ने आलोचकों को गलत साबित किया

अहमदाबाद, एजेंसी

तिलक वर्मा ने जैसे ही जैकब डफी का कैच लपककर टी20 विश्व कप में भारत की खिताबी जीत पर मुहर लगाई, कप्तान सूर्यकुमार यादव के चेहरे पर एक शरारती मुस्कान दौड़ गई। कई मिथक तोड़कर मिली खिताबी जीत की मुस्कान।

यह मुस्कान उस कप्तान की थी जिसने बतौर बल्लेबाज खराब प्रदर्शन के लिये आलोचना झेलने के बावजूद खिताबी जीत दिलाकर आलोचकों का मुंह बंद किया। वैसे जीत हो या हार, सूर्यकुमार भावनाओं पर काबू रखना बखूबी जानते हैं। विश्व कप से पहले द्विपक्षीय सीरीज में न्यूजीलैंड से मिली हार और पिछले दो साल में बड़ी पारी नहीं खेलने के कारण आलोचना से सूर्यकुमार पर भारी दबाव था। उनसे पहले अपनी सरजमीं पर सिर्फ महेंद्र सिंह धोनी ने भारत को 2011 में वनडे विश्व कप दिलाया था। कपिल देव (1987) और रोहित शर्मा (2023) भारत में विश्व कप नहीं जीत सके थे। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने 2024 में वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप जीता था। सूर्यकुमार की मुंबई के ही रोहित से तुलना लाजमी थी। लेकिन सूर्यकुमार का एक ही मंत्र था कि दबाव नहीं लेने का। टूर्नामेंट के दौरान उनकी प्रेस कांफ्रेंस में यह साफ था। चाहे अभिषेक शर्मा को लेकर सवाल हो या कुलदीप यादव के बारे में, उन्होंने चुटीले जवाब मुस्कुराते हुए दिए।



सूर्यकुमार ने टीम में भी कभी सूर्या दादा यानी बड़ा भाई बनने की कोशिश नहीं की बल्कि सभी को अपना रास्ता खुद बनाने की आजादी दी। उन्होंने फाइनल से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा था मैं कप्तान बनने के पांच छह महीने के भीतर टीम को समझने लगा और जुड़ने लगा। फिर मुझे लगा कि बड़ा भाई या पिता बनने की जरूरत नहीं है। उन्हें खुद अपना रास्ता तय करने की आजादी देनी चाहिए। यह रोहित की शैली से बिल्कुल अलग था जो गलत होने पर डांटने से नहीं हिचकिचाते थे। लेकिन सूर्यकुमार ने कहा मैने रोहित के साथ काफी क्रिकेट खेली है। मैने उन्हीं चीजों को अपने तरीके से अपनाया। अपनी बल्लेबाजी, कप्तानी और भाव भंगिमा, सभी में सूर्यकुमार अलग हैं।

### जब खुद पर शक होने लगा था तब कप्तान और कोच को मुझ पर भरोसा था : अभिषेक

अहमदाबाद, एजेंसी : विस्फोटक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने रविवार को भारतीय टीम प्रबंधन का धन्यवाद किया जिन्होंने टी20 विश्व कप के दौरान उनके खराब प्रदर्शन के बावजूद उन पर पूरा भरोसा बनाए रखा जबकि एक समय उन्हें खुद अपनी क्षमता पर संदेह होने लगा था। फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ अभिषेक ने शानदार बल्लेबाज़ी करते हुए 21 गेंद में 52 रन बनाए और संजू सैमसन के साथ मिलकर भारत को तेज शुरुआत दिलाई जिससे टीम ने पांच विकेट पर 255 रन का बड़ा स्कोर बनाया और 96 रन से जीत दर्ज करते हुए आईसीसी टी20 विश्व कप खिताब बरकरार रखने वाली पहली टीम बन गई। मैच के बाद अभिषेक ने कहा, एक बात बिल्कुल साफ थी, जिसे मैं पहले भी साझा करना चाहता था, लेकिन आज सबसे सही दिन है।



नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खिताबी मुकाबला देखने के लिए दर्शकों का अपार जनसमूह एकत्र हुआ। एजेंसी

### मैने सचिन सर से लंबी बातचीत की थी : संजू सैमसन

**अहमदाबाद।** संजू सैमसन ने टी20 विश्व कप में अपने शानदार प्रदर्शन का श्रेय सचिन तेंदुलकर से लंबी बातचीत को देते हुए कहा कि पिछले दो महीने से वह लगातार इस महान बल्लेबाज के संपर्क में थे।

सैमसन को पिछले तीन मैचों में शानदार प्रदर्शन के लिये 'प्लेयर आफ द टूर्नामेंट' चुना गया। सैमसन ने कहा पिछले दो महीने से मैं सचिन सर से लगातार संपर्क में था। मैने उनसे लंबी बात की। उनसे मार्गदर्शन मिलने से बेहतर क्या हो सकता है। उन्होंने कहा जिसने भी मेरा समर्थन किया, मैं उनका शुक्रगुजार हूं। विश्व कप से पहले खराब फॉर्म से जूझ रहे सैमसन ने कहा यह सपने जैसा है। मैं बहुत खुश हूं। मेरे पास शब्द या भाव नहीं है। उन्होंने कहा ईमानदारी से कहूं तो इसकी शुरूआत एक दो साल पहले हुई। जब मैं 2024 विश्व कप टीम में था लेकिन खेला नहीं।

# पॉप स्टार रिकी मार्टिन ने मचाई धूम

अहमदाबाद, एजेंसी

दुनिया भर में मशहूर पॉप आइकन और दो बार के ग्रैमी विजेता रिकी मार्टिन ने रविवार को यहां आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप फाइनल से पहले आयोजित समापन समारोह में अपने हिट गाने 'लिविन ला विदा लोका' और 'द कप ऑफ लाइफ' से मंच पर धूम मचा दी।

मार्टिन के साथ भारतीय गायक सुखबीर और फाल्गुनी पाठक ने भी दर्शकों का मनोरंजन किया। अहमदाबाद में भारत और न्यूजीलैंड के बीच फाइनल मुकाबले से पहले तीनों गायकों ने मिलकर संगीत का शानदार माहौल बनाया। 'प्रिंस ऑफ भांगड़ा' के नाम से मशहूर सुखबीर ने अपने डांस ट्रूप के साथ अपने लोकप्रिय पंजाबी गीत 'ओ हो हो हो - ओ हो हो हो' सहित कई हिट गाने प्रस्तुत किए। वहीं 'डांडिया क्वीन' के नाम से मशहूर फाल्गुनी पाठक ने लगभग 50 डांसरों के साथ गुजराती लोकगीतों और बॉलीवुड गीतों से कार्यक्रम की शुरुआत की। लैटिनो गायक-गीतकार मार्टिन ने अपनी प्रस्तुति का समापन अपने सबसे बड़े हिट गाने 'मारिया' और 'ला कोपा डि ला विदा' के साथ किया।



संगारंग कार्यक्रम के दौरान सिंगर रिकी मार्टिन। एजेंसी




## नाराजगी

### डिकॉक और मिलर ने आईसीसी की आलोचना की, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका से पहले इंग्लैंड को स्वदेश भेजने पर उठाए सवाल

# अजीब है कि कुछ टीम का असर अन्य से अधिक

नई दिल्ली, एजेंसी

क्विंटन डिकॉक और डेविड मिलर ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आलोचना की है कि उसने कथित तौर पर दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बजाय इंग्लैंड के यात्रा कार्यक्रम को प्राथमिकता दी जबकि दोनों टीम अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष के कारण हुई दिक्कतों के बीच अब तक स्वदेश लौटने का इंतजार कर रही हैं।





बृहस्पतिवार को दूसरे सेमीफाइनल में भारत से शिकस्त झेलने वाला इंग्लैंड शनिवार शाम को मुंबई से लंदन के लिए सीधी चार्टर्ड उड़ान से रवाना हुआ। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टीम हालांकि अब भी भारत में ही हैं। पिछले रविवार को ईडन गार्डन्स में भारत से पांच विकेट से हारने के बाद वेस्टइंडीज टी-20 विश्व कप से बाहर हो गया जबकि बुधवार को कोलकाता में पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से हारने के साथ दक्षिण अफ्रीका का अभियान भी खत्म हो गया। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज दोनों के कोलकाता से एक और चार्टर्ड उड़ान से एक साथ यात्रा करने की उम्मीद है। उड़ान के समय की अभी पुष्टि नहीं हुई है लेकिन इसके रविवार को रवाना होने की संभावना है।

डिकॉक ने इंस्टाग्राम पर लिखा मजेदार है कि आईसीसी ने हमें कुछ नहीं बताया। इस बीच इंग्लैंड किसी तरह से हमारे से पहले कैसे जा रहा है? वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका तो बस अंधेरे में हैं। अजीब है कि अलग-अलग टीम का दूसरों से अधिक असर होता है। टीम के डिकॉक के साथी मिलर ने भी निराशा जताई। मिलर ने ईएसपीएनक्रिकइंफो की एक पोस्ट के कमेंट सेक्शन में लिखा मजेदार बात यह है कि वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के बाद इंग्लैंड बाहर हुआ और आज रात चार्टर्ड उड़ान से स्वदेश वापस लौट गया जबकि वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका अब भी कोलकाता में जवाब का इंतजार कर रहे हैं।

दो बार विश्व कप जीतने वाली वेस्टइंडीज टीम के पूर्व कप्तान और मौजूदा मुख्य कोच डेरेन सैमी ने भी इस मामले पर अपनी राय दी। सैमी ने लिखा डेविड मिलर पीछे बैठे लोगों को सुनाने के लिए थोड़ा जोर से बोलो।

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भी वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका से पहले इंग्लैंड को स्वदेश भेजने के आईसीसी के फैसले पर सवाल उठाया। वॉन ने एक्स पर लिखातो इंग्लैंड बृहस्पतिवार को बाहर हो गया। आज चार्टर्ड उड़ान से स्वदेश रवाना। वेस्टइंडीज पिछले रविवार को बाहर हो गया और अब भी कोलकाता में है.. दक्षिण अफ्रीका की भी यही स्थिति है। यहीं पर ताकत पूरी तरह से गलत है।

### आईसीसी ने दोहा बैठक स्थगित की

**नई दिल्ली।** अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच चल रहे टकराव के कारण अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की 25 से 27 मार्च तक कतर के दोहा में होने वाली तीन दिवसीय बैठक स्थगित कर दी गई है। आईसीसी के एक सूत्र के अनुसार बैठक अगले महीने उसी महाद्वीप में आयोजित की जाएगी। सूत्र ने कहा कि अहमदाबाद में भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी20 विश्व कप फाइनल से एक दिन पहले शनिवार को आईसीसी सदस्यों को एक औपचारिक पत्र भेजा गया। इस बैठक में आईसीसी के निदेशक मंडल के सदस्यों, मुख्य कार्यकारियों, समिति के सदस्यों और वरिष्ठ पदाधिकारियों के शामिल होने की उम्मीद थी जिसमें संगठन के संचालन कैलेंडर पर बातचीत होनी थी।